WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक
नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 4 | अभिव्यक्ति 5 | राजधानी 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, बुधवार, 12 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 204 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कहते हैं न कि मन के हारे हार है मन के जीते जीत। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बंपर मतदान के बाद ही महागठबंधन ने मानों हार मान ली हो। तेजस्वी यादव की बौखलाहट तो यही दर्शाती है कि उनकी भैंस पानी में गई और लालटेन इस बार बुझने जा रही है। दूसरे चरण में भी मतदाताओं ने जो अभूतपूर्व उत्साह दिखाया है उससे महागठबंधन के होश फाख्ता हो गए हैं। जिस महागठबंधन की गांठे पहले ही खुल गई हों और एक दूसरे को निपटाने का खेला हुआ हो तो उसका खेल खराब होना कोई ताज्जुब की बात नहीं।

मंत्रिपरिषद की बैठक 14 को

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक 14 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से मंत्रालय महानदी स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष क्रमांक-एम-5/20 में आयोजित की गई है।

उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर का प्रकोप

जशपुर/नवप्रदेश। नवंबर महीने में जाकर प्रदेश में ठंड का असर देखने को मिल रहा है। पहली बार इस मौसम में जशपुर जिले के खेतों में बर्फ की सफेद चादर देखने को मिली, आज सुबह पुआल में बर्फ की चादर बिछी नजर आ रही है। जशपुर जिले में बीती रात तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पारा लुढ़क गया था। पंडरापाठ क्षेत्र के लोगों को बर्फ जैसी सर्दी का अहसास हुआ। केवल जशपुर जिले में ही नहीं बल्कि उत्तर छत्तीसगढ़ में ठंड का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। उत्तर छत्तीसगढ़ के ही अंबिकापुर में प्रदेश का सबसे कम 8.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बात करें मध्य छत्तीसगढ़ की तो राजधानी रायपुर की तो 14.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। समीप स्थित माना में 13.2 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 13.4, पेंड्रारोड में 10.2, जगदलपुर में 15.7 और दुर्ग में 10.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने विस्फोट पर दुख व्यक्त किया

नयी दिल्ली (वार्ता) मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने राजधानी में लाल किले के पास कार बम विस्फोट में हुई दुखद मौतों पर मंगलवार को गहरा दुख व्यक्त किया। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों और अधिवक्ता समुदाय की ओर से जारी एक संदेश में मुख्य न्यायाधीश गवई ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश ने अपने संदेश में कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी शोक संतप्त लोगों के प्रति हैं जो घायल हुए हैं या अन्यथा प्रभावित हुए हैं। कोई भी शब्द इस तरह के नुकसान के दर्द को कम नहीं कर सकता, फिर भी हमें उम्मीद है कि राष्ट्र की सामूहिक करुणा और एकजुटता दुख की घड़ी में उन्हें कुछ सांत्वना प्रदान करेगी।

पीएम मोदी ने चौथे नरेश वांगचुक की 70वीं जयंती पर बधाई दी

थिम्पू (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय भूटान यात्रा पर हैं। इस दौरान वे भूटान की राजधानी थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में उस ऐतिहासिक समारोह में शामिल हुए, जिसमें भूटान के चौथे नरेश महामहिम जिग्मे सिंग्ये वांगचुक का 70वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में भूटान के मौजूदा नरेश ने सोमवार को दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार बम फमें मारे गए लोगों की स्मृति में मौन रखकर सामूहिक प्रार्थना की।

गरमा-गरम

टाटामारी का सूर्योदय और पुसपाल घाटी का सूर्यास्त, देवगुड़ी दरबार की आस्था, टूरिज्म सर्किट ले रहा आकार

कोंडागांव /नवप्रदेश । कोण्डागांव-बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर अब देश-दुनिया के पर्यटकों तक पहुँचने को तैयार है। कोण्डागाँव वनमंडलाधिकारी चूड़ामणी सिंह की पहल पर जिले के मर्दापाल और परोदा क्षेत्रों में ईको-टूरिज्म सर्किट का विकास प्रस्तावित है।

कोण्डागांव-बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर अब देश-दुनिया के पर्यटकों तक पहुँचने को तैयार है। कोण्डागाँव वनमंडलाधिकारी चूड़ामणी सिंह की पहल पर जिले के मर्दापाल और परोदा क्षेत्रों में ईको-टूरिज्म सर्किट का विकास प्रस्तावित है। इस सर्किट का उद्देश्य है नक्सलवाद से मुक्त हुए बस्तर के अनछुए और खूबसूरत इलाकों को पर्यटन के नए मानचित्र पर लाना, जिससे स्थानीय आदिवासी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

152 लाख की लागत से विकास कार्य

वनमंडल के प्रस्ताव के अनुसार, मर्दापाल ईको जोन में लगभग 610 लाख और परोदा वैली व्यू प्वाइंट पर 152 लाख की लागत से विकास कार्य होंगे। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और नक्सलमुक्त बस्तर के शांत, सुंदर और सांस्कृतिक रूप को देश के सामने लाने का अवसर मिलेगा। ईको-टूरिज्म सर्किट के पूर्ण होने पर पर्यटक टाटामारी में सूर्योदय और पुसपाल घाटी में सूर्यास्त का आनंद लेते हुए चित्रकूट जलप्रपात और कांगेर घाटी नेशनल पार्क तक की यात्रा कर सकेंगे यह सर्किट न सिर्फ पर्यटन बल्कि विकास और विश्वास की नई राह बनेगा।

इन्वेस्टर कनेक्ट : अहमदाबाद में छत्तीसगढ़ को मिल बड़ा निवेश प्रस्ताव

गुजरात और छत्तीसगढ़ मिलकर विकसित भारत के निर्माण में निभाएंगे अहम भूमिका : सीएम साय

■ 33,000 करोड़ के निवेश, 10,532 से अधिक रोजगार का खुला रास्ता

रायपुर /नवप्रदेश । अहमदाबाद में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को लगभग 33 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने थर्मल पावर प्लांट, ग्रीन स्टील मैन्युफैक्चरिंग, सोलर सेल, फार्मास्युटिकल उत्पाद और मेडिकल फूड सप्लीमेंट जैसे क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों को निवेश प्रस्ताव पत्र (इन्वेस्टमेंट लेटर्स) सौंपे। छत्तीसगढ़ को प्राप्त निवेश प्रस्ताव से राज्य में 10,532 से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अहमदाबाद में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में देश के शीर्ष उद्योगपतियों और बिजनेस लीडर्स से राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, निवेश और नवाचार की धरती गुजरात में आकर वे बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात के कण-कण में उद्यम बसा है, और दुनिया का कोई ऐसा कोना नहीं जहां गुजराती ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन कंपनियों ने की निवेश की घोषणा

1. लीजियम लाइफ साइंसेस प्राइवेट लिमिटेड- यह कंपनी फार्मास्यूटिकल उत्पाद और मेडिकल फूड सप्लीमेंट्स बनाती है। कंपनी ने ?101 करोड़ का निवेश प्रस्ताव रखा है, जिससे 750 रोजगार सृजित होंगे।
2. टोरेंट पावर लिमिटेड, अहमदाबाद- कंपनी ने ?22,900 करोड़ की लागत से 1600 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया है, जिससे छत्तीसगढ़ की ऊर्जा क्षमता को नई दिशा मिलेगी। इससे 5000 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।
3. टोरेंट फार्मास्युटिकल लिमिटेड- फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए 200 करोड़ रुपये निवेश की योजना बताई है। इससे 200 लोगों को रोजगार मिलेगा।
4. ओनिक्स श्री एनर्सोल प्राइवेट लिमिटेड- यह कंपनी ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया और ग्रीन स्टील मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। इसमें ?9,000 करोड़ का निवेश और 4,082 रोजगार प्रस्तावित हैं।
5. माला क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, सूरत- यह कंपनी सोलर सेल निर्माण यूनिट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर

साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ कोयला उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है और हाल ही में आयोजित एनर्जी समिट में 3.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। राज्य में थर्मल, हाइडल, सोलर और वन आधारित उद्योगों की बड़ी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर को आईटी और एआई डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है, जिससे हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस सेक्टर में भी निवेश की संभावनाएं खुली हैं। कार्यक्रम में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेश कुमार एवं अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

लाल किले के पास साजिश रचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

थिंपू (भूटान) (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार देर शाम हुए विस्फोट की साजिश रचने वाले और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर आये मोदी ने ग्लोबल पीस फेस्टिवल में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है।

उन्होंने कहा कि इस भयानक विस्फोट की साजिश रचने और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज मैं बहुत भारी मन से यहां आया हूं। कल शाम दिल्ली में जो भयानक घटना हुई, उससे सभी बहुत दुखी हैं। मैं पीड़ित परिवारों का दुख समझता हूँ। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

ब्लास्ट मामले की जांच के लिए बनाई गई जांच टीम

देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लाल किला के पास हुए बम धमाके की जांच के लिए 500 से ज्यादा अधिकारियों और जवानों की टीम गठित की गई है। इस टीम में मुख्य रूप से दिल्ली पुलिस, आईबी, एनएसजी, एनआईए सहित अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी शामिल हैं। यह जांच टीम इस हमले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। जांच के तहत यह सुनिश्चित किया जा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एनआईए करेगी मामले की जांच

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने लाल किला विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) को सौंप दी है अब तक दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा इसकी जांच कर रही थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर मंगलवार को हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। सोमवार शाम लाल किले के निकट एक कार में हुए शक्तिशाली विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 घायल हुए हैं।

फरीदाबाद में लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई

50 किलो से अधिक विस्फोटक बरामद, दो गिरफ्तार

चंडीगढ़/फरीदाबाद (आईएएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद में एक बार फिर विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दो संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है। फरीदाबाद में कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-56 से दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इन संदिग्धों के पास से 50 से 60 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। फिलहाल, यह कार्रवाई जारी है। जांच एजेंसियों ने सोमवार को आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए फरीदाबाद से लगभग 2900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की। एजेंसियों ने हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए। इस मॉड्यूल से जुड़े सात संदिग्ध आतंकियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें दो डॉक्टर भी हैं। बाद में संदिग्ध आतंकवादियों का जम्मू-कश्मीर कनेक्शन सामने आया। ये सभी जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों के रहने वाले हैं। आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद श्रीनगर के नौगाम के रहने वाले हैं। अन्य संदिग्धों की पहचान गंदेरबल के वाकुरा निवासी जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, पुलवामा के कोइल निवासी डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई उर्फ मुसैब और कुलगाम के वानपोरा के निवासी डॉ. अदील के रूप में हुई।

बिहार चुनाव: पांच बजे तक 67.14% से अधिक वोटिंग

पटना (आईएएनएस)। बिहार में मंगलवार की सुबह सात बजे से विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों के 122 सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान का कार्य जारी है। इस चरण के मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिख रहा है। इस बीच, अपांच बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे अधिक किशनगंज में 66.10 फीसदी वोट पड़े हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक पश्चिमी चंपारण में 61.99 प्रतिशत, पूर्वी चंपारण में 61.92, शिवहर में 61.85 प्रतिशत, सीतामढ़ी में 58.32 मधुबनी में 55.53 सुपौल में 62.06 , अररिया में 59.80 प्रतिशत, किशनगंज में 66.10 प्रतिशत, पूर्णिया में 64.22 प्रतिशत, कटिहार में 63.80 और भागलपुर में 58.37 फीसदी वोट डाले गए हैं।

इसके अलावा बांका में 63.03 फीसदी, कैमूर में 62.26 प्रतिशत, रोहतास में 55.92 अरवल में 58.26, जहानाबाद में 58.72, औरंगाबाद में 60.59, गया में 62.74, नवादा में 53.17 और जमुई में 63.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। दूसरे चरण में 122 विधानसभा सीटों के 3.7 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1302 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।

मतदान शुरू होने के पहले से ही कई मतदान केंद्रों पर के मतदाता पहुंच गये थे। कई मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है।। इस चरण में महिला मतदाता बढ़ चढ़कर मतदान कर रही हैं। मतदान को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये हैं। हरेक बूथ पर सशस्त्र सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इस चरण में करीब चार लाख सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आत्मसमर्पण ... माड़वी हिड़मा और बारसे देवा की माताओं का एक भावुक वीडियो सामने आया

टॉप नक्सली की माताओं ने की मुख्यधारा में लौटने की भावुक अपील

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कुख्यात नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा और बारसे देवा की माताओं का एक भावुक वीडियो सामने आया है। वह दोनों अपने बेटों से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने की भावुक अपील कर रही हैं। वीडियो में वह कह रहीं हैं कि बेटा अब लौट आओ, मां घर बुला रही है।

हिड़मा की मां ने की अपील

नक्सली कमांडर हिड़मा की मां पुंजी ने अपील करते हुए कहा कि उस (हिड़मा) को लौट आने कह रही हूं, लेकिन वह नहीं आ रहा है. भावुक होते कहती है, अब मैं कैसे करूं, अगर कहीं आसपास रहता तो इस जंगल में ढूंढने भी जाती. और क्या कहूं बेटा, वापस आजा. यहां मेहनत करोगे, कमाई करोगे और चैन से रहोगे।

बारसे देवा की मां ने की अपील

नक्सली कमांडर बारसे देवा की मां बारसे सिंगे ने कहा कि घर पर ही रहकर कमाई करके जी लेंगे, मैंने उसे कहा था मत जाओ, लेकिन वह फिर भी चला गया. घर में नांगर-कूली करने वाला अब कोई नहीं है. क्या करें हम लोग? अगर वह घर लौट आए, सरेंडर कर ले और यहीं रहकर मेहनत करे, तो यही बेहतर रहेगा। मैं कई बार कह चुकी हूं, घर आ जाओ बेटा. अगर पास में कहीं होता, तो खुद ढूंढने भी जाती, लेकिन अब मैं कहां खोजूं?

शासन और प्रशासन की टीम सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत चिमलीपेंटा के आश्रित ग्राम पुवर्ती पहुंची थी. इसी गांव में दो सबसे बड़े नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा और बारसे देवा के परिजन रहते हैं. गृहमंत्री विजय शर्मा ने हिड़मा की माता माड़वी पुंजी और बारसे देवा की माता बारसे सिंगे से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने साथ बैठकर भोजन भी किया. गृहमंत्री शर्मा ने इस दौरान सरकार की ओर से दोनों नक्सलियों को पुनर्वास ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेशनल पार्क इलाके में मुठभेड़, जवानों ने बड़े नक्सली लीडरों को घेरा

बीजापुर/नवप्रदेश । बीजापुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र नेशनल पार्क एरिया में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। घने जंगल में सुबह से मुठभेड़ जारी है, जिसमें कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. जवानों ने बड़े नक्सली नेताओं को घेरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, सरकार की एंटी नक्सल नीति पर नेशनल पार्क एरिया में बड़ी मीटिंग होने की पुलिस को सूचना मिली थी. जिसके बाद सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा जवानों की संयुक्त टीम को सोमवार देर रात रवाना किया गया. मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों ने बड़े नक्सली लीडरों को घने जंगल में घेरा हुआ है. मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. फिलाहाल रुक-रुककर दोनों तरफ से फयरिंग हो रही है. एसपी ने मुठभेड़ को लेकर जानकारी दी कि ऑपरेशन जारी है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके की मुठभेड़ को लेकर कहा कि नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन शेड्यूल है, जो समय से लॉन्च भी हो रहे हैं। पुनर्वास करने वालों को आने का सुरक्षित रास्ता दिया जाएगा। नक्सलियों की सर्चिंग प्रक्रिया चल रही है। अगर हमला होता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

दूसरा चरण : सीमांचल से मगध तक 10 हॉट सीटों पर सियासी संग्राम....

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण की वोटिंग से पहले सियासी पारा चरम पर है। 20 जिलों की 122 सीटों पर 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन राजनीतिक दलों की सबसे ज्यादा नजर 10 सीटों पर टिकी है। ये वे सीटें हैं जो न केवल दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं, बल्कि सामाजिक गठबंधनों, दलबदल की राजनीति और स्थानीय नेतृत्व की ताकत की असली परीक्षा भी हैं.

गोविंदगंज (पूर्वी चंपारण)- बीजेपी की प्रतिष्ठा बनाम कांग्रेस की वापसी की जंग

2020 में बीजेपी ने यहां शानदार जीत दर्ज की थी. यह सीट एनडीए के लिए आत्मविश्वास का प्रतीक बनी हुई है. दूसरी ओर, कांग्रेस इस सीट पर अपनी खोई हुई पकड़ वापस पाने के लिए हर दांव आजमा रही है. ग्रामीण और अति पिछड़े वर्गों में पैठ बनाने की कोशिश में दोनों दल आमने-सामने हैं।

रूपौली (पूर्णिया)- दल-बदल की परीक्षा

पूर्व विधायक बीमा भारती के जेडीयू छोड़कर आरजेडी में आने के बाद यह सीट चर्चा में है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मतदाता पार्टी से निष्ठावान रहते हैं या नेता से. जेडीयू के लिए यह अपनी पकड़ बनाए रखने की परीक्षा है, जबकि आरजेडी के लिए नए सामाजिक गठजोड़ का प्रयोग।

धमदाहा (पूर्णिया)- लेसी सिंह का गढ़ या सीमांचल में नई लहर?

यह सीट जेडीयू मंत्री लेसी सिंह का गढ़ मानी जाती है. एनडीए के लिए सुरक्षित सीट समझी जाने वाली धमदाहा में महागठबंधन की सेंधमारी सीमांचल की राजनीति का संकेत दे सकती है. महिला नेतृत्व और स्थानीय विकास के एजेंडे पर जनता का फैसला निर्णायक होगा.

कड़वा (कटिहार)- कांग्रेस की उम्मीदें बनाम एआईएमआईएम की चुनौती

कांग्रेस इस सीट पर अपने पारंपरिक मुस्लिम चेहरों के सहारे डटी है। यह सीमांचल में मुस्लिम-यादव समीकरण की नब्ज मापने वाली सीट है। एआईएमआईएम की मौजूदगी कांग्रेस के लिए चुनौती बनी हुई है. 2025 यह बताएगा कि सीमांचल में कांग्रेस का असर बरकरार है या नहीं।

जोकीहाट (अररिया)- सीमांचल की 'मिनी जंग', आरजेडी बनाम एआईएमआईएम

जोकीहाट हमेशा से सीमांचल की सबसे चर्चित सीट रही है। सरफराज आलम बनाम एआईएमआईएम का मुकाबला यहां फिर दिलचस्प मोड़ पर है. मुस्लिम वोटों का बंटवारा इस सीट के परिणाम को सीधे प्रभावित करेगा. महागठबंधन और ओवैसी की पार्टी दोनों इसे प्रतिष्ठा की लड़ाई मान रहे हैं।

सुल्तानगंज (भागलपुर)- शहरी वोटों की नई करवट

जेडीयू की पारंपरिक पकड़ इस अर्ध-शहरी सीट पर रही है. 2025 में आरजेडी यहां शहरी मतदाताओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश में है. विकास बनाम जातीय समीकरण, दोनों मुद्दे यहां निर्णायक रहेंगे.

रामगढ़ (कैमूर)- सुधाकर सिंह के बयान और यादव वोट बैंक

राजद विधायक सुधाकर सिंह की बेबाक छवि और विवादित बयानबाजी ने इस सीट को सुर्खियों में रखा है- यह सीट यादव वोट बैंक के साथ-साथ स्थानीय नेतृत्व के प्रभाव का भी परीक्षण करेगी.

इमामगंज (गया ङ्क सुरक्षित): मांझी की अग्निपरीक्षा

पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने 2020 में राजद के उदय नारायण चौधरी को हराया था. अब 2025 में यह सीट महादलित नेतृत्व और मांझी के प्रभाव की असली परीक्षा बनेगी. एनडीए के भीतर भी यह सीट संतुलन की कसौटी पर है.

बाराचट्टी (गया - सुरक्षित)- मांझी की पार्टी का टेस्ट

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की ज्योति देवी की पिछली जीत इस बार कसौटी पर है. मांझी के प्रभाव और महादलित वोट बैंक की एकजुटता इस सीट पर फैसला करेगी.

नवादा (नवादा)- ग्रामीण प्रभाव बनाम शहरी चुनौती

राजद की विभा देवी की सीट नवादा हमेशा से यादव वोट बैंक की धुरी रही है. इस बार बीजेपी यहां अपना आधार बढ़ाने के लिए जोर लगा रही है. ग्रामीण बनाम शहरी मुद्दों की भिड़ंत यहां स्पष्ट दिखती है।

इन 10 सीटों पर जो भी बाजी मारेगा, वह न केवल सीमांचल से मगध तक का सियासी संतुलन तय करेगा, बल्कि बिहार की अगली सरकार की दिशा भी. यहां की जीत-हार से यह तय होगा कि 2025 का जनादेश जातीय समीकरणों पर भारी पड़ता है या विकास के मुद्दों पर।

बिहार चुनाव में भैंस पर सवार होकर वोट करने पहुंचे वोटर्स

चैनपुर। बिहार चुनाव के दौरान वोटर्स के बीच भैंस की सवारी काफी पॉपुलर होती दिखी। दरअसल, अब तक कई फोटो और वीडियो देखे गए, जिसमें मतदाता भैंस पर सवार होकर वोट देने पहुंचे. इसी कड़ी में चैनपुर विधानसभा के अधौरा से जुड़ा एक वीडियो लोगों को खूब अट्रैक्ट कर रहा। वीडियो में मतदाता ने अपना नाम बलवंत सिंह यादव बताया. साथ ही उन्होंने कहा, पैर में दर्द रहने के कारण उन्हें चलने में परेशानी होती है. इसके कारण वे भैंस पर सवार होकर वोट डालने के लिये पहुंचे हैं. इस तरह से इस वीडियो ने कई लोगों के ध्यान को अपनी तरफ खींचा। मालूम हो, इससे पहले बोधगया की भी तस्वीर आई थी, जिसमें देखा गया छोटू यादव नाम का एक युवा भैंस पर सवार होकर पोलिंग बूथ पर पहुंचा. उसे देखने वालों की भीड़ लग गई. छोटू यादव फतेहपुर नगर पंचायत के रमरारचक गांव के निवासी हैं।

बोधगया में भैंस पर सवार वोट करने पहुंचा वोटर

मालूम हो, पहले चरण की वोटिंग वाले दिन भी इस तरह का नजारा देखने के लिये मिला था. वैशाली जिले के भगवानपुर में केदार यादव नाम के एक वोटर भैंस पर सवार होकर मतदान करने पोलिंग बूथ पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने कहा था कि पांच साल बाद लोकतंत्र का महापर्व आया है. मुझे गाड़ी घोड़ा नहीं मिला तो मैं किसान होने के नाते भैंस पर ही सवार होकर वोट डालने आ गया. उन्होंने कहा था कि हम किसान हैं और भैंस पालते हैं इसलिए मैंने इसी को अपना सवारी बना लिया।

इसके अलावा पहले ही चरण में ही आदर्श मध्य विद्यालय बक्सर के मतदान केंद्र संख्या 46 पर निर्दलीय प्रत्याशी ओम जी यादव घोड़े की सवारी करते हुए मतदान करने पहुंचे थे. उनके मतदान केंद्र पर पहुंचते ही वह बाकी वोटरों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए थे. ऐसे में बिहार चुनाव के बीच कहीं ना कहीं भैंस की सवारी वोटर्स के बीच पॉपुलर रहा।

भारत हमेशा सीमा पार से आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा : हरीश

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सख्त लहजे में कहा कि देश लंबे समय से सीमा पार से आने वाले आतंकवाद और अवैध हथियारों की तस्करी का शिकार रहा है। भारत ने बिना नाम लिए पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि अब ड्रोन के जरिए भी हथियार भारत में भेजे जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने 'स्मॉल आर्म्स' पर खुले विचार-विमर्श के दौरान कहा कि NSC को ऐसे हथियारों की आवाजाही और इस्तेमाल को बढ़ावा देने वालों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी चाहिए।

यूएनएससी से भारत की मांग

भारत ने यूएनएससी से आग्रह किया कि वह आतंकवादियों और सशस्त्र समूहों को हथियार पहुंचाने वालों के खिलाफ कठोर और समन्वित कदम उठाए। हरीश ने कहा सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के किसी भी रूप या उसे समर्थन देने वालों के प्रति सहिष्णुता नहीं दिखानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हथियार प्रतिबंध संघर्ष क्षेत्रों में हथियारों के प्रवाह को रोकने का एक प्रभावी तरीका है, लेकिन इसे निष्पक्ष और सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

लाल किला विस्फोट के बाद आया भारत का बयान

भारत का यह बयान उस समय आया जब दिल्ली के लाल किले के पास एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। हरीश ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे सीमा पार से तस्करी कर लाए गए हथियारों का हाथ होता है।

हरीश ने कहा भारत ने कई दशकों तक आतंकवाद की भयावहता झेली है। छोटे हथियारों और गोला-बारूद की अवैध तस्करी और आतंकवादी संगठनों तक इसकी पहुँच बेहद चिंता का विषय है। हरीश ने कहा भारत ने सीमा पार से आने वाले आतंकवाद का सामना किया है, जहां अवैध हथियारों की तस्करी अब ड्रोन के माध्यम से भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आतंकी समूहों के पास इतने आधुनिक हथियार तभी संभव हैं जब उन्हें बाहर से वित्तीय और तकनीकी सहायता मिल रही हो।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत

भारत ने कहा कि छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की तस्करी न केवल सुरक्षा बल्कि विकास और मानवीय पहलुओं को भी प्रभावित करती है। हरीश ने कहा कि इन पर नियंत्रण के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा, जिससे सीमा सुरक्षा, खुफिया साझेदारी और सूचना आदान-प्रदान को मजबूत किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत में यूएन प्रोग्राम ऑफ एक्शन (पीओए) और इंटरनेशनल ट्रेसिंग इंस्ट्रूमेंट (आईटीआई) को सक्रिय रूप से सहयोग के रूप में लागू किया जा रहा है।

नदी पार कर पहुंचे मतदाता

बिहपुर में कठिन रास्तों के बीच लोकतंत्र का जज्बा

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण में भागलपुर जिले के बिहपुर विधानसभा क्षेत्र ने एक अद्भुत मिसाल पेश की. यहां के अठगामा और दियारा इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को चुनौती देते हुए नाव से नदी पार की और अपने मताधिकार का प्रयोग किया. लोकतंत्र के इस पर्व में इन मतदाताओं का उत्साह देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि जहां चाह, वहां राह।

सुबह की पहली किरण के साथ ही अठगामा और दियारा शहजादपुर गांवों के मतदाता नावों पर सवार होकर नदी पार करते दिखे. जिन रास्तों पर जलभराव और कीचड़ फैला था, वहां भी ग्रामीण समूहों में निकल पड़े, सिर्फ वोट देने के लिए.

हर चुनाव में नाव ही रास्ता है, पर हिम्मत कभी नहीं टूटी

स्थानीय मतदाता रामप्रवेश यादव बताते हैं। हमारे गांव में हर बार चुनाव के वक्त यही हाल रहता है. नाव से जाना पड़ता है, लेकिन इससे उत्साह कभी कम नहीं होता. हम जानते हैं कि वोट देना जरूरी है।

मध्य विद्यालय चौहदी मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए नाव ही एकमात्र साधन था, लेकिन मतदाताओं ने इसे बाधा नहीं बनने दिया. बुजुर्ग हों या महिलाएं, सबने एक स्वर में कहा ÷लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेना हमारा अधिकार और कर्तव्य दोनों है। गांव के कई बुजुर्गों और महिलाओं ने बच्चों के साथ नाव में बैठकर नदी पार की. नावें मतदाताओं से भरी थीं और सभी के चेहरे पर जिम्मेदारी का भाव झलक रहा था।

'महुआ हमारे नाम से जाना जाता है, किसी और से नहीं,तेज प्रताप यादव ने राजद को दी चुनौती

पटना। बिहार चुनाव 2025 के दूसरे चरण की वोटिंग के बीच महुआ से जनशक्ति जनता दल के उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने अपने अंदाज में चुनावी हवा को परखा. उन्होंने कहा कि इस बार वोटिंग का रंग कुछ और ही है. महिलाएं लंबी कतारों में खड़ी होकर लोकतंत्र को अपनी आवाज दे रही हैं. तेज प्रताप बोले, लोग अपने तरीके से मतदान कर रहे हैं. माहौल सकारात्मक है. उम्मीद है बदलाव होगा।

महुआ में राजद के विकास दावों पर उन्होंने सीधा जवाब देकर हलचल बढ़ा दी. तेज प्रताप ने कहा, ÷महुआ हमारे नाम से जाना जाता है, किसी और के नाम से नहीं.÷ उनका बयान एक तरह से ऋछ्ष्ठ को सीधी चुनौती भी माना जा रहा है।

तेजस्वी यादव के 18 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के दावे पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 14 नवंबर को सब पता चल जाएगा। बता दें कि इस चुनाव में भाइयों की राहें बिल्कुल अलग रहीं. तेजस्वी ने महुआ में तेज प्रताप के खिलाफ प्रचार किया, तो तेज प्रताप ने राघोपुर में तेजस्वी के खिलाफ अपना मोर्चा संभाला. दोनों ने अपनी-अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे, और चुनावी मैदान भाई-भाई के बीच सीधा मुकाबले जैसा बन गया.

क्या बिहार रचेगा नया इतिहास?

दूसरे चरण की वोटिंग रिकॉर्ड की तरफ बढ़ रही है. दोपहर 3 बजे तक 122 सीटों पर 60.40 फीसदी से ज्यादा मतदान दर्ज हुआ. कुछ सीटों पर वोटिंग शाम 5 बजे तक और बाकी जगहों पर 6 बजे तक चलेगी. तेज प्रताप यादव, जो कि ऋछ्ष्ठ से 6 साल के लिए निष्कासित हैं, अपनी नई पार्टी जनशक्ति जनता दल के साथ मैदान में हैं. उनकी पार्टी 25 सीटों पर किस्मत आजमा रही है और वे इस बार चुनावी पिच पर अलग खेल खेलने की कोशिश में हैं।

भाजपा ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, राजद पर लगाया आरोप

पटना। भाजपा ने दूसरे चरण में जारी मतदान को लेकर चुनाव आयोग को एक पत्र लिखा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राजद अपनी आधिकारिक फेसबुक पेज के माध्यम से भ्रामक जानकारी फैला रही है।

दरअसल भाजपा द्वारा एक फेसबुक पोस्ट शेयर किया, जिसमें राजद की तरफ ये लिखा था कि 'भाजपा और लोजपा (आर) वाले जदयू को वोट नहीं डलवा रहे हैं, और जदयू वाले भाजपा और लोजपा (आर) को वोट नहीं डलवाने दे रहे हैं, इस बात से भाजपा-लोजपा (आ) या जदयू के किसी भी नेता ने इंकार किया'? इस पोस्ट की स्क्रीनशॉट के साथ भाजपा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा ने पत्र में क्या लिखा

भाजपा द्वारा लिखा गया कि मेटा/फेसबुक को निर्देश दे कि वह उक्त पोस्ट तथा उससे संबंधित किसी भी भ्रामक सामग्री को तत्काल हटाए। इसके साथ ही राजद को कारण बताओ नोटिस जारी करे कि उसने सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार क्यों फैलाया। तीसरा बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दे कि वह इस मामले की तथ्यात्मक जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

रोड नहीं तो वोट नहीं : मतदान के बहिष्कार का लगा पोस्टर

पूर्णिया। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान का आज आखिरी दिन है, इस बीच पूर्णिया जिले के कसबा विधानसभा क्षेत्र की झुन्नी इस्तम्बरार पंचायत के वार्ड सं. 7, सिमोदी रहिका टोल में एक ऐतिहासिक बहिष्कार देखने को मिला है। गांव के एक हजार से अधिक मतदाताओं ने सामूहिक रूप से ÷रोड नहीं तो वोट नहीं÷ का नारा बुलंद करते हुए मतदान प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया है। ग्रामीणों का यह कठोर कदम आज़ादी के सात दशकों बाद भी सड़क जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित रहने की पीड़ा को दर्शाता है।

ग्रामीण चतुर हेंब्रम ने बताया कि यह निर्णय वर्षों की उपेक्षा और निराशा का परिणाम है। उनके अनुसार देश के आज़ाद होने के बाद से आज तक सिमोदी रहिका टोल में एक भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। सड़क के अभाव में गांव की एक बड़ी आबादी को बरसात के मौसम में अत्यधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बीमारों को अस्पताल ले जाना, बच्चों को स्कूल भेजना और किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाना अत्यंत कठिन हो जाता है।

ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक आवाजाही के लिए कच्चे और जर्जर रास्तों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पानी के समय में चारों तरफ पानी लग जाता है। पानी लगने के कारण महिलाएं जब पानी होकर निकलती हैं, तो स्थानीय युवा महिलाओं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर देते हैं। हमलोग बेबस होकर यह कदम उठाए हैं।

महिलाओं ने भावुक होते हुए कहा कि हमने हर चुनाव में नेताओं पर भरोसा किया, हर बार आश्वासन मिला, लेकिन सड़क आज तक नहीं बनी। हमने कई बार लिखित आवेदन दिए, जनप्रतिनिधियों के सामने गुहार लगाई, पर सब व्यर्थ गया। जब हमारी सुनवाई नहीं हो रही, तो हमें वोट देकर किसे चुनना है?

बिहार में वोटिंग के बीच बीजेपी का राजद पर बड़ा आरोप

तेजस्वी ने मुकेश सहनी के कनपट्टी पर ही कट्टा लगा दिया

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के मतदान के बीच सोशल मीडिया पर वॉर शुरू हो गया है. राजद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर लिखा, "BJP-LJP वाले जदयू को वोट नहीं डलवा रहे और जदयू वाले BJP-LJP को वोट नहीं डलवा रहे! इस बात से बीजेपी या आरजेडी के किसी भी नेता ने पूरे चुनाव में कभी भी इंकार किया? राजद ने इस पोस्ट के जरिये एनडीए की एकजुटता पर सवाल उठाया। इसके बाद बीजेपी ने भी पलटवार किया है।

मुकेश सहनी के बहाने राजद पर साधा निशाना

राजद के आरोपों पर बीजेपी ने ङ्ग पर लिखा, "लालू परिवार के खिलाफ सहनी समाज बहुत आक्रोशित है। इसका असर ग्राउंड पर आज दिख रहा है. हद तो तब हो गई, जब तेजस्वी ने सीधा मुकेश सहनी के कनपट्टी पर ही कट्टा लगा दिया. मुकेश सहनी को इस तरह महागठबंधन में दबाया गया कि ना उनको चुनाव लड़ने दिया गया।ना ही मुकेश साहनी के भाई को चुनाव भी लड़ने दिया गया। अब तो मुकेश साहनी को उनके अपने मन से बोलने भी नहीं दे रही आरजेडी।"

जदयू ने राजद के आरोपों पर दिया जवाब

राजद के सोशल मीडिया पोस्ट पर जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, ÷जब हार तय दिख रही है तो विपक्ष अब झूठ और भ्रम फैलाने में जुट गया है. लेकिन बिहार की जनता अब जागरूक है. उनकी चालें नाकाम होंगी. एनडीए बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनता फिर से एनडीए को प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद दे रही है। जदयू सांसद संजय झा ने राजद के आरोपों पर कहा कि एनडीए के पांचो दल पांच पांडव की तरह एकजुट हैं और विकसित बिहार के निर्माण के लिए संकल्पित हैं. महागठबंधन ने पहले ढपोरशंखी घोषणाओं के जरिए जनता को बरगलाने की हर मुमकिन कोशिश की लेकिन जब दाल नहीं गली तो हताश होकर ह्रष्ठ के बारे में झूठ फैलाना शुरू कर दिया है!

सपा नेता आजम खां को कोर्ट से बड़ी राहत

भड़काऊ भाषण केस में बरी, नहीं मिल पाए साक्ष्य

रामपुर। सिविल लाइंस थाने में छह साल पहले सपा नेता आजम खां पर दर्ज भड़काऊ भाषण के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। मंगलवार को हुई सुनवाई में साक्ष्य के अभाव में आजम खां को बरी कर दिया है।

2019 के लोकसभा चुनाव में तत्कालीन एसडीएम सदर पीपी तिवारी की ओर से सपा नेता आजम खां के खिलाफ भड़काऊ भाषण का मामला दर्ज कराया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इस मामले में अभियोजन और बचाव पक्ष की ओर से अंतिम बहस पूरी हो चुकी थी।

मंगलवार को इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के लिए सपा नेता आजम खां दोपहर में कोर्ट पहुंचे, जहां पर मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद एमपी एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल ने साक्ष्य के अभाव में सपा नेता को बरी कर दिया।

साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

जनपद पंचायत कोटा के ग्राम चुरेली के सरपंच ने कलेक्टर से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। जनदर्शन में आज ग्राम पौसरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि गांव की एक महत्वपूर्ण निस्तारी सड़क को गांव के कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा काटकर एवं खोदकर पूरा खेत बना दिया गया है और शासकीय एवं निजी भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। कलेक्टर ने उनका आवेदन एसडीओ बिलासपुर को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत कोटा के ग्राम चुरेली के सरपंच ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत केन्दा से मानिकपुर, चुरेली मार्ग में शराब दुकान खोलने को प्रस्तावित किया गया है। इस मार्ग में स्कूली बच्चों का आना जाना रहता है और यहां से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्वास्थ्य केंद्र भी है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस मामले को आबकारी विभाग को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सेलर निवासी दिलीप कुमार केंवट, दिलीप तिवारी एवं प्रमोद रजक ने कलेक्टर से मुलाकात कर पूर्व माह का बकाया वेतन दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे सेवा सहकारी समिति सेलर में विभिन्न पदों पर कार्यरत है। उनका पूर्व माह का वेतन लंबित है जो कि आज दिनांक तक उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। ग्राम हरदीडीह निवासी राम सनेही ने कलेक्टर से मुलाकात कर ट्राई साइकिल दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि वे 60 प्रतिशत विकलांग है तथा आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण ट्राई साइकिल क्रय करने में असमर्थ है। कलेक्टर ने मामले को समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तखतपुर ब्लॉक के परमानंद ने नक्शा बटांकन कराये जाने के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने आवेदन एसडीओ तखतपुर को आवश्यक कार्यवाही के लिए सौंपा।

आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आए ग्रामीणों की फरियाद सुनीं। उन्होंने व्यक्तिगत मुलाकात कर आवेदन लिया और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पौसरा के ग्रामीणों ने शिकायत की कि गांव की एक महत्वपूर्ण सड़क को अतिक्रमण कर खेत बना दिया गया है, जिसे एसडीओ बिलासपुर को भेजने के निर्देश दिए गए। ग्राम चुरेली के सरपंच ने ज्ञापन सौंपा कि वहां शराब दुकान खोलने से बच्चों और स्वास्थ्य केंद्र को खतरा है, इसे आबकारी विभाग को सौंपते हुए कार्रवाई करने कहा। सेलर निवासी तीन व्यक्तियों ने पूर्व माह का बकाया वेतन की मांग की। ग्राम हरदीडीह के राम सनेही ने ट्राई साइकिल की मांग की, जिनके विकलांगता को देखते हुए समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए गए। तखतपुर के परमानंद ने नक्शा बटांकन के लिए आवेदन दिया, जिसे एसडीओ को भेजा गया। इस दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान का आश्वासन दिया गया।

■ न्यूज गैलरी

कराते चैंपियनशिप में सान्वी, रीतू, तन्मय, वेदिका होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। इंटर डी.ए.वी. स्कूल गेम कराते 2025 2 दिवसीय राज्यस्तरीय चयन कराते प्रतियोगिता जो 1 एवं 2 नवंबर को भिलाई के डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल नंदिनी माइंस दुर्ग जिले में आयोजित किया था! जिसमें बिलासपुर जिले से सब जूनियर खिलाड़ी अंडर 14 वर्ष में, 11 वर्षीय सानवी पाण्डेय -38 कि. ग्रा. वर्ग भार, 12 वर्षीय रीतू चौहान +38 कि. ग्रा. वर्ग भार एवं +60 कि. ग्रा. वर्ग भार समूह में तन्मय दुबे तथा अंडर 17 वर्ष में, 14 वर्षीय कैडेट खिलाड़ी वेदिका दीक्षित +52 कि. ग्रा. में आगामी इंटर डी.ए.वी. राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता 2025 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है! तथा सभी खिलाड़ी 20 नवंबर को दिल्ली में होने वाले नेशनल कराते चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए होंगे रवाना! उक्त खिलाड़ियों के चयनित होने पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल के पार्थीपन एवं स्पोर्ट्स टीचर बेदिका साहू डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल वसंत विहार बिलासपुर सहित सीकों काई शीतों रियो छत्तीसगढ़ प्रमुख बीबी नायडू, जिला कराते सचिव हरिशंकर साहू, बिलासपुर कराते स्कूल के कोच राजेश सारथी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दी!

हाईकोर्ट के आदेश के बाद मिशन अस्पताल में बुलडोजर की कार्रवाई शुरू

हाईकोर्ट ने लीज रिन्युअल अपील की खारिज कहा- लीज रिन्युअल ऑटोमेटिक अधिकार नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने बिलासपुर के मिशन अस्पताल कैंपस की लीज रिन्युअल विवाद की अपील खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि लीज का नवीनीकरण कोई पक्का या ऑटोमैटिक अधिकार नहीं है। यह केवल तब संभव है जब किरायेदार मूल शर्तों का पूरी तरह पालन करे।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद मिशन अस्पताल में बुलडोजर की कार्रवाई शुरू हो गई है। सुबह 7 बजे नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता अस्पताल परिसर पहुंचा, जहां अवैध निर्माण पर तोड़फोड़ की गई। इस दौरान अतिक्रमणकारियों और निगम अधिकारियों के बीच विवाद हो गया। दरअसल, क्रिश्चियन वीमेंस बोर्ड ऑफ मिशन के डायरेक्टर नितिन लॉरेंस और उनके सहयोगियों ने मिशन अस्पताल की जमीन की लीज बढ़ाने के लिए आवेदन पेश किया था,। जिसे नजूल अधिकारी ने खारिज कर दिया। दोबारा लीज न बढ़ाने के प्रशासन के फैसले के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने उनकी तर्कों को खारिज करते हुए जिला प्रशासन के फैसले को सही ठहराया था। सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में अपील की थी। इसमें तर्क दिया कि बिलासपुर के चांटापारा स्थित प्लॉट नंबर 20 और 21 उन्हें 1959 की भूमि राजस्व संहिता की धारा 158(3) के तहत दिया गया था। वे सालों से धार्मिक, शैक्षिक और धर्मार्थ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 1882 से संचालित अपने मिशन का इतिहास, अस्पताल, नर्सिंग स्कूल और चैपल का विवरण देते हुए कहा कि सरकार ने उन्हें बेदखल करने की कोशिश की है, जबकि वे लगातार सेवा कार्य कर रहे हैं। लेकिन हाईकोर्ट ने तर्क नामंजूर करते हुए अपील खारिज कर दी।

27 साल तक नहीं की लीज रिन्युअल की मांग

हाईकोर्ट ने कहा कि, न केवल रिन्युअल की मांग 27 साल तक नहीं की गई, बल्कि इस दौरान लगातार शर्तें तोड़ी गईं। नोटिस को भी किसी अन्य फोरम में चुनौती नहीं दी गई। ऐसे में न तो इनके पास कोई वैध टाइटल है, न ही ओरिजिनल अलॉटी का प्रतिनिधित्व करने का अधिकार।

छत्तीसगढ़ में भी एस आई आर विशेष गहन पुनरीक्षण लागू

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण लागू कर दिया है, जिससे मतदाता सूचियों में सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि बिहार में हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, सभी बीएलओ और कांग्रेस के बीएलए को घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बिल्हा, तखतपुर, सकरी, तिफरा, बेलतरा, सीपत, मस्तूरी, बेलतरा ग्रामीण, रतनपुर, कोटा और बेलगहना ब्लॉकों में इस कार्य के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। विजय केशरवानी ने बताया कि निर्वाचन विभाग द्वारा घर-घर पर परिगणना फार्म वितरित किए गए हैं, जिन्हें तीन वर्गों में विभाजित किया गया है। जन्मतिथि के अनुसार दस्तावेजों की आवश्यकताओं में बदलाव किया गया है। यदि किसी का जन्म 01/07/1987 से पहले का है, तो उसे केवल एक ही दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है। 01/07/1987 से 02/12/2004 के बीच जन्मे व्यक्ति को दो दस्तावेज, और 02/12/2004 के बाद जन्मे व्यक्तियों को तीन दस्तावेज जमा करने होंगे। इनमें स्वयं का, माता का और पिता का दस्तावेज शामिल हैं। दस्तावेजों की सूची में पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मूल निवास प्रमाण पत्र, 10वीं बोर्ड अंकतालिका, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, परिवार रजिस्टर, भूमि या गृह आवंटन प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। विजय केशरवानी ने बताया कि मतदाता सूची में गड़बड़ियों को दूर करने के लिए एसआईआर के माध्यम से मृत व्यक्तियों के नाम हटाने, स्थायी निवास बदलने वालों का नाम हटाने, दो नामांकन वाले मतदाताओं के नाम निरस्त करने और फर्जी मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य किया जाएगा।

जमानत के विरोध में लगा कैविएट कैविएटर ने कहा- हमारा पक्ष भी सुना जाए

■ **बेल के लिए अमित के हाईकोर्ट जाने की आशंका**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट जा सकते है। ऐसे में अग्रिम जमानत का विरोध करने की तैयारी भी चल रही है। इसके लिए हाईकोर्ट में कैविएट लगाया गया है। जिसमें कैविएटर ने कहा है कि अमित बघेल को किसी भी तरह से अंतरिम राहत देने से पहले उनका पक्ष भी सुना जाए।दरअसल, रायपुर पुलिस ने अमित बघेल पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

इसके साथ ही पुलिस अमित बघेल की तलाश में लगातार अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है।हालांकि, अभी अमित पुलिस पकड़ से बाहर है। यही वजह है कि पुलिस ने उसकी जानकारी देने पर पांच हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। पुलिस के मुताबिक अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अमित बघेल अपने परिचित के घरों में छिप रहा है। पुलिस का दावा है कि अमित बघेल को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि अमित बघेल के खिलाफ प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रदर्शन हो रहा है। जिसमें उनकी गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। लगातार विरोध प्रदर्शन के बाद अब पुलिस भी अलर्ट हो गई है। साथ ही अमित की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जगहों पर तलाश में जुटी हुई हैं। अमित बघेल के खिलाफ रायपुर के अलावा छत्तीसगढ़ और देश के अलग-अलग थानों में स्त्रढ्ढक्रदर्ज है। इनमें रायपुर, दुर्ग, धमतरी, इंदौर, ग्वालियर, नोएडा, महाराष्ट्र और प्रयागराज शामिल है। अग्रवाल समाज और सिंधी समाज ने रायपुर के अलग-अलग थानों में स्त्रढ्ढक्र दर्ज कराई है। दरअसल, 26 अक्टूबर को रायपुर के ङ्कढ्ढक्र चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति से तोड़फोड़ की गई। अगले दिन 27 अक्टूबर को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना मौके पर पहुंची और जमकर हंगामा किया।

हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाने की आशंका

इधर, पुलिस की सरगर्मी से तलाश के बीच अमित बघेल राहत के लिए हाईकोर्ट की शरण में जा सकते है। इस तरह की आशंकाओं के बीच बिलासपुर के अजय सिदारा ने हाईकोर्ट में कैविएट लगाया है। इसमें कहा है कि आशंका है कि अमित बघेल अग्रिम जमानत के लिए अंतरिम राहत मांग सकते है। ऐसे में उन्होंने कैविएट लगाकर कोर्ट से आग्रह किया है कि उसकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई से पहले कैविएटर को याचिका की एक प्रति उपलब्ध कराई जाए। साथ ही किसी तरह से राहत देने से पहले कैविएटर का भी पक्ष सुना जाए।

जीलानी सूफ़ी कान्फ्रेंस 15 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। चिश्तीयां रंग के सदस्य सैय्यद सईद ने जानकारी देते हुये बताया की मुख्यमंत्री साय ने कुछ दिन पूर्व जशने क़ादरी कान्फ्रेंस का पोस्टर विमोचन किया था उस पोस्टर का बहुमूल्य मुस्लिम एरिया तालापारा तरबहार मसान गंज कुदुदण्ड मांगला चुचीया पारा महमंद आदि मुस्लिम वार्ड मोहल्लो में जाकर जशने क़ादरी के पोस्टर का घर घर जाकर वितरित किया जाएगा। 15 नवंबर हज़रत अफीफ़ुदूदीन अफीफी मियां शनिवार बाद नामजे इशा बमक़ाम कुंदन पैलेस कांत वर्मा मार्ग बिलासपुर में शिरकत करेंगे।

कोटा थाना पुलिस ने अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की

बिलासपुर /नवप्रदेश। कोटा थाना पुलिस ने अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। थाना कोटा प्रभारी तोप सिंह नवरंग को मुखबिर से सूचना मिली कि एक छोटा हाथी वाहन में अवैध रूप से कबाड़ का परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी ने तुरंत टीम को रवाना किया और बताए गए मार्ग पर घेराबंदी की। आरोपित वाहन को रास्ते में ही रोका गया और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, वाहन से लगभग 1.5 क्विंटल पुराने स्टील बर्तन, कढ़ाई और अन्य कबाड़ सामग्री बरामद की गई। इन कबाड़ की अनुमानित कीमत लगभग 81,000 रुपये बताई गई है, जबकि वाहन की कीमत लगभग 30,000 रुपये है। मौके पर ही वाहन चालक भरत वैष्णव (24 वर्ष), पिता नर्मदा वैष्णव, निवासी खुरदुर, थाना कोटा, जिला बिलासपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 35(3) बीएनएसएस और 303(2) बीएनएस के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। जब्त वाहन और कबाड़ को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इस कार्रवाई में कोटा थाना प्रभारी निरीक्षक तोप सिंह नवरंग, सहायक उप निरीक्षक शिवकुमार साहू, प्र.आर. 607 हरप्रसाद डहरिया, आरक्षक 273 ओमकार नेताम और आरक्षक 1040 विनोद यादव की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस का यह कदम क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। आगे भी पुलिस इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी।

गर्गगोत्रीय छत्तीसगढ़ी शुक्ल परिवार का 23 वां वार्षिक सम्मेलन संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। दो दिवसीय गर्गगोत्रीय छत्तीसगढ़ी शुक्ल परिवार का वार्षिक स्नेह सम्मेलन शारदा श्री गार्डन श्रीविहार सरकंडा बिलासपुर में आयोजित था जो आज सम्पन्न हो गया। सम्मेलन का शुभ्भारंभ मां भगवती की पूजा अर्चना कर किया गया।

प्रथम दिन गौरव जोशी के भजन कीर्तन संध्या आरती गायन के साथ हुआ। परिवार के वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर शुक्ल,बिलासपुर,राजेन्द्र देव शुक्ल रायपुर, कमलनारायण शुक्ल टेमरी,अश्विनी शुक्ल, पंडरभट्ठा,सुशांत शुक्ल विधायक बेलतरा एवं मातृशक्ति में विजया शुक्ल बिलासपुर, कविता शुक्ल, बिलासपुर तथा विजयलक्ष्मी शुक्ल पार्षद मुंगेली का शाल -फूलमाला से सम्मान किया गया। इस परिवार सम्मेलन में बिलासपुर, रायपुर, पंडरभट्ठा, किरना, टेमरी, एरमसाही, हरदी, दर्री , भाटापारा, अड़भार, तुरवारी, खैरा, परसदा, सिमगा, मोहरेंगा सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से 200 -300 महिला -पुरूष पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे। यह सम्मेलन प्रत्येक वर्ष छत्तीसगढ़ के अलग अलग गाँव व शहर में आयोजित किया जाता है इस बार बिलासपुर शहर को जिम्मेदारी दी गई थी। अगला वार्षिक परिवार सम्मेलन रायपुर में आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन को सफल बनाने में सर्वश्री सुरेश शुक्ल, रामनिहाल शुक्ल, हरीश शुक्ल, योगेश शुक्ल, प्रेमचंद शुक्ल,रामेश्वर शुक्ल, शाश्वत शुक्ल, अजय शुक्ल, प्रफुल्ल शुक्ल, चन्द्र भूषण शुक्ल, कमलकांत शुक्ल, सिद्धार्थ शुक्ल, निमेष शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, अभिनव शुक्ल, अपर्णा शुक्ल, रिचा शुक्ल आदि का रहा। मंच संचालन रामेश्वर शुक्ल, शाश्वत शुक्ल ने किया।

महिला ने आरोपी देवर के खिलाफ दर्ज करवाया मामला

बिलासपुर /नवप्रदेश। बिल्हा थाना क्षेत्र के कुंआपाली में महिला ने आरोपी देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी शिव कुमारी डहरिया ने बताया कि 7 नवंबर 2025 को दोपहर लगभग 2 बजे वह खेत में धान काटने गई थी। घर लौटने पर देखा कि उसका देवर कमल डहरिया शराब पीकर घर पर बैठा था। जब उसने उसे घर जाने को कहा, तो कमल ने मना कर दिया। इसके बाद वह गलत नियत से उसके पास आया और उसके सिने को दबाने लगा। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसके ब्लाउज को फाड़ दिया। साथ ही, उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के दौरान उसकी बेटी सलमा भी बीच-बचाव में आई। प्रार्थी का कहना है कि आरोपी पहले भी ऐसी हरकतें कर चुका है, इसलिए उसने पहले रिपोर्ट नहीं कराई। इस बार आरोपी ने छेड़छाड़ के साथ-साथ मारपीट भी की है, जिससे उसके हाथ-पैर और चेहरे में चोटें आई हैं। घटना की जानकारी उसने अपने परिवार के सदस्य दिनेश बंजारे को दी थी। फिर परिजनों की सलाह पर वह 10 नवंबर 2025 को थाना पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई।

भूमिपूजन सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन के मार्गदर्शन में एसईसीएल में कोल इंडिया का पहला पेस्ट फिलिंग प्रोजेक्ट हुआ शुरू

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र में सिंघाली यूजी खदान में पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी का भूमि पूजन संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कोरबा क्षेत्र के डीएसबी उपक्षेत्र स्थित सिंघाली यूजी खदान में पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी परियोजना का भूमि पूजन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन के मार्गदर्शन में क्रियान्वित किया जा रहा यह कोल इंडिया का पहला पेस्ट फ़िल प्रोजेक्ट है। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी) योजना एवं परियोजना, रमेश चन्द्र महापात्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर परअतुल द्विवेदी, प्रबंध निदेशक (टीएमसी), अजय तिवारी, महाप्रबंधक (उत्पादन) एसईसीएल, राजेश कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, कोरबा क्षेत्र, मंचासीन रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र, उपक्षेत्र एवं इकाई के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी प्रतिनिधि तथा JCC DSB उपक्षेत्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।भूमि पूजन के पश्चात अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सिंघाली खदान में इस तकनीक के प्रयोग से एसईसीएल ने एक और महत्वपूर्ण कदम हरित एवं सुरक्षित खनन की दिशा में बढ़ाया है। इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के विभिन्न विभागों के स्टाफ ऑफिसर्स एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

क्या है पेस्ट फिलिंग तकनीक?

पेस्ट फिलिंग टेक्नोलॉजी एक आधुनिक खनन तकनीक है जिसके माध्यम से खदानों से निकले फ्लाई ऐश, टेलिंग्स या अपशिष्ट पदार्थों को पानी और सीमेंट जैसे बाइंडर्स के साथ मिलाकर पेस्ट के रूप में भूमिगत खाली स्थानों में भरा जाता है। यह तकनीक न केवल भूमिगत सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ाती है, बल्कि सतह पर अपशिष्ट निपटान की समस्या को भी काफी हद तक कम करती है। इससे पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा तथा सस्टेनेबल माईनिंग को बढ़ावा मिलता है।

सुविचार

जब आप को लगे कि अब आप और कुछ नहीं कर सकते तो एक चीज जरूर करें और वह है एक और कोशिश। - अज्ञात

धमाके से देश को दहलाने की साजिश

देश की राजधानी नई दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास जो धमाका हुआ है उसके पीछे देश को दहलाने की बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस विस्फोट के पीछे किसका हाथ है न ही इस बात की पुष्टि हो पाई है कि यह आतंकी हमला है या नहीं। अभी तक किसी आतंकवादी गुट ने इसकी जिम्मेदारी भी नहीं ली है किन्तु इस घटना के पीछे जैस-ए- मोहम्मद नामक आतंकी संगठन का हाथ होने के कयास लगाये जा रहे हैं। इस घटना के कुछ घंटे पहले ही फरीदाबाद में एक डॉक्टर के पास से लगभग तीन हजार किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद हुआ था इसलिए इस धमाके को उस घटना से भी जोड़कर देखा जा रहा है और इसे फिदाइन हमला माना जा रहा है। यद्दपि अभी तक घटना की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई है जब तक जांच का नतीजा सामने नहीं आ जाता तब तक इसे आतंकी हमला कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल एनआईए और एनएसजी की टीम मामले की सुक्ष्म जांच कर रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने घटना स्थल का दौरा दिया है और अस्पताल में भर्ती घायलों से भेंटकर उकना हाल चाल जाना है और इसकी पूरी रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी है जो इस समय भूटान के दौरे पर हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और फॉरेन्सिक विज्ञान के प्रमुखों के साथ चर्चा की है और उच्च स्तरीय बैठक लेकर हालात की समीक्षा की है। भूटान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस धमाके की घटना को लेकर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि इस हादसे में हाताहत लोगों के साथ पूरे देश की संवेदना है जांच के बाद इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कतई नहीं बख्शा जाएगा। यदि जांच रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हो जाती है कि यह एक आतंकी हमला था तो जाहिर है कि एक बार फिर इसके पीछे पाकिस्तान का ही हाथ निकलेगा और यदि ऐसा हुआ तो पाकिस्तान की सामत आनी तय है। भारत ने पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर आपरेशन सिंदूर को स्थगित किया था और उसी समय दो टूक शब्दो में उसे चेतावनी दे दी थी कि पाकिस्तान यदि फिर भारत में किसी आतंकवादी घटना को अंजाम देने का दुहसाहस करेगा तो भारत उसे युद्ध मानेगा और पाकिस्तान के खिलाफ जो आपरेशन सिंदूर स्थगित किया गया है वह फिर शुरू कर देगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी दो दिन पहले भी यह बयान दिया था कि पाकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आता है तो उसके खिलाफ भारत को कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए और उसे उसी की भाषा में जवाब देना चाहिए। बहरहाल अभी इस मामले की जांच चल रही है और जब जांच का नतीजा सामने आ जाएगा और इस घटना के आतंकी हमले के रूप में पुष्टि हो जाएगी तो निश्चित रूप से पाकिस्तान को इसकी बड़ी किमत चुकानी पड़ेग।

चुनाव आयोग पर तेजस्वी यादव का आरोप

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के बंपर मतदान ने महागठबंधन की पेशानी पर बल डाल दिया है। हालांकि तेजस्वी यादव इस भारी मतदान को बिहार में सत्ता परिवर्तन की लहर करार दे रहे हैं लेकिन उन्होंने इसके बाद जिस तरह से चुनाव आयोग पर आरोपों की बौछार की है इसे देखकर यही लगता है कि उन्होंने पहले चरण के मतदान में महागठबंधन की शिकस्त को कबूल कर लिया है। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि बिहार में चुनाव के दौरान बाहरी लोगों को तैनात किया गया था। उनका आशय केन्द्रीय सुरक्षाबलों के जवानों की तैनाती को लेकर संदेह जताना था। इस पर चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान सिर्फ 20 प्रतिशत सुरक्षाबल ही देश के विभिन्न राज्यों से तैनात किये गये हैं। इसी तरह तेजस्वी यादव ने पहले चरण के मतदान के बाद पुरूषों और महिलाओं के मतदान का प्रतिपशत छुपाने पर भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मतदान के तीन दिनों बाद भी चुनाव आयोग ने यह आंकड़े जारी नहीं किये हैं। इस पर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि दूसरे चरण के मतदान के बाद ही पुरूषों औा महिलाओं के मतदान के आंकड़े जारी किये जाते हैं। तेजस्वी यादव ने स्ट्रॉग रूमों में भी सीसीटीवी बंद होने का जो आरोप लगाया था उसका भी चुनाव आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि सभी इवीएम मशीने कड़ी सुरक्षा में है। जाहिर है कि तेजस्वी यादव अभी से अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने की कवायद में जुट गये हैं।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ गोविंद चित्त का अवलोकन करते हैं, शरीर का नहीं। उनका नाम चित्त चोर है, शरीर चोर नहीं है। चिर शक्ति हैं वो, चौतन्य हैं वो; जैसे ही उन्होंने देख लिया कि संग रहते हुए भी चित्त में लेस मात्र भी दुष्ट व्यक्ति का स्थान नहीं है, उनके पास गोविंद सदा साथ खड़े हैं। वो बाहरी व्यवहारों को नहीं देखते। अब भगवान भी बाहरी व्यवहार देखें तो भीतर कौन देखेगा

❖ निरर्थक जगह निर्थक प्रयत्न नहीं करना चाहिए।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। 1727 फ्रांस और बवेरिया ने गुप्त संधि पर दोबारा हस्ताक्षर किये। 1781 अंग्रेजों ने डच उपनिवेश नागापट्टनम पर कब्जा किया। 1823 ग्रेट नॉर्थ हॉलैंड नहर खुली। 1870 जर्मन कंपनी ड्रेस्डनर बैंक की स्थापना की गयी। 1908 बुलग़ारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। 192 महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की। 1928 लगभग 111 लोग, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे, की मृत्यु हो गई, ब्रिटिश महासागर के लाइनर एसएस वेस्ट्रिस को पश्चिम अटलांटिक महासागर में डूबने के कारण छोड़ दिया गया था। 1936 सैन फ्रांसिस्को खाड़ी में सैनफ्रांसिस्को और ओकलैंड, कैलिफोर्निया को जोड़ने वाला सैन फ्रांसिस्को-ओकलैंड बे ब्रिज ने टोट्रॉफिक खोला। 1940 सोवियत विदेश मंत्री व्याचेस्लाव मोलोटोव बर्लिन पहुंचे सोवियत संघ की धुरी शक्तियों में शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया।

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

निस्संदेह, राजग सरकार के दौरान दिल्ली में हुआ यह पहला बड़ा धमाका सरकार की चिंता बढ़ाने वाला है। लाल किले मेट्रो स्टेशन के निकट हुए धमाके में इस्तेमाल कार में बैठे एक घायल व्यक्ति की गिरफ्तारी की खबर कुछ सूचना माध्यमों में देखी गई। यदि वाकई गिरफ्तार व्यक्ति साजिशकर्ताओं का साथी निकला तो पुलिस को इस आतंकी षड्यंत्र की तह तक पहुंचने में मदद मिल सकेगी। जिससे अनेक लोगों को किसी बड़ी आतंकी साजिश का शिकार होने से बचाया जा सकेगा। संभव है कि इस देशी मॉड्यूल को पाक पोषित किसी बड़े आतंकी संगठन की शह मिली हो। बहरहाल, दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने का सबक जरूर दिया है। गृह मंत्रालय व एनआई, एफएसएल, एनआईए, एनएसजी आदि विभिन्न एजेंसियों की सक्रियता बता रही है कि सरकार घटना को गंभीरता से ले रही है। विश्वास करें कि सुरक्षा एजेंसियां धमाके करने वालों तक पहुंचने में शीघ्र कामयाब हो सकेंगी।

दिल्ली में विस्फोट, आतंकी क्या रच रहे साजिश !

दिल्ली में सोमवार शाम हुए धमाके ने 29 अक्टूबर 2005 की धनतेरस की मनहूस शाम की यादें ताजा कर दीं, जब राजधानी में पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में सिलसिलेवार तीन बम धमाके हुए थे। बीते सोमवार दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक कार में हुए धमाके में 12 अनमोल जिंदगियों का खत्म होना बेहद दुखद है। काफी संख्या में लोगों के घायल होने की भी खबरें हैं। धमाके के बाद आसपास के कई वाहनों में लगी आग पर काबू पाने में अग्निशमन दल को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रारंभिक जांच में आतंकी हमले की आशंका जताई जा रही है। धमाका इतना शक्तिशाली था कि चपेट में आए लोगों के शरीर के हिस्से काफी दूर तक जाकर गिरे। आस-पास खड़ी गाड़ियों के शीशे भी टूट गए। धमाके की आवाज ढाई किलोमीटर दूर आईटीओ चौराहे तक सुनी गई। इस बीच, अमेरिका ने धमाके की जांच में मदद की पेशकश की है। दिल्ली पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियां लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए ब्लास्ट को एक बड़ी आतंकी साजिश मान रही हैं। इस धमाके के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से जुड़े होने की बात सामने आ रही है, जहाँ हाल ही में बड़ी मात्रा में विस्फोटक और हथियार जब्त किए गए थे। इसे संयोग मानें या दुर्योग कि आतंकवादियों के किसी भीड़-भाड़ वाले स्थान को निशाने बनाने से पहले कार में ही धमाका हो गया। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि इस तरह के हाई-प्रोफाइल स्थान पर धमाका करने का मकसद देश में अशांति और अराजकता का माहौल पैदा करना हो सकता है, खासकर बिहार चुनावों के समय। शुरुआती जांच में पता चला है कि अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल कर धमाका गया। इससे पहले फरीदाबाद से जांच एजेंसियों ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और करीब तीन क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया था। जांच एजेंसियों को शक है कि दिल्ली विस्फोट के तार भी फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े हैं। देश की केंद्रीय एजेंसियां आतंकवादियों की साजिश को बेनकाब करने में जुटी हैं। पहले फरीदाबाद में कई जगह से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री की बरामदगी और फिर दिल्ली में धमाके का एक दिन होना, निस्संदेह किसी बड़ी साजिश की आशंका की ओर इशारा कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा स्थित फरीदाबाद के फतेहपुर तगा गांव में राज्य और जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की साझा रेड में करीब तीन हजार किलो से अधिक विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ था। इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपी कश्मीरी मूल के बताए जाते हैं। इससे पहले रविवार को गांव के एक कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने की बात कही जा रही है। कल पुलिस ने दूसरे घर से 2,563 संदिग्ध विस्फोटक की बरामदगी की है। बताया जाता है कि एक मौलाना ने यह घर एक डॉ. मुजामिल ने किराये पर लिया हुआ था। पुलिस तफ्तीश में जुटी है कि इस विस्फोटक का कहां इस्तेमाल किया जाना था और क्या इनके किसी आतंकी संगठन से तार जुड़े हैं। पुलिस का दावा है कि डॉक्टर के फरीदाबाद स्थित ठिकाने से अधिकारियों ने अमोनियम नाइट्रेट और अन्य रासायनिक पदार्थों सहित आईईडी बनाने की सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। जाहिर है, देश के भीतर बड़ा आतंकी हमला करने की साजिश रची जा रही थी। इस मामले में मिल रही चौंकाने वाली जानकारी इसी ओर संकेत कर रही है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस दावा कर रही है कि उसने विभिन्न क्षेत्रों में पेशेवर चिकित्सकों के एक कट्टरपंथी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। आधिकारिक सूत्र दावा कर रहे हैं कि इस साजिश का खुलासा उस समय हुआ जब श्रीनगर के नौगाम इलाके में एक पोस्टर लगा दिखा, जिसमें दुकानदारों को केंद्रीय एजेंसियों से लेन-देन न करने की चेतावनी दी गई थी। बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में पोस्टर लगाने वाले जिस व्यक्ति की शिनाख्त हुई, वह सहारनपुर में कश्मीरी मूल का डॉक्टर अदील निकला। पूछताछ में उसके श्रीनगर में कुछ अन्य डॉक्टरों से संबंधों का खुलासा हुआ।

डॉ. अदील की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में डॉ. मुजामिल सहित अन्य डॉक्टरों की पहचान हुई। बताते हैं कि फरीदाबाद स्थित एक क्लीनिक से ही बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि मानवता की सेवा की शपथ लेकर चिकित्सा के पेशे में आने वाले लोग कैसे कट्टरपंथ के चलते लोगों की जिंदगी छीनने वाले खौफनाक खेल का हिस्सा बन गए। जाहिर है, इस मॉड्यूल का मकसद देश के विभिन्न हिस्सों में धमाकों के जरिये दहशत फैलाना ही रहा होगा। निश्चय ही बड़ी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदगी तथा आईईडी बनाने के सामान बरामद होना किसी बड़ी साजिश की ओर ही इशारा कर रहा है। दिल्ली देश की राजधानी है। दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाली शहरों की लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। शांति के दुश्मनों ने समय-समय पर दिल्ली में अशांति फैलाने के लिए बम धमाके के करने की कोशिश की है। 1997 और 2005 दिल्ली के लिए सबसे घातक वर्ष रहे। 1997 में 6 बड़े हमलों में 10 मौतें और 200 से अधिक घायल हुए। वहीं, 2005 में हुए बम धमाके के बाद 62 से अधिक मौतें और 160 से अधिक घायल दर्ज किए गए थे। 14 अप्रैल 2006 के दिन जामा मस्जिद के प्रांगण में हुए दो छोटे धमाकों ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई। इस घटना में 14 लोग घायल हुए। 13 सितंबर 2008 को दिल्ली ने एक और काली शाम देखी। इस दिन करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश-ढ्ढ में पांच धमाके हुए। इस विस्फोट में कम से कम 30 लोगों की मौत, 90 से अधिक घायल हुए।

संजीव ठाकुर

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुत: पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है।

राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा, ज्ञान की भूमिका

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंद्य संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैद्य वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैद्य यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैद्य जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगीद्य मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा हैद्य शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैद्य शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील हैद्य

शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैंद्य शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है। यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैद्य शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैद्य हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी हैद्य

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है द्य राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफअग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय हैद्य भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं। स्वतंत्रता के बाद तो भारत देश ने ज्ञान भाषा तथा संस्कृति में अनेक परिवर्तन किए गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस आदि ने अपनी किताबों में नव परिवर्तन के नए-नए आयामों तथा जीवन शैली के सत्य के साथ प्रयोग को एक नया आयाम दिया है और भारत देश को नए स्वरूप में विश्व में पहचान दिलाई है। पाश्चात्य ज्ञान से हमें अपने आडंबर एवं अंधविश्वास तथा शिक्षा पर विजय प्राप्त करने में काफी मदद प्राप्त हुई है। भारतीय संस्कृति की कई भ्रांतियों को भी हमने ज्ञान तथा भाषा के नवीन प्रयोगो से समाज से दूर किया है।

दिन प्रतिदिन जीवन की कार्यशैली में हम यह महसूस करते हैं कि शिक्षा भाषा तथा ज्ञान हमें यह महसूस कर आते हैं कि हम अभी तक कितने पीछे हैं एवं हमें कितने ज्ञान की और आवश्यकता है। हालांकि ज्ञान का कोई और झोर नहीं होता, ज्ञान तथा भाषा एक समृद्ध भंडार है, उसमें आप जितना सीख सकते हैं ज्ञान ले सकते हैं वह अत्यंत लघु होता है। तो हमेशा हमें यह प्रयास करना चाहिए कि हम पल प्रतिपल कुछ ना कुछ हर व्यक्ति, हर समाज, हर सभ्यता से सीखने का प्रयास करें ,क्योंकि ज्ञान भाषा एवं संस्कृति हमें सदैव समृद्ध विकासशील एवं परिवर्तनशील बनाती है और परिवर्तनशील जीवन ही एक नई ऊर्जा, आशा और विकास को जन्म देती है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रेम सबको

प्रेम सबको नहीं मिलता क्योंकि प्रेम निःशुल्क होते हुए भी दुनिया की सबसे कीमती वस्तु है । प्रेम मांगना नहीं पड़ता ,जिसके नसीब में होता है उसे बिन मांगे मिल जाता है । प्रेम के लिए किसी के सामने न रोना पड़ता न गिड़गिड़ाना पड़ता स्वतः प्राप्त हो जाता है । इस दुनिया में वो लोग सच में भाग्यशाली हैं जो प्रेम के पात्र हैं क्योंकि ईश्वर ने उन्हें खुद चुना होता है ।यकीन न हो तो खुद महसूस कर लेना कि क्या सत्य है।

- वर्षा वार्ष्णेय अलीगढ़

जिंदगी मजाक

जिंदगी मजाक नही जिसे हँसी में उड़ा दो जिन्दगी गणित का सवाल भी नही। जिसमे उलझ के, रहा जाय ये तो कर्तव्यों की वो सीढियाँ है जिसमे मन्द गति से चलते चलते चढ़ा जाय अधिकारो की चाहत मे दुसरो का भी भला किया जाय खुशी हो या गम सम भाव में रहे हम वर्तमान में जीओ मेरे दोस्त भविष्य को रखे सिक्योर भूत तो पुल के नीचे का पानी है बस जिन्दगी की यही कहानी है।

- हेमा पांडेय

लोकतंत्र में जब मतदान की कतार

लोकतंत्र में जब मतदान की कतार से... सत्ता पर कब्जा ना हो सके तो... सत्ता को हिलाने के लिए एकमात्र विकल्प है... निर्दोष नागरिकों का नरसंहार... लोकतंत्र पार्ट-वन संभ्रांत मंचों पर बौद्धिकों के विमर्श का विषय है नेपथ्य में लोकतंत्र पार्ट-2 का यह खेल चलता रहता है... आप आपका परिवार आपकी सन्तान सुरक्षित है ना? **- कुमार संतोष**

मान हो सम्मान हो दुनिया में जय जय

मान हो सम्मान हो दुनिया में जय जय कार हो भारती माँ का हृदय पुलकित हुआ सत्कार हो जीत लाई हैं पदक जिद से हमारी बेटियां रुप हैं दुर्गा सती का क्यों भला इंकार हो। **- सतीश मैथिल तनुज**

तुम न जाने किस जहा में खो गए गृहणियों

तुम न जाने किस जहा में खो गए गृहणियों को दगा दे गए कमाऊ जनता को धोखा दे गए नेता मंत्री को मालामाल कर गए बैंक वाले भी चांदी काट लिए सबने अपने अपने हिस्से के बाट लिए काला धन कब आएगा अब तो करण अर्जुन भी आ गए जनता डूब चुकी धोखे आश्वासन से कान पे रेंगेगी जू कब? पूछो मेरे यार शासन से नोटबंदी की नवमी बरसी मुबारक। **- शत्रुंजय तिवारी**

क्या पता क्यूं छोड़कर चलता बना

क्या पता क्यूं छोड़कर चलता बना जो बना रिश्ता फ़क़त आधा बना इक समुंदर प्रेम का था पास में क्यूं मुक़द्दर से है वो सहरा बना चीख़ तक उसने सुनी कब थीं मेरी जानता था सब मगर बहरा बना लिख रहा था मैं ग़ज़ल तन्हाई में और काग़ज़ पर कोई चेहरा बना और काला हो गया वो देखिए बोलकर जो झूठ को सच्चा बना। **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

रात भर बढ़ती रही कलियाँ

रात भर बढ़ती रही कलियाँ करती रहीं इंतज़ार सूरज का कि बनना था उन्हें पुष्प खुलना था खिलना था और महकना था, मेरी ही तरह,, मेरा इंतज़ार तुम से ही शुरु और तुम पर ही ख़त्म होता है,,, हर पुष्प की तरह मुझे भी फ़ना होना है महकते हुए सुनो तुम सूरज की तरह बंध जाओ न नियमों में। **- शुचि 'भवि'**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। बड़बोलापन सार्वजनिक क्षेत्र अथवा कुटुंब में हास्य का पात्र बनाएगा।

वृषः आज के दिन आपका स्वभाव लापरवाह रहेगा कोई भी कार्य जब तक सर पर ना आ जाए करेंगे नहीं जिससे परिवार के सदस्यों से ताने सुनने को मिलेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपके मन में कुछ ना कुछ उधेड़बुन लगी रहेगी जिस कार्य को पहले करना है उसमें ढील देंगे व्यर्थ के कार्यों में रुचि लेंगे।

कर्कः आज के दिन आप जिस भी कार्य अथवा योजना को बनाएंगे उसमें कुछ ना कुछ आशाजनक फल अवश्य मिलेगा।

सिंहः आज का दिन आपके लिए प्रतिकूल रहने वाला है घर एवं बाहर विवेकी व्यवहार रखें बचते बचते भी कलह क्लेश होने की प्रबल संभावना है परिवार का वातावरण किसी पुराने मामले को लेकर गर्म रहेगा।

कन्याः आज का दिन वैसे तो किसी ना किसी रूप में आप को लाभ जरूर देगा लेकिन मन में किसी अरिष्ट का भय दिन भर परेशान रखेगा। आप अध्यात्म से प्रेरित रहेंगे।

तुलाः आज के दिन आप की सोची हुई योजनाएं सफल अथवा प्रगति करेंगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी लेकिन आप जिस भी कार्य को अथवा जिस किसी भी व्यक्ति का सहयोग करने का विचार करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन बीते दिन की तुलना में राहत भरा रहेगा सेहत प्रातः काल की समय थोड़ी नरम रहेगी शारीरिक अकड़न पेट दर्द कब्ज गैस की शिकायत परेशान करेगी। लेकिन मध्यान्ह के बाद स्थिति में सुधार आएगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए अशुभ रहने वाला है। प्रातः काल से ही सेहत में नरमी बनेगी इसका मुख्य कारण पूर्व में बरती असंयमित दिनचर्या सेहत की अनदेखी बनेगी।

मकरः आज के दिन आपके आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं इसका कुछ ना कुछ शुभ परिणाम अवश्य मिलेगा वैसे तो आज आपका व्यक्तित्व निखरा हुआ रहेगा किसी से भी कार्य निकालना आसान होगा।

कुंभः आज के दिन आपको धैर्य धारण करने की आवश्यकता है परिस्थितियां दिन के आरंभ से प्रतिकूल बनी रहेंगी बीच-बीच में थोड़ी राहत भी मिलेगी लेकिन आज किसी न किसी कारण से मन में नकारात्मक भावों का संचार बना रहेगा।

मीनः आज के दिन प्रातः काल से ही आपके अंदर बुद्धि विवेक का विकास होगा कुछेक घरेलू एवं व्यवसायिक कार्य आपकी दूर दृष्टि से पूर्ण होंगे लेकिन इसका विपरीत प्रभाव आपके स्वभाव पर पड़ेगा अहम की भावना जागृत होगी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) माउंट एरेबस, हाल ही में समाचारों में देखा गया, किस महाद्वीप में स्थित है?

2) क्वाड राष्ट्रों में कौन से देश शामिल हैं?

3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

4) महामारी तैयारी का अंतर्राष्ट्रीय दिवस किस दिन मनाया जाता है?

5) ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

उत्तरमाला- (1) अंटार्कटिका (2) ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (3) वास्तविक सीमा पार तस्करी नेटवर्क समाप्त करने के लिए (4) 27 दिसंबर (5) जेद्दा, सऊदी अरब

शब्द सागर

फसलों में बीमारियां रोकने के लिए जैव नियंत्रकों का उपयोग करें : चंदेल

■ कृषि विवि में जैव-एजेंटों के मास मल्टीप्लीकेशन पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में जैवनियंत्रण एजेंट्स के व्यापक प्रसार पर हैंड्स-ऑनट्रेनिंग का आयोजन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर के वित्तीय सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने छात्रों को कृषि के बदलते स्वरूप और जैविक उपायों के महत्व से अवगत कराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जैविक कीट नियंत्रण के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. चंदेल ने कहा कि हमें ब्राज़ील के उदाहरण से सीखना चाहिए, जहाँ मच्छरों के नियंत्रण के लिए जैव नियंत्रण एजेंट्स का सफल उपयोग किया गया है। उन्होंने रासायनिक पदार्थों के उपयोग को कम करने और सामुदायिक स्तर पर जैविक नियंत्रण के उपाय अपनाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में डॉ. संजय शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने कहा कि आज की कृषि पूरी तरह बाजार-केन्द्रित हो चुकी है, और जैव नियंत्रण एजेंट्स उद्यमिता के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हो सकते हैं। डॉ. आरती गुहे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, रायपुर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे आज अर्जित किए गए ज्ञान को आगे साझा करने के माध्यम बनें, ताकि यह जानकारी समाज के अन्य सदस्यों तक पहुँच सके। छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफसाइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधि डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे शोध एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन बार-बार किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों के साथ-साथ कृषक समुदाय को भी नई तकनीकों की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में डॉ. एस. एस. टुटेजा, निदेशक विस्तार सेवाएं भी मौजूद थे। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के 20 विभिन्न महाविद्यालयों से 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल एक शैक्षणिक अनुभव रहा, बल्कि टिकाऊ कृषि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम भी साबित हुआ।

प्रशिक्षण के तकनीकी सत्रों में देश के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने व्याख्यान दिए। डॉ. ऋचा वार्ष्णेय (वैज्ञानिक, एन बी ए आई आर, बेंगलुरु), डॉ. विशाल सिंह सोमवंशी (आई एआर आई), और डॉ. विनोद निर्मलकर, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर ने जैव-एजेंटों के मास मल्टीप्लीकेशन और कृषि में उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण व्यावहारिक सत्र रहा, जहाँ छात्रों को जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में ले जाया गया। वहां उन्हें जैव-एजेंटों के बड़े पैमाने पर गुणनकी विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संयोजक डॉ. बी. पी. कतलम और आयोजन सचिव डॉ. योगेश मेश्राम के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. गजेंद्र चंद्राकर, डॉ. सोनाली देवले, डॉ. विकास सिंह, और डॉ. राजेश कुमार एक्का ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर कीट विज्ञान विभाग के शोध छात्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

धान कटाई ने अब पकड़ी रफ्तार, उत्पादन गिरावट से चिंतित भी

मौसम साफहोने के बाद लखौली क्षेत्र के गावों में अब धान कटाई ने रफ्तार पकड़ ली है। हार्वेस्टरों की गड़गड़ाहट और खेतों में काम करते किसानों की आवाजें एक बार फिर कृषि क्षेत्र में रौनक ला रही है। लेकिन इस खुशी के बीच किसानों के चेहरों पर चिंता की गहरी लकीरें भी हैं, क्योंकि इस बार धान का उत्पादन सामान्य से काफी कम हुआ है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष मौसम के उतार-चढ़ाव और धान की फसल पर लगी बीमारियों ने उत्पादन को गहरा नुकसान पहुंचाया है। भूरा माहो, लालदाना, शित ब्लास्ट जैसी बीमारियों ने धान की बाली को प्रभावित किया, जिससे दाने का भराव कमजोर रहा। गांव-गांव में किसानों ने समय रहते 5-6 बार दवाइयों का छिड़काव भी किया, पर असर उम्मीद के अनुसार नहीं दिखा। किसानों ने बताया कि पिछले साल जहां प्रति एकड़ औसत उत्पादन 20 से 22 क्विंटल तक पहुंचा था, वहीं इस बार यह घटकर केवल 12 से 16 क्विंटल रह गया है। लखौली के किसान जितेंद्र साहू ने बताया कि 10 एकड़ खेत की कटाई में 35 हजार रुप हार्वेस्टर का खर्च आया जबकि उत्पादन मात्र 300 कट्टा मतलब 120 क्विंटल रहा। उन्होंने कहा कि इस बार खेत में फसल तो हरी-भरी दिख रही थी, लेकिन बीमारी के चलते उत्पादन पिछले साल की अपेक्षा आधा ही रहा। बीमारी ने पूरा नुकसान कर दिया। जितना लगाया उससे आधा भी वसूल नहीं हो पा रहा है। वहीं ग्राम लखौली रीवा गुजरा देवदा कुकरा संडी नारा के

किसानों ने बताया किलगातार मौसम की खराबी व बारिश से विभिन्न प्रकार के बीमारियों ने फसल को कमजोर कर दिया। किसानों का कहना है कि अब उम्मीद शासन और प्रशासन से है। उन्होंने फसल बीमा राशि और विशेष राहत सहायता देने की मांग की है, ताकि इस आर्थिक झटके से कुछ राहत मिल सके। किसान संगठनों का कहना है कि बीमा कंपनियों द्वारा खेतों का सर्वे जल्द कराया जाए, जिससे वास्तविक नुकसान का आकलन हो सके। ग्राम लखौली के प्रगतिशील किसान लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर ने बताया कि सवा एकड़ फसल को हाथ से कटवाया जिनकी लागत 8 हजार रुपए आया जबकि 10 एकड़ धान की हार्वेसटर से करवाया कटाई खर्चा 54 हजार रुपए आया जबकि उत्पादन मात्र 6 6 ट्राली से कम निकला जो पिछले साल की अपेक्षा आधा से भी कम है। श्री चन्द्राकर ने कहा कि शासन से उम्मीद है कि किसानों को राहत दे।

संक्षिप्त खबरें

छरछा जलाशय योजना हेतु 3.31 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कोरिया जिले के विकासखण्ड-बैकुण्ठपुर की छरछा जलाशय योजना के बांध एवं नहर के नवीनीकरण एवं वाटर कोर्स के निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ 31 लाख 2 हजार रूपए स्वीकृत किए है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से योजना के कार्य कराने मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

जिला एवं तहसील स्तरीय मतदाता हेल्प डेस्क में सुपरवाइजर नियुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत जिला एवं सभी तहसील स्तरों पर मतदाता हेल्प डेस्क तथा आई.टी. डेस्क की स्थापना की गई है। इस संबंध में पात्र मतदाताओं को सहायता प्रदान करने तथा प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु बी.एल.ओ. सुपरवाइजरों की नियुक्ति की गई है। जिला स्तरीय में श्रीमती रौशनी - 0771-2421812, तहसील स्तरीय में धरसींवा :- भावेश वर्मा पटवारी, खरोरा :- अनिमेश श्रीवास्तव पटवारी, तिल्दा :- दिनेश कुमार डहरिया पटवारी, मंदिरहसौद :- ओम प्रकाश देवांगन पटवारी, आरंग :- श्री महेंद्र वर्मा पटवारी, रायपुर :- हेमंत भतपहरी ऐ.आर.आई, अभनपुर :- श्री नन्द कुमार साहू पटवारी, गोबरा-नवापारा :- अकक्ष चंद्राकर पटवारी को नियुक्त गया है । मतदाता हेल्प डेस्क में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन तथा EPIC संबंधित जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

संविधान की किताब लहराने वाले पढ़ते नहीं हैं : डॉ. मिश्रा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने सोमवार को 'एकात्म परिसर' में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संविधान की किताब लहराने वाले उसे पढ़ते नहीं हैं। भारत चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है। उस पर वोट चोरी जैसे आरोप लगाकर कांग्रेस अपने बनाए 'बीएलए' पर अविश्वास जता रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य एक सतत प्रक्रिया है। हर पांच साल में मतदाता सूची अपग्रेड की जाती है। इस बार चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्णय लिया है, जो गत 4 नवंबर से प्रारंभहो चुका है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने बीएलओ की नियुक्ति कर दी है। साथ ही राजनीतिक दलों से भी बीएलए बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान यदि कोई बीएलओ गलत कर रहे हैं, तो उस पर कांग्रेस के बीएलए को आपत्ति करने का अधिकार है, लेकिन पुनरीक्षण के दौरान कांग्रेस के बीएलए सब कुछ ठीक बताते हैं और बाद में फर्जी मतदाता, फर्जी मतदान और वोट चोरी जैसे दुष्प्रचार करते हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस को अपने बनाए बीएलए पर भरोसा नहीं है। बीएलए कांग्रेस का ही कार्यकर्ता होता है, कांग्रेस अपने ही कार्यकर्ता पर भरोसा न कर एक तरह से कार्यकर्ताओं की निष्ठा पर सवाल उठा रही है।

सीएम साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास को मिल रही नई गति

वित्त विभाग से कुनकुरी क्षेत्र के परियोजनाओं को मिली मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के अंतर्गत विधानसभा कुनकुरी में विभिन्न परियोजनाओं के लिए वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति और सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई है।

वित्त विभाग ने तुमला से मेडर (ओडिशा सीमा) तक 12.80 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य के लिए 27.73 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इस मार्ग के बन जाने से सीमावर्ती गांवों की कनेक्टिविटी सुधरेगी और व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

इसी प्रकार, विकासखंड कांसाबेल की मैनी नदी पर बगिया बैराज सह दाबयुक्त उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 79.38 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना से किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी।

कुनकुरी में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए वित्त विभाग ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु 359 करोड़ की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। इससे आदिवासी अंचल के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा और स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत बच्चों की नि:शुल्क हृदय जांच

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज शासकीय प्राइमरी स्कूल छतौना आरंग में 63 बच्चों की स्क्रीनिंग किया गया जिसमें छात्र 38 एवं छात्राएं 25 छात्राएं शामिल थीं, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 छतौना आरंग में कुल स्क्रीनिंग 14 बच्चों का किया गया जिसमें छात्र 05 एवं छात्राएं 09 छात्राएं शामिल थीं, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 छतौना आरंग में 45 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 19 छात्र एवं 26 छात्राएं शामिल रही तथा 01 बच्चा सस्पेक्टेड मिला। शिविर के दौरान बच्चों की जांच तेज धड़कन, वजन न बढ़ना, शरीर में नीलापन, बार-बार सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ तथा स्तनपान के समय पसीना आने जैसे लक्षणों के आधार पर की गई।

नाचा ने लोक नृत्य का किया प्रदर्शन, सीएम साय ने दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोक-कला ने विदेश की भूमि पर अपनी विशेष छाप छोड़ी।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की अनोखी झलक

नाचा के बे एरिया चैप्टर ने कार्यक्रम में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य को समर्पित एक आकर्षक स्टॉल लगाया, जिसमें राज्य के विशिष्ट उत्पादों, हस्तशिल्प, लोककला और पारंपरिक आभूषणों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। इस स्टॉल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और हस्तशिल्प की विविधता को प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने अत्यंत सराहा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य का मनमोहक प्रदर्शनका मुख्य आकर्षण रहा, जिसने वहां मौजूद भारतीय प्रवासी समुदाय और अन्य देशों के प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में प्रस्तुत यह लोकनृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि उसने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की आत्मा को भी सजीव कर दिया।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति को विश्व भर में फैलाने का उद्देश्य: नाचा के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाषा और लोक परंपरा को विश्व के विभिन्न हिस्सों तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि प्रवासी छत्तीसगढ़वासी अपने मूल राज्य की पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस आयोजन ने उन्हें अपनी जड़ों से भावनात्मक रूप से जोड़ने का एक सशक्त अवसर प्रदान किया।

एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। बैंक ऑफ़ बड़ौदा एमएसएमई को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने अब तक 10,000 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जिससे उद्यमियों के वित्तीय विकास में उसकी भूमिका और मजबूत हुई है।

इसी क्रम में बैंक ऑफ़बड़ौदा ने 8 नवंबर 2025 को रायपुर में एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमारे बैंक के कार्यपल्क निदेशक श्री लाल सिंह थे । श्री सिंह ने एमएसएमई ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि÷हमारा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने और उनके लिए अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक पहुँच बढ़ाने की एक रणनीतिक पहल है।स्स्स्ध क्षेत्र – हमारे देश की आर्थिक रीढ़ है। यह क्षेत्र न केवल करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, बल्कि ÷मेक इन इंडिया÷ और ÷आत्मनिर्भर भारत÷ के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाता है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा, देश का अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक होने के नाते, स्स्स्ध ग्राहकों को समय पर वित्तीय सहायता, परामर्श, और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है÷। इस अवसर पर रायपुर अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री दिवाकर पी सिंह ने कहा कि ÷बैंक ऑफ़ बड़ौदा एमएसएमई को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैंक ने अब तक 10,000 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

धान उपार्जन... डिस्प्ले होंगे धान उपार्जन केंद्रों में कॉल सेंटर के नंबर

15 नवम्बर से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

■ अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी 15 नवम्बर से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की तैयारियों को लेकर आज रेडक्रॉस सभाकक्ष कलेक्ट्रेट में अपर मुख्य सचिव एवं रायपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा ने समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों ताकि कृषकों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या न हो। किसानों को सुगमता से धान विक्रय की सुविधा मिले और भुगतान जल्द किया जाए।

प्रभारी सचिव श्रीमती शर्मा ने कहा कि कोचियों एवं अवैध धान विक्रय-परिवहन पर निगरानी रखे एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खरीदी में धान की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए तथा तेजी से धान का उठाव सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि स्टेकिंग धान की किस्म के अनुसार सही तरीके से की जाए। श्रीमती शर्मा ने सभी उपार्जन केंद्रों में कॉल सेंटर के नंबर चस्पा किए जाने के निर्देश दिए, ताकि कृषक किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल दे सकें और उसका निराकरण समयबद्ध रूप से किया जा सके।

बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के लिए रायपुर जिले में कुल 1,34,037 किसान पंजीकृत हैं और 1,26,921 हेक्टेयर क्षेत्र में धान का रकबा है। जिले में 139 उपार्जन केंद्र है। जिला स्तरीय कंट्रोल कमांड सेंटर स्थापित किया गया है, जिसमें जिला एवं ब्लॉक स्तरीय दल एवं उड़नदस्ता का गठन किया गया है। रायपुर जिले में अवैध धान परिवहन रोकने के लिए 5 चेक पोस्ट बनाए गए हैं तथा 43 कर्मियों की तैनाती उड़नदस्ते में की गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों का चिन्हांकन कर प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही तहसीलदार की अध्यक्षता में गुणवत्ता जांच दल का गठन एवं बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, कर्मचारियों का जन्मदिन बना यादगार

■ शासकीय कर्मचारी बच्चों संग साझा कर रहे हैं खुशियाँ

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित ÷प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ÷ का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं।

इसी क्रम में आज वायरमैन सुश्री सुधा वर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र 1 रायपुर, स्पेशलिस्ट पीडियाट्रिसिएन डॉ विकास तिवारी ने आंगनबाड़ी केंद्र 2 चरौदा आरंग, शिक्षक मोहम्मद अरशद खान ने मायाराम सुरजन स्कूल चौबे कॉलोनी, हेल्थ ऑफीसर श्री छत्रपति देवांगन ने आंगनबाड़ी केंद्र 1 टीला, अभनपुर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जन्मदिन की पूर्व संध्या पर 11 कर्मचारियों को ई-कार्ड और एसएमएस के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित कर उन्हें सामाजिक सरोकार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

जनसुनवाई या जन-मनवानी, एसडीएम के रवैये से मचा बवाल

ग्रामीण बोले – जब सब पहले ही तय है तो सुनवाई की नौटंकी क्यों?

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। 17 नवंबर को मेसर्स ग्रीन सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग प्रा. लि. की प्रस्तावित जनसुनवाई से पहले ही विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एसडीएम वर्षा बंसल खुद प्रभावित गांवों के लोगों को बुलाकर समझाने और मनाने का काम कर रही हैं। इस कदम ने प्रशासनिक पारदर्शिता पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं।

क्या है मामला

मेसर्स ग्रीन सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग प्रा. लि. कंपनी की जनसुनवाई 17 नवंबर को आयोजित की जानी है, जिसमें धौराभांठा,लालापुर,जोंगिपाली, कपिसदा (ब) और सरसरा के ग्रामीणों को बुलाया गया है। लेकिन जनसुनवाई से पहले ही कई ग्रामीणों को एसडीएम कार्यालय में बुलाकर समझाइश दी गई कि परियोजना विकास के लिए है, ज्यादा विरोध न करें। इससे ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई।

ग्रामीणों की नाराजगी

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्हें बुलाकर कहा जा रहा है कि ज्यादा विरोध मत करो, सब विकास के लिए है। अगर सब

पहले से तय है तो जनसुनवाई का नाटक क्यों किया जा रहा है? यह सुनवाई नहीं, प्रशासनिक मनवानी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हुई, तो वे बड़े स्तर पर विरोध करेंगे।

एसडीएम की चुप्पी पर उठे सवाल

जब मीडिया ने एसडीएम वर्षा बंसल से पूछा कि आप जनसुनवाई से पहले ग्रामीणों को क्यों समझा रही हैं? तो उन्होंने इस पर कुछ भी नही कहना कहकर अपने चेम्बर से उठकर चली गई। उनका यह जवाब अब चर्चा का विषय बन गया है। कई लोगों का कहना है कि यह चुप्पी पारदर्शिता नहीं, बल्कि जवाबदेही से बचने की कोशिश है।

प्रशासन में हलचल

मामले के तूल पकड़ने के बाद प्रशासनिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी के दस्तावेज़ पहले ही एसडीएम कार्यालय में जमा किए जा चुके हैं और तैयारी पूरी हो चुकी है। हालांकि अभी तक जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

ग्रामीण प्रतिनिधियों की मांग

जनसुनवाई जनता की राय का मंच है, न कि मनवाने का माध्यम। अगर पहले से राय तय कर ली गई, तो लोकतंत्र की आत्मा पर आघात होगा।जनसुनवाई से पहले समझाने की कार्रवाई ने पूरी प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगा दिया है। अब सबकी निगाहें 17 नवंबर पर टिकी हैं कि क्या उस दिन सचमुच जनता की आवाज़ गूंजेगी, या फिर प्रशासनिक जन-मनवानी का ही प्रदर्शन होगा?

स्कूली बालिकाओं को आत्मरक्षा ट्रेनिंग देने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से 14 नवंबर तक आवेदन आमंत्रित

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले के 107 शासकीय हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना अंतर्गत स्कूल बालिकाओं को जुडो, कराते, ताइक्वाँडो, किक, बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट, में पंजीकृत एवं दक्ष महिला खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से 14 नवंबर 2025 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय खेलभाठा सारंगढ़ 496445 में पंजीकृत डाक या स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षकों को प्रतिमाह 5 हजार मानदेय होगा।

रेत उत्खनन पट्टा आबंटन के ई नीलामी में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 13 नवंबर

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिले के 5 रेत खदानों जसपुर, दहिदा, बरगांव, मिरचिद अ और मिरचिद ब के 4.99 हेक्टेयर रकबा क्षेत्र का उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाएगा। कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स आक्शन) के माध्यम से उत्खननपट्टा आबंटन हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदारों से इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स आक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 13 नवंबर 2025 तक निविदा जमा की जाएगी। बोलियां केवल आनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। ईनीलामी में शामिल होने वालों के लिए आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड, पेनकार्ड, निवास पत्र, पॉवर ऑफ़अटॉरनी (फर्म, कम्पनी) जीएसटी (फर्म, कम्पनी) पेन कार्ड, खनिज बकाया के संबंध में शपथ पत्र, नो ड्यूज शपथ पत्र, कैंसिल चेक, डिजिटल सिग्नेचर, मोबाईल नंबर, ईमेल, बैंक खाता विवरण शामिल है।

निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनिरीक्षण जिला स्तरीय बैठक आज

कांकेर/नवप्रदेश। 12 नवम्बर को राजीव भवन कांकेर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में एस.आई.आर. निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनिरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत् घर-घर गणना 04 नम्बर 2025 को प्रांरभ हो चुका हैं। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार 12 नवम्बर 2025 दिन बुधवार, को दोपहर 12:00 बजे राजीव भवन कांकेर में आहुत की गई है। उक्त बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी एसआईआर. मॉनिटरिंग समिति के कांकेर लोकसभा संयोजक बिरेश ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।उपरोक्त बैठक को सफल बनाने हेतु आप समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण वरिष्ठ कांग्रेस, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस.एनएसयूआई. सेवादल.किसान कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस.समस्त निर्वाचित जन प्रतिनिधिगण, पूर्व विधायकगण.पार्षद.पूर्व पार्षद जिला पंचायत जनपद पंचायत के सदस्य आईटी.सेल के पदाधिकारीयो को उपस्थित होने को कहा गया है।

जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन 15 को

कांकेर/नवप्रदेश। भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी शासकीय संस्थानों, आश्रम-छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों में भी जनजातीय गौरव दिवस मनाने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्यों, जनजातीय समुदाय के प्रमुखों का सम्मानित किया जाएगा। सभी जनजातीय ग्रामों, विकासखण्डों में लाभार्थी संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन खाता, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्य आदि के संतृप्तिकरण के लिए सेवा प्रदाय एवं वितरण किया जाएगा। सिकल सेल जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प भी आयोजित होंगे। जिले के सभी आदि सेवा केन्द्रों में गौरव दिवस का आयोजन कर जनजातीय महापुरूष, स्वतंत्रता संग्राम के नायक-नायिकाओं के चित्र पर माल्यार्पण आदि कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां जैसे- प्रभात फेरी, जन-जागरूकता यात्रा, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम, आश्रम-छात्रावास की साफ-सफाई, वृक्षरोपण एवं जनजातीय नायक-नायिकाओं के विषय पर संगोष्ठी, वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध लेखन एवं भाषण आदि का आयोजन के साथ प्रतिभावन बच्चों का सम्मान किया जाएगा।

पुरुषों के लिए 5 तो महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा का आयोजन

कांकेर/कोरर/ नवप्रदेश। नागरिकों को शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इन्टरनेशनल हेल्थ एन्ड फिटनेस एसोसिएशन द्वारा डॉ. रुखसार नबी संयोजक बस्तर संभाग एवं आयोजन सचिव नबी मोहम्मद के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पुरुषों के लिए 5 किलोमीटर एवं महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा का आयोजन ग्राम कोरर में श्रीमती झरना ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, बिरेश ठाकुर उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी, पियूष कश्यप मंडल अध्यक्ष, हेमंत् ध्रुव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, अनूप सिंह राठौरअध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंध समिति, सौरभ ठाकुर पूर्व सरपंच की आतिथ्य में आयोजित किया गया।प्रतियोगिता की संयोजक राजेंद्र नेताम ने बताया की 29 अगस्त 2019 को माननीय प्रधानमंत्री ने शारीरिक फिटनेस को

जीवन का एक तरीका बनाने के उद्देश्य से फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी।आज इस पैदल चाल स्पर्धा के माध्यम से लोगों में नियमित शारीरिक गतिविधियां और खेलों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इस प्रतियोगिता में 57 पुरुषों एवं 43 महिलाओं ने अपनी भागीदारी निभाई पुरुष वर्ग में क्रमशः 1 से 10 दुष्यंत कडियाम, जितेंद्र कुमार, प्रतीक कुमार, तामेंद्र पिद्दा,तुषार सोनी, परवेश, पुलस्त कुमार साहू, वैभव कुमार बढ़ाई, पंकज यादव, आयुष ठाकुर रहे, एवं महिला वर्ग में क्रमशः लभांशी जैन, भिनेश्वरी, लीना कांगे, मधु साहू, रितिका उसेण्डी, राधिका, पूर्वा साहू, दीक्षा कांगे, केशिखा नेताम,याचना भूआर्य रही, जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती झरना ध्रुव सदस्य जिला पंचायत ने कहा कि आज लोगों की जीवन शैली विशेष कर युवाओं की जीवन शैली में विशेष बदलाव की जरूरत है, और ऐसे आयोजन से बदलाव लाया जा सकता है पूर्व अध्यक्ष हेमंत ध्रुव जी ने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पैदल चलना बहुत आवश्यक है। यह हमें बहुत से रोगों से भी मुक्त करता है।साथ ही हमारे दैनिक जीवन के क्रियाकलापों को भी प्रभावित करता है।इस मंच से वरिष्ठ प्रतिभागी कान्तु राम सिन्हा को भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डेविड गिलहरे व्याख्याता, अनुपम जोफर व्याख्याता का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत सोनकर शिक्षक एवं अनिल यादव द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन शिवराज टांडिया प्राचार्य द्वारा किया गया।

बस्तर में अवैध ईसाई धर्मांतरण मुद्दे पर सर्वसमाज की बैठक

■ **क्रिश्चन समाज की विरोध रैली हुई पूरी तरह असफल**

कांकेर/नवप्रदेश। 10 नवम्बर को कांकेर जिला मुख्यालय में तथाकथित राष्ट्रीय ईसाई मंच द्वारा अवैध धर्मांतरण को वैचारिक आवरण देने के उद्देश्य से रैली का आव्हान किया गया था। प्रशासन द्वारा अनुमति न मिलने के बावजूद यह समूह आयोजन पर अड़ा रहा जिससे जिले में सुबह से ही तनाव का माहौल बन गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पूरे शहर में सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी वहीं सर्वसमाज ग्राम सभाएँ आदिवासी समाज के सदस्य बड़ी संख्या में एकत्रित होकर स्थिति पर निगरानी बनाए रहे।सर्वसमाज का आरोप है कि यह तथाकथित संगठन भारत के महान पुरुषों महात्मा गांधी, डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर स्वामी विवेकानंद भगवान बिरसा मुंडा महर्षि दयानंद सरस्वती, आदि शंकराचार्य सरदार वल्लभभाई पटेल और महाराणा प्रताप सिंह के चित्रों का दुरुपयोग कर समाज में वैचारिक भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है, जबकि इन्हीं महापुरुषों ने जीवनभर राष्ट्रधर्म, सत्य और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए कार्य किया था। रैली के विरोध में सर्वसमाज की एकजुटता इतनी प्रबल रही कि उक्त संगठन अपने आयोजन में सफल नहीं हो पाया।जब रैली असफल रही तो अवैध धर्मांतरण कराने वाले समूह ने एलआईसी ऑफिस के बगल एक निजी निवास में तथाकथित प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का असफल प्रयास किया जहाँ सामने सड़क पर सर्वसमाज की भीड़ एकत्र हो गई सर्वसमाज ने शांतिपूर्ण तीखा विरोध दर्ज कराया और स्पष्ट चेतावनी दी कि अब बस्तर में भारत के महापुरुषों का नाम लेकर धर्मांतरण का खेल किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएगा।

24 घंटे के अंदर हल्बा पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई

कांकेर/नवप्रदेश। 08नवंबर 2025 को ग्राम किलेपार में संतुराम देशमुख की हत्या की सुचना मिलने की सूचना पर थाना नरहरपुर प्रभारी निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल चौकी हल्बा प्रभारी निरीक्षक कोमल भूपेन्द्र पटेल के हमराह टीम गठित कर मौका पहुंचकर शव का निरीक्षण कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक संतु राम देशमुख पिता बरातु देशमुख उम्र 54 वर्ष की हत्या करना का मामला पाये जाने से चौकी हल्बा थाना नरहरपुर में अपराध 136/2025 धारा 103 (1) [illegible] कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरताः के मद्देनजर उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. ऐलेसेला के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, अनुविभागीय

अधिकारी पुलिस कांकेर अविनाश ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल, निरीक्षक कोमल भूपेन्द्र पटेल चौकी प्रभारी हल्बा के नेतृत्व में टीम गठित कर मामले में अज्ञात आरोपी की पतासाजी प्रारंभ कर घटना स्थल के आसपास लोगों व ग्रामीणों से बारिकी से पूछताछ किया गया और अज्ञात आरोपी के पतासाजी के लिय मुखबिर तैनात किया गया। जिससे पुलिस को जानकारी मिली कि कैटिज कुलदीप नामक व्यक्ति घटना के समय घटना स्थल के आसपास देखा गया है। संदेही कैटिज कुलदीप को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पुछताछ किया गया जिसने आरोपी कैटिज कुलदीक के द्वारा बताया कि 08 नवंबर 2025 के दोपहर करीब 03.00 बजे वह मृतक जिस मकान में रहता था उसके बाड़ी में अनाधिकृत रूप से पाया गया।

शिक्षक प्रशिक्षण शिखा चौधरी ने दिया कक्षा प्रबंधन में दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज सी.बी.एस.ई. हायर सेकेण्डरी स्कूल मे दिनांक 11/11/2025 को सी.बी. एस.ई. रिर्सोस पर्सन शिखा चौधरी द्वारा पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल कांकेर के शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कक्षा प्रबंधन में दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की भूमिका बताते हुये कहा कि कक्षा प्रबंधन किसी भी शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण कौशल है। एक प्रशिक्षित शिक्षक न केवल अनुशासन बनाए रखता है बल्कि विद्यार्थियों के लिए सीखने का अनुकूल वातावरण भी तैयार करता है। उन्होंने आगे कहा की एक सफल शिक्षक वह है जो दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण दोनों को मिलाकर अपनी कक्षा को संचालित करता है। उन्होंने

दूरदर्शिता का अर्थ बताते हुये कहा की बुद्धिमानी और स्थिति को पहले से पहचानने की क्षमता। शिक्षक में यह गुण होना चाहिए कि वह विद्यार्थियों की मानसिकता, उनकी रूचियों और समस्याओं को समझ सके और समय से पहले सही निर्णय ले सकें। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अर्थ तथ्यों, प्रमाणों और तर्क के आधार पर निर्णय लेना। शिक्षक अपनी कक्षा में प्रयोगात्मक, अवलोकनात्मक और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। साथ ही बच्चों को दिये जाने वाले गृह कार्य, प्रोजेक्ट एवं मॉडल को अच्छा एवं उपयोगी कैसे बना सके, उन्होंने इसका सुझाव दिया, यह कार्यक्रम पैराडाइज स्कूल के सभी शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण रहा।

गर्भवती महिला हेमलता ने किया फीता काटकर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का शुभारंभ

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। हाईरिस्क प्रेग्नेंसी का विशेष देखभाल के मद्देनजर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के निर्देश पर बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशी जायसवाल के नेतृत्व में आए हुए गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष सम्मान का आयोजन किया गया। इसके लिए बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को रंगोली से सजाया गया था। इस अवसर पर सभी गर्भवती महिलाओं का तिलक लगाकर और पुष्प से उनका सम्मान किया गया। इसके बाद गर्भवती महिलाओं को बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ के द्वारा सम्मान किया गया। गर्भवती महिला हेमलता साहू ने बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया।

बिलाईगढ़ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशी

जायसवाल ने कहा कि राज्य शासन, सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर डॉक्टर संजय कन्नौजे और मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ एफ आर निराला के निर्देशन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया गया है जिसमें जितने भी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं है जिनकी समस्त जांच किया जा रहा है जिसमें ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, और सोनोग्राफी आदि शामिल है बीएमओ ने कहा कि ÷छत्तीसगढ़ की महतारी, हम सब की जिम्मेदारी÷ इस थीम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं का विशेष इलाज किया जा रहा है।

बिलाईगढ़ अस्पताल में दी जा रही निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा: बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते एक माह से गर्भवती महिलाओं के लिए निः शुल्क सोनोग्राफी की सुविधा हर माह 9 और 24 तारीख को निर्धारित किया गया है, जिससे सोनोग्राफी में होने वाले खर्चे से अब ग्रामीणों को राहत मिल रही है। इसके लिए बिलाईगढ़ क्षेत्र के रहने वाले डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े जो कि सोनोलॉजिस्ट है इनके द्वारा निःशुल्क महिलाओं का सोनोग्राफी कर अपनी सेवा दे रहे हैं।

निधन

सरोज देवी शर्मा

कांकेर/नवप्रदेश। दैनिक भास्कर कांकेर के ज़िला प्रतिनिधि राजेश शर्मा की माता सरोज देवी शर्मा पति स्वर्गीय बंशी लाल शर्मा 82 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास बरदेभाठा से 12 नवंबर को सुबह 9.30 बजे निकाली जाएगी। वे अपने पीछे तीन पुत्री और एक पुत्र के साथ पोते पोती नाती नतिनी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

नोट :- अंतिम यात्रा मुक्तिधाम नहीं जाएगी क्योंकि उन्होंने अपने देह को मेडिकल कॉलेज के लिय देहदान किया है।

प्रथम पेज का शेष

टाटामारी का सूर्योदय और पुसपाल ...

समुदायों को स्थायी रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण मिल सके।

सूर्योदय का अद्भुत नजारा देख सकेंगे

इस ईको-टूरिज्म सर्किट की शुरुआत केशकाल के प्रसिद्ध टाटामारी व्यू प्वाइंट से होगी, जहां पर्यटक सूर्योदय का अद्भुत नजारा देख सकेंगे। इसके बाद सैलानी मर्दापाल के देवगुड़ी दरबार पहुंचेंगे, जहां बस्तर के 41 परगनों की पारंपरिक आस्था स्थलों की प्रतिकृतियां स्थापित की जाएंगी। यहां बटरफ्लाई पार्क, औषधीय उद्यान, चिल्ड्रन पार्क, फलदार वृक्ष क्षेत्र और व्हाइट वॉटर रिवर राफ्टिंग जैसी गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं।

इंद्रावती नदी में भी रिवर राफ्टिंग की योजना

मर्दापाल से करीब 20 किलोमीटर दूर पुसपाल वैली व्यू प्वाइंट को सूर्यास्त देखने के लिए विकसित किया जा रहा है। यहां पहाड़ी की चोटी पर लकड़ी और मिट्टी से बने ईको कॉटेज, वॉच टावर, नाइट कैंपिंग जोन और स्टार-गैजिंग प्वाइंट पर्यटकों को प्राकृतिक अनुभव देंगे। इस स्थल से महज 2.5 किलोमीटर की दूरी पर बहती इंद्रावती नदी में भी रिवर राफ्टिंग की योजना है।

गुजरात और छत्तीसगढ़ ...

भाइयों की मौजूदगी न हो। उन्होंने कहा गुजरात और छत्तीसगढ़ मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

अहमदाबाद में इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम

साय ने कहा कि गुजरात जिस तरह देश और दुनिया की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, उसी दिशा में छत्तीसगढ़ भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के पास उद्यम है, तो छत्तीसगढ़ के पास ऊर्जा, खनिज, कुशल जनशक्ति और आकर्षक औद्योगिक नीति है जो निवेशकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं।

इन कंपनियों ने निवेश ...

लगाएगी। इसके लिए 700 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, जिससे 500 लोगों को रोजगार मिलेगा।

6. मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना के लिए ?300 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया गया है। यह स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम होगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार भी बढ़ेगा।

7. सफायर सेमीकॉम प्राइवेट लिमिटेड- यह कंपनी सेमी कन्डक्टर के निर्माण क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में 120 करोड़ का निवेश करेगी, जिससे 4000 रोजगार सृजन होगा।

किला ब्लास्ट मामले ...

रहा है कि कोई भी पहलू अनदेखा न रहे। इस जांच टीम में मुख्य रूप से तेजतर्रार अधिकारियों को ही शामिल किया गया, जिससे जांच के दौरान किसी भी प्रकार की विसंगति न रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस ब्लास्ट की जांच के लिए 1 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, ताकि इसके संबंध में किसी भी प्रकार का क्लू मिल सके। लाल किले के पास आई-20 कार में जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके की वजह से आसपास के लोग दहल गए। इस धमाके की जद में आकर अब तक 10 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। केंद्र सरकार की तरफसे कहा गया है कि इस हमले में संलिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। इस ब्लास्ट की जांच की जा रही है। लाल किले के पास हुए इस ब्लास्ट के बाद पुलिस की तरफ से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मोबाइल कम्युनिकेशन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है ताकि किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके। उधर, इस ब्लास्ट के बाद विभिन्न राज्यों की पुलिस अब अलर्ट मोड पर आ चुकी है। जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है। खासकर सीमावर्ती इलाकों में आवागमन करने वाले वाहनों की भी सघन जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

बिहार चुनावः पांच बजे तक ...

मतदाताओं के मतदान के लिए 45399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5326 शहरी क्षेत्र में जबकि 40073 ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित है। चुनाव के दूसरे चरण में जिन 122 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें एनडीए की ओर से 122 उम्मीदवार और महागठबंधन के 127 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

एनडीए की ओर से इस चरण में भाजपा के 53 प्रत्याशी, जदयू के 44, लोजपा (रामविलास) के 15 , हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के छह, लोजपा (रामविलास) के 15 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

टॉप नक्सली की माताओं ...

से जुड़े हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

टीम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर आईजी सुंदरराज, कलेक्टर सुकमा देवेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चौहान और पुवर्ती के ग्रामवासी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

जनजातीय गौरव दिवस : जिला स्तरीय आयोजन 15 को

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर 15 नवम्बर को महात्मा गांधी कला मंदिर ऑडिटोरियम सिविक सेंटर भिलाई में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के सफल कियान्वयन के लिये अपर कलेक्टर योगिता देवांगन को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी और डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा व सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश श्रीवास को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन निर्धारित तिथि व समय में सुनिश्चित करने कहा गया है।

यशड्रीम रियल इस्टेट लिमिटेड के निवेशकों को वापस होगी राशि

दुर्ग। कलेक्टर कार्यालय की चिटफंड शाखा में यशड्रीम रियल इस्टेट लिमिटेड कंपनी की संपत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि, निवेशकों को वापसी के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया जारी है। जिन निवेशकों ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किए हैं, उनमें से कुछ के दस्तावेज़ों में कमी पाई गई है, जिसके कारण उन्हें भुगतान रोका गया है। चिटफंड शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ निवेशको द्वारा आवेदन पत्र के साथ मूल बांड पेपर जमा नहीं किया गया है और कुछ निवेशकों द्वारा अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी (बैंक पास बुक की पठनीय छायाप्रति) प्रस्तुत नहीं की गई है। सूची में दर्शित यशड्रीम रियल इस्टेट लिमिटेड कंपनी के ऐसे निवेशक जिनके द्वारा अपूर्ण दस्तावेज या अपने आवेदन के साथ मूल बाण्ड की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है, उनको वांछित दस्तावेज जिला कार्यालय दुर्ग के चिटफण्ड शाखा (कक्ष क्र. 30) में कार्यालयीन समय में जमा करने कहा गया है। दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से निवेशकों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है।

पीएम आवास योजना : 11 हितग्राहियों की निकली लॉटरी

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी घटक) के तहत नगर निगम क्षेत्र में बोरसी क्षेत्र में बने पीएम आवासों के आवंटन प्रक्रिया के तहत आज लाटरी निकाली गई। कुल 11 हितग्राहियों की लॉटरी निकाली गई। महापौर अलका बाघमार सहित एमआईसी सदस्य, पार्षदों और अधिकारी उपस्थित रहे। चयनित हितग्राहियों ने योजना की प्रथम किश्त राशि जमा कर दी थी। शेष राशि 9 माह के भीतर शेष राशि जमा करना है। पूरी राशि 10 माह के भीतर जमा करने पर ही आधिपत्य पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, सावित्री दमाहे, रंजीता पाटिल, सुरुचि उमरे, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सचिन ताम्रकार सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जाहिदा बेगम को सम्पूर्ण राशि जमा करने के बाद आधिपत्य पत्र प्रदान किया गया।

आईआईटी भिलाई का पांचवां दीक्षांत समारोह : 269 स्नातक छात्रों को प्रदान की गई डिग्री

जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। आईआईटी भिलाई का पांचवां दीक्षांत समारोह सोमवार को परिसर के नालंदा हॉल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा रहे। कार्यक्रम में अदाणी सीमेंट के पूर्णकालिक निदेशक व सीईओ विनोद बाहेती विशेष अतिथि और डॉ. सुरेश हवारे गेस्ट ऑफ ऑनर थे। आईआईटी भिलाई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष ने समारोह की अध्यक्षता की।

दीक्षांत संबोधन में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने संस्थान की राज्य के समग्र विकास, विशेष रूप से जनजातीय समुदायों के उत्थान के प्रति की जा रही प्रतिबद्ध और सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने आईआईटी भिलाई के संकाय सदस्यों की भी सराहना की, जो विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास का नेतृत्व कर रहे हैं। सिन्हा ने सभी स्नातक छात्रों को बधाई दी और उन्हें ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित किया जो समाज के हित में हों और एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें।

विशिष्ट अतिथि विनोद बाहेती, डब्ल्यूटीडी और अदाणी सीमेंट के सीईओ ने स्नातकों को बधाई दी और छात्रों को पेशे में नैतिकता और सत्यनिष्ठा के महत्व की याद दिलाई, जो उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए पोषित किए जाने वाले महत्वपूर्ण मूल्य हैं। उन्होंने छात्रों को उत्कृष्ट सुविधाएँ प्रदान करने, उद्योग की माँगों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु संस्थान के भविष्य-तैयार परिसर और अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे की भी सराहना की। गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. सुरेश हवारे ने सभी स्नातक छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी जन्मजात प्रतिभा और अर्जित ज्ञान को निखारते हुए दृढ़ और मेहनती बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

इससे पहले दीक्षांत समारोह की शुरुआत अकेडमिक प्रोसेशन के आगमन के साथ हुई। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की पिछले वर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने संकाय द्वारा किए जा रहे उन्नत शोध परियोजनाओं पर प्रकाश डाला और बताया कि संस्थान का अनुसंधान एवं विकास बजट लगभग 36 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 13.93 करोड़ हो गया है।

प्रधानमंत्री ने 25 सितंबर को आयोजित एक वर्चुअल समारोह में आईआईटी भिलाई के फेज बी निर्माण की शिलान्यास पटिका का अनावरण किया। इस परियोजना की लागत 2,257.55 करोड़ है। परिसर में 1,51,343 वर्ग मीटर का नया निर्मित क्षेत्र जोड़ा जाएगा। फेज बी का एक प्रमुख भाग रिसर्च पार्क की स्थापना है, जो छत्तीसगढ़ राज्य में पहला होगा। यह पार्क शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच सहयोग को मजबूत करेगा और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के विकास के लिए एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि आईआईटी भिलाई के पूर्व छात्र पहले से ही उद्योग, उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

269 छात्रों ने किया ग्रेजुएशन

5 वें दीक्षांत समारोह में 269 छात्रों ने 2025 में स्नातक किया। इस बैच में 25 पीएचडी, 24 एमएससी, 58 एमटेक, 10 बीटेक (ऑनर्स) और 152 बीटेक छात्र शामिल थे। इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडल, डायरेक्टर गोल्ड मेडल और सेनेट अवार्ड्स का वितरण उपराज्यपाल द्वारा किया गया। उन्हें इंस्टीट्यूट गोल्ड मेडल सुदीप रंजन साहू बीटेक छात्र को दिया गया, जिनका सीजीपीए सबसे अधिक था। एमटेक में डायरेक्टर गोल्ड मेडल सूर्य केताराजू को प्रदान किया गया। बीटेक, बीटेक (ऑनर्स) और एमएससी में उत्कृष्ट महिला छात्रा के लिए डायरेक्टर गोल्ड मेडल अंकिता अवस्थी को दिया गया। सेनेट अवार्ड्स उन छात्रों को दिए गए जिन्होंने अपने-अपने शाखाओं और कार्यक्रमों में सबसे अधिक सीजीपीए प्राप्त किया।

बच्चों के भोजन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता से नहीं होगा कोई समझौता : कलेक्टर

- **प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा बैठक संपन्न**
- **कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में मिड डे मील तैयार करने एलपीजी गैस के उपयोग को अनिवार्य करने दिए निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत संचालन एवं मॉनिटरिंग समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी व संबंधित प्रभारी स्वयं विद्यालयों में जाकर मध्यान्ह भोजन का टेस्ट करें, ताकि भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने एलपीजी गैस के उपयोग को अनिवार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य अधिकारी को सभी स्कूलों में एलपीजी गैस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने आवश्यक कार्रवाई करने कहा। जिला शिक्षा अधिकारी को खाद्य अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत एलपीजी गैस से भोजन बनाया जा सके। कलेक्टर ने सभी स्कूलों में फर्स्ट एड किट अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिये। उन्होंने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण के दौरान स्कूलों की फर्स्ट एड किट की जांच करने कहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवाइयां एक्सपायर न हों।

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में निकटतम अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र का संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने विद्यालयों में मेजर रिपेयर बड़े मरम्मत कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिये। सभी स्कूलों में शौचालय और पेयजल की व्यवस्था की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम क्षेत्र के सभी स्कूलों में पानी की व्यवस्था न होने पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के भोजन और स्वास्थ्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

चाकू मारकर युवक की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। रविवार को देर रात तीन आरोपियों ने युवक योगेश विश्वकर्मा को चाकू से गोदकर मार डाला। पत्नी पर कमेंट किये जाने से हमलावर युवक तुषार नाराज था। इसी विवाद के बाद दो युवकों और एक नाबालिग ने योगेश पर चाकू से हमला कर दिया। घायल योगेश को उसके परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने योगेश को मृत घोषित कर दिया। मोहन नगर थाना क्षेत्र के शंकर नगर एरिया में हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने नाबालिग सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी केशव कोसले का कहना है कि तुषार की पत्नी पर योगेश ने कमेंट किया था। इसके अलावा तुषार और योगेश के बीच लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार को देर रात योगेश अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान तुषार नेताम अपने दोस्त तिलक वैष्णव और नाबालिग के साथ पहुंचा। बंद दरवाजे पर पत्थर मारकर योगेश को बाहर बुलाया। आरोपी योगेश को घर से कुछ दूर अपने साथ लेकर गए। पत्नी पर कमेंट और लेनदेन को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों ने मिलकर योगेश पर चाकू से हमला कर दिया। घायल योगेश को फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और हत्या का मामला दर्ज कर नाबालिग सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक योगेश की पत्नी पार्वती सोनकर शंकराचार्य अस्पताल में गार्ड का काम करती है। 2014 में अपने पहले पति को छोड़कर योगेश विश्वकर्मा के साथ पत्नी बनकर रह रही है।

विधायक रिकेश के प्रस्ताव पर विकास कार्यों के लिए 24.29 करोड़ स्वीकृत, सड़कों का होगा कायाकल्प

- **रिकेश ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का जताया आभार**

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 24 करोड़ 29 लाख 72 हजार रुपये की स्वीकृति मिली है। विधायक रिकेश सेन ने लगभग 24 स्थानों के लिए होने वाले आवश्यक कार्यों के लिए स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। वैशाली नगर विधानसभा के प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला, नेहरू नगर, जुनवानी, खम्हरिया, कैलाश नगर, घासीदास नगर, कुरूद, बैकुंठधाम, जवाहर नगर सहित लगभग दो दर्जन क्षेत्रों के लिए अनेक विकास कार्यों का प्रस्ताव विधायक रिकेश सेन ने राज्य सरकार को भेजा था, जिसे प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि सीएम विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत विकास कार्यों हेतु नगरीय निकाय एवं विकास के माध्यम से 24 करोड़ 29 लाख 72 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक और प्राकृतिक फुटबॉल मैदान निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 45 लाख 60 हजार रुपये, नेहरू नगर अंतर्गत 66 एमएलडी डब्ल्यूटीपी के वेस्ट वाटर से तालाब भरने हेतु खम्हरिया माईनर नहर का आरसीसी कव्हर किया जाएगा।

नाली सड़क सर्विस रोड जैसे मूलभूत कार्य होंगे

वार्ड-17 नेहरू भवन वार्ड अंतर्गत सिन्हा नर्सिंग होम से लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल तक नेशनल हाईवे के किनारे सर्विस रोड के डामरीकरण कार्य के लिए 88 लाख 97 हजार, जुनवानी एसबीआई कालोनी में सीसी रोड और नाली निर्माण 48 लाख 34 हजार, खम्हरिया भाठा क्षेत्र में सीसी रोड और नाली निर्माण क लिए 47 लाख 36 हजार, वार्ड 21 कैलाश नगर बघवा चौक से विद्युत पोल क्र. 21/360 राशन दुकान तक मार्ग का डामरीकरण एवं नाली निर्माण के लिए 70.65 लाख की स्वीकृति मिली है।

घासीदास और कैलाश नगर की खराब सड़कें सुधारेंगी

वार्ड-23 घासीदास नगर करबला मैदान के सामने मुख्य मार्ग का डामरीकरण व नाली निर्माण कार्य 56 लाख 31 हजार, कैलाश नगर विद्युत पोल क्र. 21/340 से 21/347 तक और वार्ड 23 घासीदास नगर अटल आवास मार्ग का डामरीकरण व नाली निर्माण कार्य 41.25 लाख, कुरूद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना भवन से सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तक सीमेंटीकरण मार्ग और नाली निर्माण कार्य 82.37 लाख, कैलाश नगर महावीर मार्ग का सीमेंटीकरण व नाली निर्माण 46 लाख, जवाहर नगर वेंडिंग जोन से ज्योतिबा फुले चौक तक मार्ग का डामरीकरण और नाली निर्माण कार्य के लिए 91.76 लाख की स्वीकृति मिली है।

मतदाताओं से अपील

दुर्ग। निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण और अर्हता 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में बीएलओ द्वारा समस्त मतदाताओं के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने मतदाताओं से अपील की है कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता का सत्यापन किये जाने के दौरान गणना पत्रक में आवश्यक दस्तावेजों के साथ दो कलर पासपोर्ट फोटो उपलब्ध कराएं।

ईसाफ फाइनेंस बैंक में 85 लाख का गबन, 6 आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में ईसाफ स्माल फाइनेंस बैंक शाखा में लगभग 85 लाख रुपये के गबन मामले में पुलिस ने तीन महिला समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि चार आरोपियों की तलाश जारी है। बैंक प्रबंधन की शिकायत पर पुलगांव पुलिस ने 10 कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन और आपराधिक साजिश के तहत मामला दर्ज किया है। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित देशमुख ने पुलगांव थाना में शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, दुर्ग शाखा के कर्मचारियों ने 240 कस्टमर से लोन की रकम वसूली, लेकिन बैंक में जमा नहीं की। जब बैंक प्रबंधन ने कस्टमर से पूछा, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने पैसे पहले ही चुका दिए हैं। ग्राहकों ने लोन की राशि जमा करने की बात सामने आने पर बैंक ने जांच शुरू की। बैंक की जांच में पता चला कि 24 मई 2024 से 24 जून 2025 के बीच करीब 8498940 रुपए बैंक में जमा नहीं किए गए। ग्राहक ने यह रकम बैंक के एजेंटों को दे दी थी, लेकिन एजेंटों ने इसे कस्टमर से वसूलकर आपस में बांट लिया और अपने निजी कामों में खर्च कर दिया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ये लोग बैंक के रिकवरी एजेंट थे और उन्होंने लोन की रकम बैंक में जमा करने की बजाय निजी कामों में खर्च कर दी। चार आरोपी अभी भी फरार हैं, उनकी तलाश जारी है और उन्हें जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी में टीकाराम पाटले (35वर्ष), ग्राम लोरमी जिला मुंगेली, आकाश नायक (30वर्ष), ग्राम बसना जिला महासमुंद, ओमप्रकाश कोसरे (21वर्ष), बजरंग नगर उरला दुर्ग, आर्या गोस्वामी (25 वर्ष), साकिन दल्लीराजहरा, रेशमा वर्मा (25वर्ष) आदित्य नगर दुर्ग, अंकिता पासवान (22वर्ष) कोसानगर भिलाई शामिल है।

बिहार चुनाव प्रचार से लौटे विधायक ललित का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

भिलाई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा बिहार चुनाव में प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी दी गई थी। 20 दिनों तक बिहार में चुनाव प्रचार के बाद लौटने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर का रायपुर एयरपोर्ट पर बाजे-गाजे और फूल माला के साथ स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने विधायक ललित चंद्राकर को बिहार चुनाव में प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्म दिन की हार्दिक शुभकामाएं दी गई। और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विधायक के साथ दुर्ग भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी भी प्रवास पर थे। उनका भी भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण के कारण ही वे बिहार चुनाव में प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक पूरा कर पाए हैं। वे आगे भी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा को मजबूत बनाने काम करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री गिरेश साहू, उतई मंडल अध्यक्ष शीतला राजपूत, अंडा - निकुम मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा -पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, महामंत्री प्रवीण यदु, चंदू देवांगन डिलेश्वर गब्बर साहू, सोसायटी अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर, फत्तेलाल वर्मा, फलेन्द्र राजपूत, ओमप्रकाश यादव, अजीत चौधरी, मनोज चंद्राकर, अजीत चौधरी, तिलक चंद्राकर, करण सेन, घनश्याम, हरीश यादव, बसंत चौहान, रितेश जैन पिंटू चोपड़ा, मुन्ना देशमुख, पार्षद हरीश नायक, लक्ष्मीनारायण साहू, मनोज साहू, केशव महिपाल, कंचन सिंह, रीना सिंह, लता गेंन्द्रे, अनिमा सिंह, विमला कामड़े, मुकेश चंद्राकर मोनू चौधरी पिंटू चोपड़ा रितेश जैन सहित बड़ी संख्या में दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर जनदर्शन.. **महतारी दुलार योजना का लाभ दिलाने का दिया आवेदन**

खेत में विद्युत टावर लगने पर समान मुआवजे की मांग

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान व निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस भी उपस्थित थीं। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित 140 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम नंदकठी के किसान ने अपने खेत में विद्युत टावर लगाए जाने के एवज में मिली मुआवज़े की राशि पर आपत्ति जताई। किसान ने बताया कि उनके खेत में टावर लाइन के चार खंभे लगाए गए हैं, जिसके बदले उन्हें कम मुआवजे की राशि दी गई है। अन्य किसानों को इससे अधिक मुआवज़ा मिला है। समान परिस्थितियों वाले अन्य कृषकों को अधिक भुगतान किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक हानि हुई है। उन्होंने समान मुआवज़ा दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। रिसाली सेक्टर निवासी ने अपनी पुत्री को महतारी दुलार योजना का लाभ दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि पति के निधन के बाद वे मजदूरी कर परिवार चला रही हैं। पहले स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय रिसाली बस्ती में अध्ययनरत थी, बाद में दूरी अधिक होने से उसका स्थानांतरण मैत्री विद्या निकेतन विद्यालय रिसाली भिलाई में कराया गया। विभाग द्वारा जानकारी दी गई थी कि स्थानांतरण के बाद भी योजना का लाभ जारी रहेगा, लेकिन तीन माह से लाभ मिलना बंद हो गया है। अपनी आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्होंने महतारी दुलार योजना का पूर्ण लाभ पुनः दिलाने आवेदन दिया। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

वार्ड 22 संस्कार विहार कॉलोनी कुरुद निवासी ने अधिक वसूले गए संपत्ति कर के समायोजन की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे स्वयं के मकान में रहते हैं। किराये पर नहीं दिया है। अधिक वसूली के कारण राशि का समायोजन के लिए आवेदन दिया, ताकि आगामी वर्ष का संपत्ति कर का भुगतान किया जा सके। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम भिलाई को तत्काल परीक्षण कर आवेदक को सूचित करने को कहा।

भिलाई में सेल क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ

भिलाई/नवप्रदेश। सेल द्वारा आयोजित सेल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ सिविक सेंटर क्रिकेट ग्राउंड में हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार थे। विशिष्ट अतिथि उप महाप्रबंधक स्पोर्ट्स सेल कॉर्पोरेट दिल्ली सौरभ शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग द्वारा किया गया। टूर्नामेंट 10 नवंबर से 15 नवंबर तक भिलाई में खेला जाएगा। इस अवसर पर विभाग की ओर से महाप्रबंधक, मानव संसाधन नॉन वर्क्स जेएन ठाकुर उप महाप्रबंधक क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग एवं अर्जुन अवॉर्डी राजेन्द्र प्रसाद उप प्रबंधक क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग अभिजीत भौमिक और विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। चैंपियनशिप में सेल की विभिन्न इकाइयों इस्को बर्नपुर डीएसपी दुर्गापुर बीएसएल बोकारो सेल रांची आरएसपी राउरकेला एसएसपी सेलम कॉर्पोरेट ऑफिस एसआरयू सीएफपी चंद्रपुर आईएसएल भद्रावती और भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भाग ले रही हैं।

उद्घाटन दिवस पर खेले गए पहले मुकाबले में इस्को बर्नपुर की टीम ने सेल रांची को 119 रनों से पराजित किया। पहले दिन के खेले गए सभी मैचों में निर्णायक की भूमिका में आरपी सिंह, कौशल वर्मा, सुनील डडसेना, संतोष सोनी, पीयूष साहू, हरप्रीत सिंह और अशोक रिगरी रहे।

परिक्षेत्र साहू संघ, खुज्जी में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

डोंगरगांव/नवप्रदेश। परिक्षेत्र साहू संघ खुज्जी द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों अध्यक्ष-नवल किशोर साहू,उपाध्यक्ष प्रभुदेवा साहू,सचिव संतु राम साहू, स.सचिव-रमेश साहू,महिला उपाध्यक्ष- संगीता साहू,स.सचिव-ज्योति साहू,कोषाधक्ष-भूपेन्द्र साहू,संरक्षक सुंदर लाल साहू, सवल दास साहू,सलाहकार-भागवत साहू, टिकेश्वर साहू,उप कोषाध्यक्ष- धनश्याम साहू,अकेंशक- अमरदास साहू,न्याय प्रकोष्ट-चमन साहू,राजनीति प्रकोष्ठ-देवेंद्र साहू,कर्मचारी प्रकोष्ट-हरेन्द्र साहू किसान प्रकोष्ठ-अश्वनी साहू,व्यापारी प्रकोष्ठ-नरेंद्र कुमार साहू,युवा प्रकोष्ठ- संतोष साहू,मीडिया प्रकोष्ठ-सोमन साहू को पद एवं कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई गई।

भाजपा के नेतृत्व में नामावली गहन पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया

गरियाबंद/नवप्रदेश। कार्यशाला भगवान कोपेश्वर नाथ महादेव की क्षत्र-छाया नगर पंचायत कोपरा के रामजानकी मंदिर प्रांगण मंडल- कोपरा में संपन्न हुई, जिसमें भाजपा जिला महामंत्री श्री आशीष शर्मा जी कार्यशाला प्रभारी व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ स्तर के पदाधिकारी, सक्रीय भाजपा कार्यकर्ता और बीएलओ उपस्थित रहे। कोपरा-मंडल की कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश महामंत्री आशीष शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण दिया। भाजपा की इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एसआईआर अभियान के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया को गहराई से समझाना और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना था।

गत चार नवंबर से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन का कार्य शुरू हो चुका है। भाजपा ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की है।

महामंत्री आशीष शर्मा ने कहा, "यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में बीएलओ के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ सके। जहां बीएलओ नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां भाजपा कार्यकर्ता स्वयं पहल करें।"उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आम नागरिकों को फॉर्म-6 (नए मतदाता जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 (संशोधन हेतु) और फॉर्म-8 (पता परिवर्तन हेतु) की प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।"

मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने कहा,"कांग्रेस एसआईआर को लेकर जनता के बीच गलत संदेश फैला रही है, जबकि यह अभियान मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए है।

उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कई बार पुनरीक्षण प्रक्रिया हुई है लेकिन पहली बार इतनी गंभीरता और व्यापक स्तर पर इसे लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा,÷यह अभियान लोकतंत्र और राष्ट्र को सशक्त बनाने वाला है। कांग्रेस की चुप्पी बताती है कि वे आज भी जनता को भ्रमित करने की राजनीति में उलझे हैं।÷

भाजपा ने संकल्प लिया कि एसआईआर अभियान को बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से चलाया जाएगा। कार्यकर्ता प्रत्येक परिवार तक पहुंचेंगे, मतदाता सूची का मिलान करेंगे और बीएलओ के साथ समन्वय में काम करेंगे, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, सटीक और पारदर्शी बन सके। नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की भूमिका इस प्रक्रिया में निर्णायक है तथा स्ढ्ढक्रकी यह प्रक्रिया अति आवश्यक था । पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू ने संछिप्त उद्बोधन में कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई फर्जी मतदाता सूची में न रहे और कोई पात्र नागरिक छूटे नहीं। मंडल स्तरीय इस कार्यशाला में भाजपा कार्यकर्ता ङ्क भाजपा जिला महामंत्री श्री आशीष शर्मा, श्री अमित वखारिहा, वरिष्ठ भाजपा नेता सोमप्रकाश साहू भाजपा मंडल कोपरा अध्यक्ष- गोपी ध्रुव, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, भाजपा मंडल महामंत्री- हेमंत वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष- श्री खोवा राम साहू, डॉक्टर दिलीप साहू, मंडल मंत्री- लुकेश्वर तारक, ग्वाल तारक जी,शक्ति केंद्र संयोजक- नंदू राम सिन्हा, बंशी लाल साहू, पोषण साहू, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता और बीएलओ बहुतायत संख्या में शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

भुरवाटोला में नए बालोद्यान का हुआ भूमिपूजन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शहर के भुराटोला में नए बाल उद्यान का भूमि पूजन किया गया। ज्ञात हो की राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडे के द्वारा सांसदनिधि से 5 लाख रुपए की स्वीकृति बालोद्यान के लिए किया गया था। जिसका भूमि पूजन शनिवार को भरवाटोला में किया गया। भूमि पूजन में छ्त्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना , महामंत्री विनय बंसल व विनीत यादव ,वार्ड क्रमांक 20 भुरवाटोला के पार्षद हरीश मोटघरे, अनिल पांडे , आवेश निगम एवं वार्डवासी गण सुमित मरकाम ,शंकर धुर्वे ,जेवियर फिलिप , अनुराधा शर्मा ,अशोक यादव,दुर्गेश यादव,किशन महोबिया ,मुन्ना खान के साथ वार्ड वासियों उपस्थित थे।

निर्माण कार्यों के लिए 52 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के प्रभारी मंत्री तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए कलेक्टर बीएस उइके ने 7 निर्माण कार्यों के लिए 52 लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलटुकरी में सरस्वती शिशु मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 8 लाख रूपये, ग्राम पंचायत धमनी के सतनामी समाज पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम पंचायत सिर्रीकला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत चौबेबांधा के साहू समाज के पास टीन शेड निर्माण हेतु 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत भेण्डरी (जा) के विवेकानंद चौक के पास टीन शेड निर्माण हेतु 10 लाख रूपये एवं वार्ड क्रमांक 05 में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख रूपये, ग्राम पंचायत कुम्ही में सरस्वती शिशु मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 8 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

भारी वाहन से टूटी सड़क, स्कूली बच्चों व राहगीरों को हो रही परेशानी, आंदोलन की तैयारी में लोग

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। शहर व ग्राम पंचायत बछेराभांठा के बीच स्थित निजी भूमि से खनिज विभाग द्वारा अनुमति प्राप्त तीन ठेकेदारों द्वारा मुरुम निकासी की जा रही है। विभागीय जानकारी के अनुसार उत्खनन नियमों के तहत तथा रॉयल्टी जमा कर किया जा रहा है। हालांकि उत्खनन को लेकर अवैधता नहीं है, लेकिन भारी वाहनों की आवाजाही ने स्थानीय लोगों के दैनिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। वार्ड नंबर 1 के अंतिम छोर से होकर जंगल मार्ग, सलंग रोड, सरस्वती शिशु मंदिर रोड एवं कुम्हार पारा के बीच डम्पर व बड़े ट्रक तेज रफ्तार में गुजर रहे हैं। इन सड़कों से रोजाना स्कूली बच्चों, महिलाओं तथा राहगीरों का आवागमन होता है, जिसके कारण सुरक्षा जोखिम लगातार बढ़ रहा है।

सड़कें टूटकर बदहाल, दुर्घटना का खतरा बढ़ा- भारी परिवहन के कारण सलंग रोड और शिशु मंदिर रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर गहरे गड्ढे बन गए हैं और कई जगह सड़क उखड़कर कीचड़ में तब्दील हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सड़कें छोटे वाहनों के लिए उपयुक्त थीं, परंतु बावजूद इसके घनी आबादी के बीच से भारी डम्परों को लगातार चलाया जा रहा है। कन्या शाला, छात्रावास, न्यायालयीन कॉलोनी, अटल आवास और गुरुदेव रेसिडेंसी के निवासियों ने बताया कि दिन-रात वाहनों के शोर, धूल और सड़क कंपन ने रहने का माहौल तक प्रभावित कर दिया है।

पार्षद की चेतावनी, सड़क पर उतरेंगे वार्डवासी- वार्ड नंबर 1 की पार्षद शारदा यादव ने कहा कि यदि भारी वाहनों की आवाजाही पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया, तो वह स्कूली बच्चों और नागरिकों के साथ सड़क पर धरना देने को विवश होंगी।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी जताई चिंता

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी जताई चिंता- इस मुद्दे पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुरुम उत्खनन यदि विभागीय अनुमति के साथ हो रहा है, तो यह ठीक है, परंतु भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं और नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है। प्रशासन को चाहिए कि तुरंत वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करे, गति सीमा तय करे और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण लगाया जाए। यह केवल सड़क का मुद्दा नहीं, यह जन सुरक्षा का विषय है।

उन्होंने कहा, सड़कें नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए होती हैं, न कि तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ाने के लिए। अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी निगाहें- स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा, सड़क की क्षमता और परिवहन नियंत्रण से जुड़े इस मुद्दे पर अब देखना यह है कि प्रशासन सड़क सुधार, गति सीमा और मार्ग परिवर्तन पर कितनी शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई करता है। सड़क खराब होना हमारें विभाग का विषय नहीं- जिला खनिज अधिकारी भारत बंजारे ने बताया कि मुरुम परिवहन को लेकर ठेकेदारों ने विभाग में रायल्टी जमा किया है। अब भारी वाहन से सड़क खराब हो रही है तो यह हमारें विभाग का विषय नहीं है। वहीं तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु ने बताया कि मुरुम परिवहन की जानकारी हमें नहीं है। सड़क खराब होनें की शिकायत भी अब तक नहीं मिली है।

भाजपा धमधा मंडल की विशेष गहन पुनरीक्षण संपन्न

धमधा/नवप्रदेश। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के अध्ययन कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। स्ढ्ढक्र मंडल कार्यशाला प्रभारी प्रखर वक्त एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री शिवेंद्र परिहार ने कहा कि पात्र नागरिकों के नए नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने एवं अमान्य नामों को हटाने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। ताकि आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची पूर्णतः सही और पारदर्शी रहें। बैठक में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं कि सक्रिय भूमिका, मतदाता जागरूकता अभियान को गति देने तथा हर पात्र नागरिक को मतदान के अधिकारी से जोड़ने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गए । साथ ही बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा पर भी विचार - विमर्श हुआ । सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणी योजनाओं को अधिक प्रभावी रूप से जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्ढ्ढक्र में संगठन सशक्तिकरण एवं बूथ स्तर तक कार्य विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन प्राप्त हुआ। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट ने प्रस्तुत किया उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना लोकतंत्र की सच्ची शक्ति हैं। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री बनउ वर्मा ने किया आभार व्यक्त महामंत्री छगन साहू ने किया।

धान के बदले दलहन-तिलहन से अधिक लाभ पाऐंगे किसान

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद से लगे निकटस्थ ग्राम सढ़ौली में, फसल चक्र परिवर्तन व जल संरक्षण के उद्देश्य से किसान संगोष्ठी का आयोजन में किया गया। कलेक्टर बी.एस. उइके एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर के मार्गदर्शन में जिले में फसल चक्र परिवर्तन व उद्यानिकी-पशुपालन व मछलीपालन के प्रसार के लिए लगातार कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने किसानों के बीच जाकर संगोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कलेक्टर श्री उइके ने किसानों को दलहन-तिलहन के साथ-साथ मक्का के उत्पादन के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मक्का की फसल से मक्का दाना तो किसान भाई बेचते है, लेकिन इसका तना एवं पत्ते पशुओं के लिए अलग उत्तम चारा या आहार होता है साथ ही मक्का का दाना अलग करने के बाद बचा हुआ अवशेष एक उत्तम ईंधन का स्त्रोत होता है। उन्होने समस्त किसानों से अपील की है कि वे अपने खेतों में मसूर, उड़द, मुंग, मक्का, सरसों, सब्जी, गेंहुँ आदि के उत्पादन लेने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में किसानों को कृषक उत्पादन संगठनों से समन्वय स्थापित कर सामुहिक प्रयास से फसल उत्पादन एवं विपणन हेतु कार्य करने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सढ़ौली के साथ-साथ चिखली, मजरकट्टा, पारागाँव, कुरूभाटा, खट्टी, छिदौंला सहित आसपास के गाँव के कृषक उपस्थित थे। वरिष्ठ नागरिक अनिल चंद्राकर, मुरलीधर सिन्हा, सुरेंद्र सोनटेके, रिकेश साहू, गोपीराम ध्रुव, धनराज विश्वकर्मा, मुकेश चंद्रवंशी द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण, जैविक खेती, फसल चक्र परिवर्तन हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर गणेश ध्रुव, श्रीमती लक्ष्मी बाई ठाकुर, डीडीए चंदन राय, मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री एम.एम. कमल, के.वी.के. डॉ मनीष चौरसिया सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों को बताया कि शासन द्वारा नजदीकी सहकारी समितियों में दलहन एवं तिलहन की खरीदी की व्यवस्था समर्थन दर पर किये जाने के लिए प्रधानमंत्री आशा योजना में प्रावधान किया गया है।

नगरी विकासखंड के सरपंच संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ **15वें वित्त आयोग एवं मूलभूत राशि शीघ्र जारी करने की मांग, मानदेय वृद्धि, बीमा व पेंशन व्यवस्था लागू करने की भी रखी मांग**

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के आदिवासी क्षेत्र के सरपंच संघ ने सोमवार को सामूहिक रूप से जिला कलेक्टर धमतरी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमे ज्ञापन के माध्यम से सरपंचों ने पंचायतों को मिलने वाली मूलभूत राशि एवं 15वें

वित्त आयोग की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की।

सरपंचों ने कहा कि निधि के अभाव में ग्रामपंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी महसूस की जा रही है। उन्होंने शासन से तत्काल आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। सरपंच संघ ने शासन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं

पंचायतों को मूलभूत राशि एवं 15वें वित्त आयोग की राशि शीघ्र जारी की जाए।

सरपंचों का मानदेय बढ़ाकर प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाए।

सरपंचों के लिए बीमा सुरक्षा योजना लागू की जाए।पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले सरपंचों के लिए पेंशन व्यवस्था प्रारंभ की जाए।

पंचायत कार्यों की स्वीकृति ठेकेदारों को न देकर सीधे सरपंचों के माध्यम से दी जाए।

सरपंच संघ ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। यदि निधियों का समय पर आवंटन नहीं हुआ तो गांवों में चल रहे विकास कार्य ठप पड़ जाएंगे। शासन से आग्रह किया गया कि पंचायतों की वित्तीय एवं प्रशासनिक समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण राज्य कार्यालय के नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक श्री अजय देशपाण्डेय तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री शिवेश शुक्ला द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्राओं से भोजन, यूनिफॉर्म, पढ़ाई, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिए और विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी साझा की। गरियाबंद कस्तूरबा विद्यालय में अधिकारियों ने अधीक्षिका से चर्चा कर विद्यालय की समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान

अधीक्षिका द्वारा अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता बताई गई, जिस पर श्री देशपाण्डेय ने इसे यू-डाईस पोर्टल के माध्यम से मांग प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। यहाँ अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ प्रार्थना सभा में भाग लिया, जहाँ छात्राओं ने आज का समाचार और आज का विचार प्रस्तुत किया। मैनपुर कस्तूरबा विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ आत्मविश्वास और अनुशासन सफलता की कुंजी है। देवभोग कस्तूरबा विद्यालय में निरीक्षण के दौरान छात्राएँ अधिकारियों के प्रश्नों का सहजता से उत्तर दे रही थीं।

नेशनल कैंप ...

पूरे भारत में छत्तीसगढ़ ने अपनी संस्कृति से बनाया अलग पहचान

भारत में सिहावा स्कूल ने अपने नाम का लोहा मनाया

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित नेशनल कैंप का आयोजन हुआ जिसमें भारत के अलग अलग 15 राज्यों के स्वयं सेवक सम्मिलित हुए यह कैंप 31 अक्टूबर शुरू होकर 6 नवंबर को समाप्त हुआ यह आयोजन हरियाणा में हुआ जिसमें छत्तीसगढ़ का नेतृत्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा ने किया इस शिविर में हर प्रकार के एक्टिविटीज हुए सैक रेस फोर लैक रेस ऑक्टोपस रेस चैन रेस साथी साथ बेस्ट एंकरिंग ग्रुप डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सभी प्रतियोगिता में उत्कृष्टप्रदर्शन करते

हुए ओवर आल बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब सिहावा स्कूल ने अपना नाम करते हुए छत्तीसगढ़ का नाम पुरे भारत में रौशन किया इस कैंप छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए सिहावा स्कूल से 10 छात्र छात्राएं गए थे इन छात्र-छात्राओं का परफॉर्मेंस सबसे बढ़िया रहा जब अंतिम दिवस पर खुले मंच मे वहां के अधिकारी ने 15 राज्यों से पहुंचे स्वयं सेवकों पूछा प्रथम द्तीय स्थान कौन आया 15 राज्यों से आए सभी स्वयं सेवको ने कहा छत्तीसगढ़ का नाम पुरे भारत में गुंज उठा छत्तीसगढ़ से इन बच्चों को ले जाने का जिम्मा कार्यक्रम अधिकारी गोविन्द नारायण साहू तारणी अटल को मिला इन दोनों के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य ने अपना इतिहास बनाया छात्र-छात्राओं के वापसी के बाद सिहावा बसस्टैंड से बाजे गाजे के साथ स्वागत किया इस अवसर पर शाला प्राचार्य एस आर साहू ने बधाई देते कहां यहां क्षण पुरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का पल है पूरे भारत में छत्तीसगढ़ ने अपनी सस्कृति से अलग पहचान बनाया है।

साथ ही शिक्षिका नीलकमल ठाकुर ने छात्र छात्राओं को बधाई दिया नगरी विकासखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डीके यादव शिक्षक वेदराम सेन दुष्यंत पुजारी संजय शांडिल्य हरिश साहू हिरा मरकाम पुर्ण चंद यादव हेमंत साहू पितेश साहू प्रधान पाठक पवन कुमार पुर्णेश्वर देव योगमाया योगिता देवांगन पिलेश्वरी साहू रश्मि यदु नीतु जैन दीक्षा चन्द्राकर ने बधाई दिया

गवर्नेंस आन व्हील्स पहल को लेकर दुगली में लगाया शिविर

नगरी/नवप्रदेश। सरकार की महत्वपूर्ण ई योजना गवर्नेंस आन व्हील्स मोबाइल सेवा शिविर धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने पायलट प्रोजेक्ट तहत नगरी विकास खंड को प्रथम प्राथमिकता दी। सोमवार 10 नवंबर को दुगली कलस्टर में शिविर लगाया गया।शिविर में पहुंचे नगरी जनपद के सीओ रोहित बोरझा ने बताया यह पहल सरकार की डीजिटल इंडिया का थीम है जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गवर्नेंस आन व्हील्स एक अनोखा पहल को नगरी ब्लाक में चयन किया गया है।जिसका उद्देश्य सरकार की सेवाओं को लोगों के घरों तक पहुंचाना है।यह एक मोबाइल

प्लेटफॉर्म है।जो लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक स्थान पर उपलब्ध कराना है। मोबाइल व्हेन की आनलाइन सुविधा पर मांग पहचान पत्र आधार कार्ड,वोटर आईडी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ, सरकारी योजनाओं का सत्यापन,शिकायत निवारण पर आम जनता आवेदन कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक ली

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली। बैठक में जिले के सभी आरओ, एआरओ, नगरीय निकायों के सीएमओ, सीईओ तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने अब तक हुई प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रत्येक निकाय से अद्यतन आंकड़े प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का यह विशेष पुनरीक्षण लोकतंत्र की नींव है, इसलिए इसे अत्यंत गंभीरता और जिम्मेदारी से पूरा किया जाए। किसी भी प्रकार की त्रुटि या विलंब अस्वीकार्य होगा। समीक्षा के दौरान मुंगेली नगर पालिका, पथरिया, जरहागांव और बरेला नगर पंचायत की प्रगति धीमी पाई गई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित सीएमओ – मुंगेली के होरी सिंह ठाकुर, पथरिया की अनुराधा राममनी, जरहागांव के सुरेश गुप्ता और बरेला के नरेश महीश को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।उन्होंने गणना पत्रक वितरण और फॉर्म प्रविष्टि कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे तथा सभी अधिकारी दैनिक प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करें, अन्यथा लापरवाही बरतने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

योजना पर सवाल, छह क्लीनिकों में से एक भी शुरू नहीं हो पाई

मुंगेली/नवप्रदेश। शहर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोहल्ला क्लीनिक खोलने की योजना बनाई गई थी, जिसके तहत नगर में छह क्लीनिक स्थापित की जानी थीं। विभाग के अनुसार इनमें से एक क्लीनिक का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक एक भी क्लीनिक संचालित नहीं हो सकी है। मोहल्ला क्लीनिकों का उद्देश्य लोगों को उनके आस-पास ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था, किंतु योजना फिलहाल कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार, विभाग ने अप्रैल माह में एनएचएम के माध्यम से कर्मचारियों की संविदा पर भर्ती की थी, परंतु अस्पताल और क्लीनिकों के लिए उपयुक्त स्थान न मिलने से इन कर्मचारियों से काम नहीं लिया जा पा रहा है। कई कर्मचारियों को अन्य स्वास्थ्य केंद्रों और पीएचसी में अटैच कर ड्यूटी लगाई गई है, जहां पहले से ही पर्याप्त स्टाफ मौजूद है। विभाग की लापरवाही से न तो मरीजों को उपचार का लाभ मिल रहा है और न ही योजना का उद्देश्य पूरा हो रहा है। कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है, लेकिन क्लीनिकों के संचालन में विभाग की सुस्ती से मोहल्ला क्लीनिक योजना पर सवाल उठने लगे हैं।

पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने की जिले की अपराध समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

नवीन अपराधिक कानून में मुंगेली पुलिस को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा 10 नवम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित संवाद कक्ष में जिले की अपराध समीक्षा बैठक की गई। अपराध समीक्षा बैठक मे जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं सभी कार्यालय शाखा, थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। अपराध समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दिया गया कि महिला एवं गुम हुये बच्चों से संबंधित अपराध तथा गंभीर अपराधों जैसे-हत्या, हत्या के प्रयास, अन्य अपराधों व संपत्ति संबंधी अपराध जैसे-चोरी, नकबजनी, झपटमारी एवं पूर्व लंबित प्रकरणो तथा 173 (8) जा.फौ. (वर्तमान 193 बीएनएसएस) के तहत लंबित प्रकरण व लंबित मर्ग तथा सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 से प्राप्त सायबर फ्राड संबंधी शिकायत को शीघ्र-अतिशीघ्र विधिसम्मत कार्यवाही कर निराकरण करने तथा थानों मे प्राप्त शिकायतों को 7 दिवस के भीतर एवं पूर्व में लंबित शिकायतों को 15 दिवस के भीतर निराकृत करने निर्देशित किया गया व थानों एवं मालखाना की साफ सफाई, रिकार्ड दुरूस्त साथ ही जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियो को लंबित प्रकरणों की लगातार समीक्षा कर निराकरण करने हेतू निर्देश दिया गया। जिले में गंभीर अपराधों के साथ ही साथ प्राथमिकता के तौर पर सामान्य

अपराधों की पुलिस द्वारा त्वरित निराकरण करने व गुम हुये नाबालिग बच्चों बालक/बालिकाओं की बरामदगी शीघ्र अतिशीघ्र कर ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत परजिनों की सकुशल सौपने व विधिवत कार्यवाही करें ताकि पुलिस के प्रति आम जनता का विश्वास जागृत किया जा सके। समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि जिले के प्रत्येक थाना/चौकी के ग्रामों का बीट प्रणाली सूची बनाया गया है। जिसमे प्रत्येक 4 ग्रामों मे 1 पुलिसकर्मी होगा, जो स्मार्ट पुलिसिंग के तहत कार्य करते हुये पूरे 4 ग्रामों की रिकार्ड डाटा तैयार कर आम जनता से मानवीय पहल करते हुये लोगो के साथ जुड़कर जागरूक करेगा। साथ ही सभी थाना/चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों मे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थानों मे कार्यक्रम कर नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक नुकसान के बारे मे जानकारी व यातायात नियमों का पालन करने तथा सायबर फ्राड के बारे मे जानकारी देकर जागरूक करें साथ ही साथ छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों का विश्वास जीते और अपराधों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाएं। पुलिस अधीक्षक ने नवीन अपराधिक कानून के तहत अभियोग पत्र पेश कर छत्तीसगढ़ मे नंबर 01 होने पर मुंगेली पुलिस को दी बधाई व अवैध कार्यो पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने नवीन अपराधिक कानून मे पुलिस द्वारा 60 दिवस भीतर मे 77.58 प्रतिशत व 90 दिवस के भीतर 82.14 प्रतिशत अभियोग पत्र चालान न्यायालय मे पेश कर छत्तीसगढ़ मे प्रथम स्थान पर होने से उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिये अपनी पुलिस टीम को दी बधाई व जिला स्तर पर चलाये जा रहे ''ऑपरेशन बॉज'' के तहत सभी थाना/चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री, जुआ-सट्टा, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने एवं बीते वर्ष के आंकड़ों से अत्यधिक माइनर एक्ट की कार्यवाही करने व यातायात व्यवस्था को दुरूस्थ करने निर्देशित किया गया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

राष्ट्रपति के प्रस्तावित अम्बिकापुर प्रवास की तैयारियों की हुई समीक्षा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु का 20 नवम्बर 2025 को अम्बिकापुर आगमन प्रस्तावित है। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, हेलीपेड निर्माण की स्थिति, सर्किट हाउस की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महोदया के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। गम्भीरता और सजगता के साथ कार्य हो, लापरवाही ना रहे। उन्होंने मजिस्ट्रियल ड्यूटी, स्टॉल निर्माण, आमंत्रण कार्ड, पास वितरण, वीआईपी एवं वीवीआईपी हेतु समस्त व्यवस्था, आमजनों हेतु व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति एवं गणना प्रपत्र की वितरण प्रक्रिया की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र में दर्ज की जाने वाली

प्रत्येक जानकारी त्रुटिरहित होनी चाहिए, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार हो सके। अधिकारी मॉनिटरिंग करें, किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल निराकरण की कार्यवाही करें। इस दौरान खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु 15 नवम्बर से शुरू होने धान खरीदी की तैयारियों की जानकारी ली गई, कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, इसका ध्यान रहे। उन्होंने बारदाने, मॉइश्चराइजर मीटर, तौलमाप आदि की जानकारी ली। बैठक में जनजातीय गौरव दिवस 15 नवम्बर के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री भोसकर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार गरिमामयी ढंग से कार्यक्रम का आयोजन हो। इस हेतु समस्त तैयारियां समय सीमा में सुनिश्चित कर लें। इस दौरान लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में 13 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले यूनिटी मार्च की तैयारियों पर चर्चा की गई। यह पदयात्रा राम मंदिर, अम्बिकापुर से प्रारंभ होकर मल्टीपरपज स्कूल एवं शासकीय विद्यालय असोला होते हुए परसा में संपन्न होगी। कलेक्टर ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी विभागों आपसी सहभागिता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर बिजली, पेयजल, स्वच्छता, अस्थायी शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सभी व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देशित किया। बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, कलेक्टर जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल आदि पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, राम सिंह ठाकुर, श्री अमृत लाल ध्रुव, नगर निगम कमिश्नर डी एन कश्यप सभी एसडीएम एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान की मवेशी चोरी का खुलासा रायगढ़ शहर से मवेशी चोर गिरफ्तार

घरघोड़ा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में जिलेभर में आपराधिक गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखते हुए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में घरघोड़ा पुलिस ने मवेशी चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रायगढ़ शहर से धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की गई बकरियों को काटकर मांस रूप में बेचने की बात स्वीकार की है। प्रकरण के अनुसार, ग्राम अमलीडीह निवासी किसान किशन राठिया पिता स्व. आत्माराम राठिया (उम्र 24 वर्ष) ने कल थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पास कुल 25 नग बकरी-बकरा हैं जिन्हें वह अपने घर के कोठा में बांधकर रखता है।

दिनांक 02 नवंबर 2025 को शाम के समय उसने सभी मवेशियों को चराकर कोठा में बांधा था। अगले दिन 03 नवंबर की सुबह जब वह देखने गया, तो पाया कि 03 नग बकरी और 01 नग बकरा, कुल कीमत लगभग 40,000 रुपये, चोरी हो चुके थे। किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर के कोठा का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और मवेशियों को चुरा ले गया।रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 301/2025 धारा

331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी की पहचान रायगढ़ शहर निवासी मोह. नावेद अली पिता मोह. मतीम अली (उम्र 29 वर्ष), साकिन वार्ड क्रमांक 10, चांदमारी पॉवर हाउस के सामने, थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ के रूप में की। पुलिस ने आरोपी को रायगढ़ से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि उसने चोरी की गई बकरियों को काटकर चिल्हर में बेच दिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त होंडा साइन मोटरसाइकिल (क्रमांक छ्त्त-13ऋ 8463) जब्त की गई। आरोपी को उसके अपराध एवं गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर दिनांक 11 नवंबर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पर्यटन मंत्री राजेश ने सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

***सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के दिए निर्देश**

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने आज सरगुजा प्रवास के दौरान शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

मंत्री अग्रवाल ने अपने दौरे की शुरुआत स्वच्छता चेतना पार्क से की, जहां उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति को देखा और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण काम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर पहुंचे कर वहां चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक सुधार और कार्य की गति बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों और परिजनों को निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलनी चाहिए। साथ ही पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल ने नगर निगम के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया। उन्होंने स्थल पर मौजूद इंजीनियरों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि नगर निगम की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुगम बनाया जा सके। वहीं पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने नेहरू वार्ड क्रमांक 25 सत्तीपारा में चल रहे सड़क निर्माण का कार्य जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर के सभी वार्डों की सड़कों को गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण समय-सीमा में पूर्ण करने को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को शहर की सकरी गलियों का सर्वे करने और वहां भी डामरीकरण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो और शहर के अंदरूनी मार्ग भी सुगम हो सकें। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर डी. एन. कश्यप सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

खड़े ट्रक से 26 हजार की डीजल चोरी, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम जेजगा राजवाड़े ढाबा के सामने खड़ी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 10 बी आर 2292 के टंकी का ताला तोड अज्ञात चोर डीजल चोरी कर ले गये। जिसकी किमत 26हजार बताई जा रही है।दरअसल मामला 9 नवम्बर दिन रविवार के रात की है । चालक राजू यादव वल्द रामजी यादव उम्र 41वरष साकिन चोबडा बड़गांव थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद (बिहार) ने 10 नवंबर को थाना लखनपुर उपस्थित आकर वाहन से डीजल चोरी होने का एफआईआर दर्ज कराया है। दरअसल रायपुर से ट्रक में सामान लोड कर पटना बिहार जाने के लिए निकले थे ।

ब्रेथ एनालाइजर खराब, फिजिकल एक्टिविटी और स्मेल से हो रही एमएलसी जांच

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनेंद्रगढ़ में ब्रेथ एनालाइजर मशीन के खराब होने से शराब सेवन संबंधी मामलों की जांच प्रभावित हो रही है।

सामान्यतः शराब सेवन की पुष्टि के लिए इस मशीन का उपयोग किया जाता है, लेकिन वर्तमान में यह अकार्यशील है। आज ही एक जवान कों शराब सेवन एम एल सी जाँच के लिए लाया गया जिसमें डॉक्टर नें नर्स से कहा ब्रेथ इनालाइजर मशीन ले आइये नर्स नें जानकारी में बताया ख़राब है फिर डॉक्टर नें जवान से पूछा कितना पिए हो जवान नें कहा थोड़ा सा पिया हूँ इस तरह एम एल सी जाँच की

जा रही है अभी तो जवान नें कह दिया थोड़ा पिया हुँ अगर वह कहता नहीं पिया हूँ तो क्या होता यह जाँच का विषय है डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मशीन खराब होने के कारण फिलहाल एमएलसी जांच फिजिकल एक्टिविटी और स्मेल (गंध) के आधार पर की जा रही है। इस विषय पर बात करने के लिए अस्पताल अधीक्षक मोहन राम को कॉल किया गया उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया इस विषय पर बात करने के लिए मुख्य जिला चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी अविनाश खरे को कॉल किया गया उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया और मैसेज आ गया की मीटिंग में हूं व्हाट्सएप पर मैसेज भी किया गया कोई जवाब नहीं आया।

सतर्क मोबाइल एप्प के माध्यम से धान खरीदी पर होगा डिजिटल निगरानी

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। खरीफ वर्ष 2025-26 में धान खरीदी में पारदर्शिता और निगरानी के लिए कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के कृषि, वन, सहकारिता, खाद्य और राजस्व अधिकारियों, फील्ड कर्मियों के साथ सयुंक्त बैठक लिया। डॉ. कन्नौजे ने बैठक में कहा कि इस वर्ष धान खरीदी का परी प्रक्रिया ''सतर्क'' मोबाइल एप् और जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से डिजिटल एवं तकनीकी निगरानी रहेगी। इसके लिए कलेक्टर कार्यालय में जिला कन्ट्रोल कमांड सेंटर (डिसीसीसी) की स्थापना किया जाएगा, जिसका नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर होगा तथा प्रत्येक तहसील स्तर पर उड़नदस्ता एवं निगरानी दल का गठन किया गया है। इस पर धान खरीदी केन्द्रों में धान लोड होने से पहले और बाद का फोटो ''सतर्क'' एप पर अपलोड हो जाएगी और गाडियो की जीपीएस ट्रैकिंग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि धान सही तरीके से राईस मिलर तक पहुंचे। साथ ही किसी भी प्रकार की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी इसी ऐप्प से किया जाएगा। बैठक में उड़नदस्ता एवं निगरानी दल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोबाइल में सतर्क ऐप डाउनलोड कर उसका प्रशिक्षण भी दिया गया।

कलेक्टर डॉ. संजय ने बैठक में कहा कि इस वर्ष धान खरीद के दौरान अतिसंवेदनशील धान उपार्जन केन्द्रों में सतर्क ऐप के माध्यम से शिकायत मिलने पर संबंधित उड़नदस्ता प्रभारी मौके पर जाकर 24 घंटों में शिकायतों का निराकरण करेंगे तथा संवेदनशील एवं सामान्य धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत मिलने पर 48 और 72 घंटों में शिकायतों पर निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि बाहरी राज्यों, जिलों, कोचियों या व्यापारियों के द्वारा यदि अवैध धान परिवहन एवं अवैध भंडारण किया जाना पाया जाता है तो बख्शा नहीं जाएगा, जब्ती की कार्यवाही कर पुलिस प्रकरण दर्ज किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में नवीनी किसान पंजीयन नहीं होगा, परन्तु किसानों के छूटे हुए खसरों को जोड़ने की प्रक्रिया सीएचसी के माध्यम से जारी रहेगा। इसके लिए किसानों को भटकने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एग्रीस्टेक से नवीन किसानों का पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर के बाद नहीं हो रहा है।

विवाद | ग्रामीणों का चेतावनी—जबरन अधिग्रहण का प्रयास हुआ तो होगी कड़ा विरोध

अमेरा खुली खदान के विस्तार को लेकर ग्रामीणों का सख्त विरोध, भूमि अधिग्रहण का प्रयास रुकवाया

लखनपुर/नवप्रदेश। एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत सरगुजा जिले के लखनपुर ब्लॉक के अमेरा खुली खदान के एरिया विस्तार को लेकर ग्राम पंचायत परसोडी कला में विवाद गहराता जा रहा है। खदान विस्तार के लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ग्राम की ओर भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन ग्रामीण अपनी जमीन देने से सख्त इंकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे ÷सुई की नोक जितनी भी जमीन खदान के लिए नहीं देंगे। ग्रामीणों का यह विरोध लंबे समय से जारी है। प्रशासनिक स्तर पर कई बार समझाइश और दबाव बनाए जाने के बावजूद ग्रामीण अपने रुख पर अडिग हैं। हाल ही में ग्रामीणों और कोल प्रबंधन कंपनी के अधिकारियों के बीच तीखी झड़प भी हुई थी। इसके बाद शनिवार को कंपनी द्वारा ग्राम पंचायत के निस्तारी तालाब की खुदाई कराई गई, जिस पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया। हालांकि, प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद यह तय हुआ कि तालाब की खुदाई से निकले कोयले को अस्थायी रूप से कंपनी द्वारा निकाला जा सकेगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में यह अफवाह फैलाई जा रही है कि खदान विस्तार को लेकर पंचायत और कंपनी के बीच सहमति बन गई है, जबकि यह पूरी तरह गलत है। उनका कहना

है कि वे केवल तालाब की खुदाई के दौरान निकले कोयले को उठाने की अनुमति दे रहे हैं, लेकिन किसी भी स्थिति में खदान विस्तार के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। ग्रामवासियों का कहना है, ÷हमें न नौकरी चाहिए, न मुआवजा, हमें अपनी जमीन चाहिए।÷ ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी जमीन को जबरन अधिग्रहित करने की कोशिश की गई, तो वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इस दौरान उन्होंने प्रबंधन को एक लिखित आवेदन भी सौंपा है, जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि गांव की जमीन और उसमें लगी फसलों को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाए। ग्रामीणों के इस अडिग रुख से यह स्पष्ट है कि अमेरा खुली खदान के विस्तार की राह आसान नहीं होगी। प्रशासन और कंपनी के सामने अब ग्रामीणों के आक्रोश को शांत करना और समाधान ढूंढ़ना बड़ी चुनौती बन गई है।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुंगेली जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 4 नवंबर से गणना पत्रक भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 4 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मायानंद चंद्रा ने बताया कि इसके पश्चात 5 से 8 दिसंबर तक कंट्रोल टेबल और ड्राफ्ट रोल का अद्यतन कार्य किया जाएगा तथा 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। दावा और आपत्तियां 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी, जिनका निपटान 31 जनवरी तक कर लिया जाएगा। परीक्षण उपरांत अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी 2026 को प्रकाशित होगी। श्री चंद्रा ने बताया कि सभी मतदाता गणना पत्रक भरने हेतु अपने दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो (सफेद बैकग्राउंड सहित) तैयार रखें। पात्रता के अनुसार 2003 एवं 2025 की मतदाता सूचियों में नाम दर्ज होने या जन्मतिथि के आधार पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

एकता के रंग में रंगा बिलासपुर, वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हुआ भव्य यूनिटी मार्च

केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने की अगुआई, कहा सरदार पटेल का व्यक्तित्व भारत की एकता अखंडता का प्रतीक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बिलासपुर शहर में भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। तिफरा स्थित मां काली मंदिर परिसर से केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सीईओ संदीप अग्रवाल मौजूद रहे। इस अवसर पर हजारों युवाओं ने उत्साह से रैली में भाग लिया और देश की एकता, अखंडता तथा राष्ट्रीय एकजुटता का सशक्त संदेश दिया।

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व सभी अतिथियों ने माता काली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरदार पटेल भारत की अखंडता के प्रतीक हैं मां काली के आशीर्वाद से यह रैली निकली है, जो देश की निर्भयता, निडरता और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ÷सरदार वल्लभभाई पटेल वह व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने 561 रियासतों को जोड़कर आधुनिक भारत की एकता का मजबूत ढांचा खड़ा किया, यह रैली उन्हें समर्पित है। बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने कहा कि सरदार पटेल आधुनिक भारत के शिल्पी हैं। उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज हम एक सशक्त और एकजुट राष्ट्र के रूप में खड़े हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाते हुए देश निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू सहित सभी अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यूनिटी मार्च का शुभारंभ किया। सरदार पटेल की भव्य प्रतिमा के साथ रथ निकाली गई। जिसमें सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। युवाओं ने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'सरदार पटेल अमर रहें' के नारे लगाते हुए मुख्य मार्गों पर पदयात्र की और एकता का संदेश दिया नेहरू चौक पर रैली का भव्य स्वागत किया गया, यहां से सैकड़ों छात्र 100 मीटर तिरंगा लेकर रैली में शामिल हुए। युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। शहर के विभिन्न मार्गों पर नागरिकों ने फूल-मालाओं और पुष्प वर्षा से रैली का स्वागत किया। गोलबाजार में बिलासा दाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, रैली चांटीडीह से होते हुए सबरी महाविद्यालय पहुंची। विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए यूनिटी मार्च का समापन सबरी महाविद्यालय परिसर में हुआ।यहां स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया और अतिथियों ने महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में युवाओं को सरदार पटेल के जीवन, उनके योगदान और उनकी प्रेरक जीवनी के विषय में जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि भारत निर्माण में सरदार पटेल के योगदान का देश सदैव ऋणी रहेगा, बिल्हा विधायक श्री धरम लाल कौशिक और बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने अपने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत सरकार ने सरदार पटेल जयंती की 150 वीं वर्षगांठ को देशभर में उत्साह से मनाने का निर्णय लिया है।

यूनिटी मार्च में सुशांत और हर्षिता के बीच विवाद का वीडियो वायरल

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को भाजपा की यूनिटी मार्च में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के सामने बेलतरा से बीजेपी विधायक सुशांत शुक्ला और संगठन के प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय के बीच जमकर विवाद हुआ। सुशांत शुक्ला और हर्षिता पांडेय एक-दूसरे को देख लेने की बात कहते नजर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों नेता यूनिटी मार्च में फर्स्ट लाइन पर चलने को लेकर विवाद कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री और समर्थक उन्हें शांत कराने की कोशिश करते रहे, लेकिन दोनों के बीच बहसबाजी होती रही।

■ न्यूज गैलरी

शहरी विकास के लिए क्षमता निर्माण जरूरी: अरुण साव

बिलासपुर/नवप्रदेश। नई दिल्ली में आयोजित नेशनल अर्बन कॉनक्लेव में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि शहरी निकायों की कार्यक्षमता और संसाधनों का सुदृढ़ीकरण सतत विकास की बुनियाद है।उन्होंने कहा कि स्वच्छ, स्मार्ट और समावेशी शहरों के निर्माण के लिए स्थानीय निकायों को तकनीकी और प्रबंधकीय रूप से सशक्त बनाना समय की जरूरत है।दो दिवसीय कॉनक्लेव में देशभर से आए 2500 से अधिक प्रतिनिधियों ने स्वच्छता, सर्कुलर इकोनॉमी, हाउसिंग और नगरीय बुनियादी ढांचे पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कई राज्यों के मंत्रियों, विशेषज्ञों और शहरी योजनाकारों ने अपने अनुभव साझा किए और शहरी विकास के नए मॉडल पेश किए।

राज्य सरकार के अफसर हाईकोर्ट के आदेशों को बहुत हल्के में ले रहे हैं

प्रदेश की खस्ताहाल सड़कों पर नहीं दिया एफिडेविड, डिवीजन बेंच ने जताई नाराजगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने क्क्कुष्ठ सेक्रेटरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि, देखा जा रहा है कि राज्य सरकार के अफसर हाईकोर्ट के आदेशों को बहुत हल्के में ले रहे हैं।

इस तरह से प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही और टालमटोल रवैए पर सख्त रुख अपनाना जरूरी है। दरअसल, डिवीजन बेंच ने प्रदेश की खस्ताहाल सड़कों पर क्क्कुष्ठ सेक्रेटरी से शपथपत्र मांगा था। जवाब देने में देरी की वजह से कोर्ट ने जुर्माने की कार्रवाई की है।दरअसल, हाईकोर्ट में राज्य की बदहाल सड़कों को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। इस दौरान हाईकोर्ट ने बिलासपुर के पेंड्रीडीह बायपास से नेहरू चौक तक की सड़क को लेकर भी सुनवाई की।पिछली सुनवाई के दौरान 23 सितंबर को हाईकोर्ट ने मरम्मत और नई सड़क निर्माण पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। साथ ही कहा था कि एनआईटी रायपुर की रिपोर्ट जल्द ली जाए, ताकि नई सड़क का काम तेजी से शुरू किया जा सके। 23 सितंबर को हाईकोर्ट को बताया गया कि, पेंड्रीडीह बायपास से नेहरू चौक तक रोड की मरम्मत चल रही है और काफी हिस्सा पूरा हो चुका है। इसके साथ ही सड़क किनारे सफाई, झाड़ियां हटाने, डिवाइडर और ग्रिल की पेंटिंग का काम भी जारी है। विभाग ने दावा किया था कि यह पूरा काम अगले 5 दिनों में खत्म कर दिया जाएगा। इसके सबूत के तौर पर तस्वीरें भी कोर्ट में लगाई गईं।

राज्य शासन ने दिया था जवाब

सुनवाई के दौरान पीडब्ल्यूडी के सचिव की ओर से बताया गया था कि, पेंड्रीडीह से नेहरू चौक सड़क के बार-बार फटने और दरारें आने की समस्या खत्म करने के लिए विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है।इसके लिए एनआईटी रायपुर को तकनीकी अध्ययन, सर्वे और सुझाव तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए एनआईटी के अकाउंट में 19 लाख 82 हजार 400 रुपए जमा करा दिए गए हैं। एनआईटी ने सर्वे शुरू कर दिया है। जल्द ही रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से लोक निर्माण विभाग के सचिव का शपथ पत्र देने के लिए समय की मांग की गई।

जिला स्तरीय उद्यमिता कार्यशाला 13 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। रैम्प योजना के तहत छोटे एवं मझोले उद्यमियों के लिए व्यापक उद्यमिता संवर्धन पहल के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय सेन्सिटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

उद्योग विभाग द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन 13 नवम्बर को सवेरे 11 बजे एसेल कस्तूरी अकादमी, राजगुरु कैम्पस, चोरभट्ठी कला, कोटा रोड, गनियारी में किया जाएगा।कार्यशाला का उद्देश्य जिले के एमएसएमई उद्यमियों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूह सदस्यों एवं युवाओं को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, कौशल विकास, ई-कॉमर्स, ब्रांडिंग, निर्यात और बाजार विस्तार से संबंधित जानकारी प्रदान करना है। यह कार्यशाला जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं निटकॉन लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए श्री मनोज वर्मा ,मो. 9669854444 से संपर्क किया जा सकता है।

सरोज शर्मा का निधन

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा की मां सरोज शर्मा (80 वर्ष) (पत्नी पत्रकार स्व.बंशीलाल शर्मा) का आज दोपहर निधन हो गया । वे इवनिंग टाइम्स के संपादक और प्रगतिशील लेखक संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष नथमल शर्मा की बड़ी भाभी थीं । शर्मा परिवार की सबसे वरिष्ठ वे ही थीं । वे अपने पीछे तीन बेटियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं । पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ थीं ।उन्होंने देहदान का निर्णय लिया था, तदनुसार उनका पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज कांकेर को सौंप दिया जाएगा । तब तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन हेतु बरदेभाटा स्थित निवास पर रखा गया है । अंतिम यात्रा कल 12 नवंबर को सवेरे 9.30 बजे बरदेभाटा कांकेर निवास से रवाना होगी।

स्कूली बच्चों से करवा रहे थे श्रमिकों का काम, प्रधान पाठक सस्पेंड

बिलासपुर/नवप्रदेश। शासकीय स्कूल के बच्चो को श्रमिक की तरह काम कराने वाले प्रधान पाठक को सयुक्त संचालक ने निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला तखतपुर ब्लॉक के अंतगत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरी का है।

जहा 19 अक्टूबर 2025 को आकस्मिक निरीक्षण के लिए तखतपुर के बीईओ पहुंचे थे। इसी दौरान स्कूल में पढ़ाई के समय में प्रधान पाठक परदेशी लाल पटेल द्वारा कक्षा सातवी और आठवीं के बच्चों से फर्श की ढलाई के लिए गिट्टी, रेत और सीमेंट का मसाला बनवाया जा रहा था।बच्चो से इस तरह श्रम कराना शासन के नियमो के खिलाफ है। तो वही इस तरह का कृत्य कानूनी तौर पर भी कार्यवाही के श्रेणी में आता है। जिम्मेदार पद में होने के बावजूद प्रधान पाठक परदेशी लाल पटेल की इस मनमानी को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे ने सयुक्त संचालक को शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही के लिए 30 अक्टूबर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया था। जिसके बाद सोमवार को सयुक्त संचालक आरपी आदित्य द्वारा प्रधान पाठक परदेशी लाल पटेल को निलंबित कर तखतपुर बीईओ दफ्तर नियत किया है।

आंबा सहायिका भर्ती प्रक्रिया, दावा आपत्ति 20 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 93 इमलीभांठा सरकंडा एवं केंद्र क्रमांक 124 लोधीपारा सरकंडा में सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 20 नवम्बर 2025 तक मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में 20 नवम्बर तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकती है।

आचार्या इंस्टीट्यूट में संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आचार्या इंस्टीट्यूट एक बार फिर विवादों में आ गया है। कोचिंग संस्थान के स्टाफ पर एक होम ट्यूटर की सरेराह पिटाई करने का आरोप लगा है।

बताया जा रहा है कि ट्यूटर कोचिंग के बाहर बच्चों से बातचीत कर रहा था, तभी कोचिंग के शिक्षकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया है।घटना के बाद अब विवाद में राजनीतिक संगठनों की भी एंट्री हो गई है। हिंदू संगठनों और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने आचार्या इंस्टीट्यूट के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कोचिंग स्टाफ पर गुंडागर्दी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर आरोपी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। पीड़ित ट्यूटर का आरोप है कि वह बच्चों से सामान्य बातचीत कर रहा था, तभी कोचिंग के टीचर्स ने उस पर अपने ट्यूशन का प्रचार करने का आरोप लगाया और बिना किसी वजह के मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि स्टाफ ने धमकी दी कि वह दोबारा इस इलाके में नजर न आए। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, इस घटना के बाद बिलासपुर में निजी कोचिंग संस्थानों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हमला, पति-पत्नी ने मिलकर की मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में एक खौफनाक घटना सामने आई है, जिसमें पुराने विवाद को लेकर पति-पत्नी ने मिलकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई की और फिर उस पर ब्लेड से हमला कर दिया।

इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार, राहुल जाधव (30) निवासी राजकिशोर नगर अटल आवास, जो कि एक ड्राइवर है, शनिवार रात करीब 12.30 से 12.45 बजे के बीच अपने घर के पास था। उसी समय कार्तिक गुप्ता और उनकी पत्नी आकांक्षा गुप्ता बाइक से वहां आए और राहुल को बुलाया। राहुल दोनों को पहले से जानता था, इसलिए उसने उन्हें मिलने में कोई आपत्ति नहीं जताई। लेकिन जैसे ही दोनों ने राहुल से बातचीत शुरू की, पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू हो गई। इस विवाद के बीच, पति-पत्नी ने मिलकर राहुल की लात-घूसों से पिटाई कर दी।

विरोध करने पर दोनों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच, कार्तिक गुप्ता ने अपने पास रखे ब्लेड से राहुल पर हमला कर दिया। इससे युवक के गले और शरीर के अन्य हिस्सों से खून बहने लगा। घटना के दौरान आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद घायल राहुल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। इस घटना ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था और आपसी विवादों की गंभीरता को उजागर किया है। पुलिस ने कहा है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना ने यह भी साबित किया है कि पुरानी रंजिशें कितनी खतरनाक हो सकती हैं, इसलिए सभी से शांति और समझदारी से काम लेने की अपील की गई है।

जिले में 28.81करोड़ की लागत से दो सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने जिले में दो सड़क निर्माण कार्यों के लिए 28.81 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्रालय रायपुर के लोक निर्माण विभाग से 7 नवंबर को इस आशय के प्रशासनिक स्वीकृति आदेश जारी कर दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के ईई सीएस विंध्यराज ने बताया कि स्वीकृत कार्यों के तहत सीपत- बलोदा - कोरबा मार्ग पर 14.40 किलोमीटर लंबाई तक सड़क मजबूतीकरण कार्य के लिए 20.41 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की गई है। दूसरी सड़क जिले की हथनी नवागांव, गोड़ी उड़गन मार्ग है जिसकी लंबाई 5.75 किलोमीटर है। इसके निर्माण के लिए विभाग द्वारा 8.40 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है। दोनों कार्य वर्ष 2024 -25 के बजट में शामिल हैं। कार्य की टीएस और टेंडर की प्रक्रिया जल्द शुरू की जा रही है। लंबी प्रतीक्षा के बाद सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने से इस सड़क से होकर आने जाने वाले लोगों ने खुशी जताई है।

एडवोकेट्स ने की एसआईटी जांच की मांग, नदी में मिली थी लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट अधिवक्ता राहुल अग्रवाल की संदिग्ध मौत का मामला अब गरमाता जा रहा है। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का मामला बताया था। इस बात को लेकर वकील के घर वालों ने आपत्ति जताई थी और अब हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट्स का एक प्रतिनिधिमंडल भी एसआईटी जांच की मांग को लेकर बिलासपुर कलेक्टर से मुलाकात करने पहुंचा। कलेक्टर ने उन्हें एसएसपी से चर्चा कर उचित जांच का आश्वासन दिया है।

पर्यटक

भूटान से आए बच्चों ने कहा यहां की खूबसूरती और नेचर हमारे देश से भी ज्यादा मनमोहक

अचानकमार में पर्यटकों की भीड़, बाहरी राज्यों और देशों से आने लगे सैलानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर का अचानकमार टाइगर रिजर्व एक बार फिर पर्यटकों से गुलजार हो गया है। घने जंगल, हरियाली, पहाड़ों की खूबसूरती और वन्यजीवों की झलक अब देश ही नहीं, विदेशों से आए मेहमानों को भी अपनी ओर खींच रही है। वन विभाग की नई पहल और सफारी सुविधाओं में सुधार के बाद यहां रोजाना बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। हाल ही में भूटान से आए स्कूली बच्चों का एक दल अचानकमार पहुंचा। बच्चों ने यहां के प्राकृतिक वातावरण, स्वच्छ हवा और शांत माहौल की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भूटान को भले ही दुनिया का सबसे खुशहाल देश माना जाता है, लेकिन अचानकमार की हरियाली और नेचर ने उन्हें अपने देश से भी ज्यादा सुकून दिया।वन विभाग ने बच्चों को जंगल के बारे में करीब से जानने का अनुभव देने के लिए एक किलोमीटर लंबा पैदल ट्रैक कराया।

इस दौरान बच्चों ने बाइसन, हिरण, चीतल और पक्षियों की कई प्रजातियां देखीं। सभी ने कहा कि यह ट्रैक न सिर्फ एडवेंचर से भरा था बल्कि प्रकृति के प्रति जागरूकता भी बढ़ाने वाला रहा।पर्यटकों ने बताया कि अचानकमार का वातावरण लगभग प्रदूषण मुक्त है और यहां की सफाई व नेचर के साथ तालमेल अद्भुत है। बच्चों ने यहां के वन्यजीवों को देखकर उत्साह व्यक्त किया और कहा कि अगर ऐसी जगहों को और विकसित किया जाए तो ये विश्व स्तर पर पर्यटकों को आकर्षित कर सकती हैं।

वन विशेषज्ञों का कहना है कि अचानकमार जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन के लिहाज से छत्तीसगढ़ का अनमोल धरोहर है। यह क्षेत्र बाघ, तेंदुआ, बाइसन और दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियों से समृद्ध है। अगर पर्यटन सुविधाओं को और बेहतर किया जाए तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए पर्यटन का बड़ा केंद्र बन सकता है वन विभाग ने भी पर्यटकों की सुविधा के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

पर्यटकों से गुलजार हुआ

बिलासपुर का अचानकमार टाइगर रिजर्व एक बार फिर पर्यटकों से गुलजार हो गया है। घने जंगल, पहाड़ों की खूबसूरती, हरियाली और वन्यजीवों की झलक अब देश-विदेश से सैलानियों को आकर्षित कर रही है। वन विभाग की नई पहल और बेहतर सफारी सुविधाओं के कारण यहां रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। हाल ही में भूटान से आए स्कूली बच्चों ने यहां के स्वच्छ वातावरण, शांत माहौल और प्राकृतिक सुंदरता की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अचानकमार की हरियाली ने उन्हें अपने देश से भी अधिक सुकून दिया।

न्यूज गैलरी

आधार में नाम-पता बदलना होगा 'वन-टच', यूआईडीएआई लाया फेस-आईडी वाला नया ऐप

नई दिल्ली। आज के डिजिटल युग में आधार कार्ड बैंकिंग से लेकर सब्सिडी योजनाओं तक हर जगह हमारी डिजिटल पहचान बन चुका है। लेकिन अगर आपके आधार में नाम, पता या जन्मतिथि गलत हो, तो यह आपके लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर सकता है।इसी कमी को दूर करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण एक नया ऐप पेश किया है। यह ऐप आधार सेवा केंद्रों की लंबी कतारों, केंद्र जाने की झंझट और कागजी प्रक्रिया को खत्म कर देगा। अब बस कुछ ही क्लिक में आप अपने डेटा को सही और सुरक्षित रूप से अपडेट कर पाएंगे।इस नए ऐप का मुख्य उद्देश्य आधार कार्ड से जुड़ी जन-सांख्यिकीय जानकारी, जैसे- नाम, पता, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर को अपडेट करना आसान बनाना है। अभी तक ऐसे अपडेट के लिए अक्सर आधार सेवा केंद्रों पर जाना पड़ता था, जहां लंबी लाइनें लगती थीं और काफी समय खर्च होता था। यह नया ऐप उस परेशानी को खत्म कर देगा।यह ऐप घर बैठे, आसानी से और सुरक्षित तरीके से काम करेगा, जिसमें कई आधुनिक तकनीकें शामिल होंगी। ऐप लॉग-इन करते समय पहले आपके चेहरे को स्कैन करेगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वही व्यक्ति ऐप का इस्तेमाल कर रहा है। जब आपको अपनी पहचान साझा करनी हो, तो आप ऐप में बने त्तक्र कोड को स्कैन करा सकते हैं। आप यह भी तय कर सकते हैं कि नाम-फोटो के अलावा अन्य जानकारी (जैसे पता या जन्मतिथि) सामने वाले को दिखे या नहीं। आप ऐप के जरिए ही अपने बायोमेटऋिक्ष्ट्स को लॉक कर सकते हैं, जिससे उनका अनधिकृत उपयोग रोका जा सकेगा। ऐप में ऐसे इंतज़ाम हैं कि त्तक्र कोड स्कैन कर आधार की पुष्टि इंटरनेट के बिना भी संभव होगी, जो कम नेटवर्क वाले इलाकों में बहुत उपयोगी रहेगा।इस ऐप का इस्तेमाल करने के लिए आपका मोबाइल नंबर आधार से लिंक होना अनिवार्य है। सुधार करने के लिए, आपको आवश्यक दस्तावेज़ (जैसे पासपोर्ट, वोटर आईडी, बिजली बिल आदि) डिजिटल रूप से अपलोड करने होंगे। हालांकि, ढ्ढष्ठ्ढ ने स्पष्ट किया है कि अगर किसी को बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिंट या आईरिस) अपडेट करना हो, तो उसके लिए संभवतः पहले की तरह ही आधार सेवा केंद्र जाना पड़ेगा। ऐप के लॉन्च और उपलब्धता की तारीख अभी पूरी तरह नहीं बताई गई है, लेकिन उम्मीद है कि इसे वर्ष 2025 के अंत तक यूजर्स के लिए जारी किया जा सकता है।

इस बीईएसएस प्रोजेक्ट की एनर्जी क्षमता 1,126 मेगावाट होगी और एनर्जी स्टोरेज क्षमता 3,530 मेगावाट होगी

अदाणी समूह ने सबसे बड़े सिंगल-लोकेशन प्रोजेक्ट के साथ बैटरी एनर्जी स्टोरेज सेक्टर में एंट्री की

अहमदाबाद। अदाणी समूह ने मंगलवार को बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सेक्टर में एंट्री का ऐलान किया है, जिसमें समूह 1,126 मेगावाट/3,530 मेगावाट-घंटे (एमडब्ल्यूएच) की क्षमता वाले प्रोजेक्ट को तैयार कर रहा है, जिसे मार्च 2026 तक चालू किया जाएगा।

अदाणी समूह इस प्रोजेक्ट के तहत 700 से अधिक बीईएसएस कंटेनर्स स्थापित करेगा, जो इसे भारत में सबसे बड़ा और दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-लोकेशन बीईएसएस प्रोजेक्ट बनाता है। इस बीईएसएस प्रोजेक्ट की एनर्जी क्षमता 1,126 मेगावाट होगी और एनर्जी स्टोरेज क्षमता 3,530 मेगावाट होगी।अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, एनर्जी स्टोरेज रिन्यूएबल एनर्जी के भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट के साथ, हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं, बल्कि भारत की एनर्जी स्वतंत्रता और स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत कर रहे हैं। यह पहल हमें बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ और किफायती एनर्जी सॉल्यूशंस प्रदान करने में सक्षम बनाएगी।इस रणनीतिक प्रवेश के साथ, अदाणी समूह बड़े पैमाने पर स्टोरेज इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश करने वाले ग्लोबल एनर्जी लीडर्स की श्रेणी में शामिल हो गया है।

कंपनी ने बताया कि इस रणनीतिक पहल से भारत को एनर्जी सिक्योरिटी और 24 घंटे स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।बीईएसएस पीक लोड दबाव को कम करने, ट्रांसमिशन कंजेशन को कम करने और सौर ऊर्जा कटौती को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे ग्रिड की विश्वसनीयता और दक्षता में सुधार होगा। यह प्रोजेक्ट दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट खावड़ा में स्थापना के एडवांस स्टेज में है, और इसे अत्याधुनिक लिथियम-आयन बैटरी तकनीक के साथ विकसित किया जा रहा है और मजबूत प्रदर्शन और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए एडवांस एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम के साथ एकीकृत किया जा रहा है।अदाणी समूह ने कहा कि यह प्रोजेक्ट पीक लोड मैनेजमेंट और एनर्जी शिफ्टिंग में सहायक होगी, जिससे पावर सेक्टर को कार्बन-मुक्त करने में मदद मिलेगी।अदाणी समूह की योजना मार्च 2027 तक अतिरिक्त 15 गीगावाट घंटा बीईएसएस क्षमता स्थापित करने की है, जिसका लंबी अवधि का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में कुल 50 गीगावाट घंटा क्षमता प्राप्त करना है।

रियल एस्टेट की गुणवत्ता और कर्मचारी अनुभव के मामले में भी तेजी से विकसित हो रहा है

भारत में ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की मांग 2025 में 70 मिलियन स्क्वायर फीट तक पहुंचने का अनुमान

बेंगलुरु। वैश्विक अस्थिर व्यापारिक माहौल के बीच भारत के शीर्ष सात शहरों में ग्रेड ए ऑफिस स्पेस की मांग मजबूत बनी हुई है और यह 2025 में 70 मिलियन स्क्वायर फीट पहुंचने का अनुमान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, नई आपूर्ति करीब 60 लाख स्क्वायर फीट रहने का अनुमान है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में कॉरपोरेट्स वर्कप्लेस को लेकर बड़े फैसले ले रहे हैं और अपनी विविध वर्कफोर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए क्वालिटी और हाइब्रिड मॉडल्स आदि में निवेश कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख ऑफिस मार्केट्स में वर्कस्पेस में हाइब्रिड वर्क, समावेशी रणनीतियां, कर्मचारी आवश्यकताओं को करना, स्थिरता को अपनाना और तकनीकी दक्षता सबसे प्रमुख घटक रहने की संभावना है। बड़ी बात यह है कि भारतीय ऑफिस बाजार पहले से ही अन्य बाजारों की तुलना में समावेशिता और स्थिरता को अधिक प्राथमिकता देता है।

कोलियर्स के एमडी (ऑफिस सर्विसेज, इंडिया) अर्पित मेहरोत्रा ने कहा, भारतीय कॉरपोरेट्स स्पष्ट रूप से स्थिरता और गुणवत्ता की ओर बढ़ रहे हैं, जो 2026 और उसके बाद वर्कस्पेस डेवलपमेंट के अगले चरण को गति प्रदान करेगा। आगामी ग्रेड ए आपूर्ति में 80 प्रतिशत से अधिक के ग्रीन-सर्टिफाइड होने की संभावना पर्यावरणीय लक्ष्यों के प्रति उद्योग की प्रतिबद्धता दिखाता है।

भारत का ऑफिस मार्केट न केवल विस्तार कर रहा है, बल्कि रियल एस्टेट की गुणवत्ता और कर्मचारी अनुभव के मामले में भी तेजी से विकसित हो रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि फ्लेक्स स्पेस ने भी खुद को भारत के ऑफिस मार्केट के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में स्थापित कर लिया है। कोलियर्स इंडिया के नेशनल डायरेक्टर और रिसर्च हेड विमल नादर ने कहा ये स्पेस स्केलेबल समाधान प्रदान करते हैं जो कंपनियों को विकास और अनिश्चितता को सहजता से प्रबंधित करने में सक्षम बनाते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में इनके बढ़ते उपयोग के साथ, फ्लेक्स स्पेस की हिस्सेदारी अगले कुछ वर्षों में ग्रेड ए कार्यालय की मांग का लगभग 20 प्रतिशत हो सकती है।

बजाज फिन्सर्व ऐसेट मैनेजमेन्ट लिमिटेड ने 'बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ फंड लॉन्च किया

रायपुर/नवप्रदेश। भारत की तेज़ी से बढ़ती वित्तीय विकास गाथा का लाभ उठाते हुए, बजाज फिन्सर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना, बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड, की शुरुआत की घोषणा की है। यह नया फंड ऑफर (ह्रस्नह्र) 10 नवंबर 2025 को सदस्यता के लिए खुलेगा और 24 नवंबर 2025 को बंद होगा। इस फंड को निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज टीआरआई के समकक्ष बेंचमार्क किया गया है।

बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, गणेश मोहन ने कहा, ÷जैसे-जैसे भारत विकसित भारत की ओर अग्रसर होगा और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा, वित्तीय सेवा क्षेत्र इस विकास को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत की बढ़ती समृद्धि और उम्मीदें विभिन्न वित्तीय सेवाओं जैसे ऋण, बीमा, निवेश, भुगतान और पूँजी बाजार उत्पादों में उल्लेखनीय वृद्धि को गति प्रदान करेंगी। बीएफएसआई भारत के विकास का केंद्रबिंदु बनता जाएगा और अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ घरेलू और विदेशी, दोनों तरह के पूँजी स्रोतों को आकर्षित करेगा। हमारा मानना है कि यह समर्पित थीमैटिक फंड निवेशकों को इस मेगाट्रेंड में भाग लेने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है, जो संपूर्ण वित्तीय सेवा क्षेत्र में अवसरों की पहचान करेगा और इन क्षेत्रों में भविष्य की वृद्धि से लाभ उठाने की कोशिश करेगा। यह फंड बजाज फिन्सर्व म्यूचुअल फंड्स की मेगाट्रेंड्स रणनीति पर आधारित है। इसका लक्ष्य बैंकों, एनबीएफसी, बीमा कंपनियों, एएमसी तथा अन्य पूंजी-बाजार भागीदारों को शामिल करते हुए, भारत के विकसित हो रहे वित्तीय पारिस्थिति की तंत्र से अवसरों का लाभ उठाने के लिए एक विविध पोर्टफोलियो तैयार करना है। यह लगभग 180-200 मेगाट्रेंड्स क्षेत्र से चुने गए 45-60* शेयरों में निवेश करेगा, जो दीर्घकालिक संरचनात्मक रुझानों के अनुरूप होंगे। यूपीआई अपनाने, डिजिटल ऋण देने, जन धन पहल और एनबीएफसी, म्यूचुअल फंड और बीमा में बढ़ती भागीदारी जैसे मेगाट्रेंड द्वारा समर्थित यह योजना लंबी अवधि के निवेशकों के लिए बनाई गई है।

खेल, मनोरंजन

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम स्पोर्ट्स सिटी बनेगी, सरकार ने शुरू की तैयारियां

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस परियोजना के तहत मौजूदा स्टेडियम को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा, ताकि यहां सभी प्रमुख खेलों के लिए सुविधाएं और खिलाड़ियों के ठहरने के लिए आवासीय परिसर तैयार किए जा सकें।

देश की राजधानी स्थित प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (जेएलएन स्टेडियम) को अब एक स्पोर्ट्स सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस परियोजना के तहत मौजूदा स्टेडियम को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा, ताकि यहां सभी प्रमुख खेलों के लिए सुविधाएं और खिलाड़ियों के ठहरने के लिए आवासीय परिसर तैयार किए जा सकें। मंत्रालय के सूत्र के अनुसार, यह योजना फिलहाल प्रस्ताव स्तर पर है, इसलिए अभी इसकी लागत और समयसीमा तय नहीं की गई है। सूत्र ने बताया, स्टेडियम को तोड़ा जाएगा। इसके अंदर मौजूद सभी दफ्तर जैसे नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा), नेशनल डोप टेस्टिंग लेबोरेटरी (एनडीटीएल) और आयकर विभाग को परियोजना शुरू होने पर अन्य जगह स्थानांतरित किया जाएगा।% उन्होंने कहा कि फिलहाल स्टेडियम की 102 एकड़ जमीन का उपयोग उसकी पूरी क्षमता के अनुसार नहीं हो रहा है। नया स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट सुनिश्चित करेगा कि यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की सुविधाएं, एथलीट्स के रहने की व्यवस्था और यहां तक कि मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित हो सकें। वर्तमान में स्टेडियम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) का मुख्यालय और सरकार की खेलो इंडिया परियोजना का दफ्तर भी स्थित है। सूत्रों के मुताबिक, यह परियोजना कई मंत्रालयों, विशेषकर शहरी विकास मंत्रालय के सहयोग से पूरी होगी। इसलिए इसके तुरंत शुरू होने की संभावना कम है। अधिकारी ने कहा, यह फिलहाल एक विचार है, लेकिन मंत्रालय इस दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ना चाहता है। मंत्रालय ने कतर और ऑस्ट्रेलिया की स्पोर्ट्स सिटीज का अध्ययन शुरू कर दिया है ताकि उनके आधार पर दिल्ली में योजना बनाई जा सके। खेल मंत्री मनसुख मांडविया हाल ही में दोहा गए थे, जहां उन्होंने वहां की स्पोर्ट्स सिटी का दौरा किया। दोहा की स्पोर्ट्स सिटी 617 एकड़ में फैली है, जिसमें फुटबॉल, तैराकी और 13 इनडोर खेलों की सुविधाएं हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न डॉकलैंड्स स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबॉल, रग्बी और अन्य खेल आयोजित किए जा सकते हैं। भारत में भी अहमदाबाद का सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एक उदाहरण है, जो 250 एकड़ में फैला है और लगभग 4600 करोड़ रुपये की लागत से बना था। सूत्र ने कहा, %दिल्ली का यह प्रोजेक्ट भी बड़े पैमाने पर होगा। इससे जेएलएन स्टेडियम की पुरानी और जर्जर संरचना को पूरी तरह नया रूप मिलेगा।

भारतीय रिकर्व पुरुष और कंपाउंड महिला तीरंदाजों का कमाल, एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में

स्पोर्ट्स डेस्क। गत चैंपियन कंपाउंड महिला टीम भी लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंच गई है जिससे भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में दो पदक पक्के कर लिए हैं। भारतीय रिकर्व तीरंदाज एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में पदक के लंबे सूखे को खत्म करने की दहलीज पर हैं जिन्होंने सोमवार को सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले में जीत के बाद स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई जहां उनका सामना दक्षिण कोरिया से होगा। गत चैंपियन कंपाउंड महिला टीम भी लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंच गई है जिससे भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में दो पदक पक्के कर लिए हैं। यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की पुरुष रिकर्व तिकड़ी ने काजाखस्तान को बेहद कड़े मुकाबले में 5-3 से हरा दिया।

आईएसएल शुरू करने की खिलाड़ियों की गुहार

मुंबई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने हाल ही में बताया था कि 16 अक्तूबर को लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए जारी आरएफपी (रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) पर किसी भी कंपनी ने बोली नहीं लगाई। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र तुरंत शुरू करने की मांग की है। खिलाड़ियों का कहना है कि लीग शुरू होने में लगातार हो रही देरी से उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल चुकी है।

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्रकरण क्रमांक अ 27/25-26 क्योंकि मौजा-मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली के सह भूस्वामी भरतनाथ पुत्र बावननाथ जाति जोगी निवासी मुंगेली ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है। एवं सुनवाई दिनांक 21.11.25 स्थान तह. कार्या. मुंगेली जिला मुंगेली 11.00 बजे नियत किया गया है उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित या स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि के द्वारा हाजिर हो एवं अपनी आपत्ति आक्षेप यदि कोई हो तो पेश करें।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में किसी पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदक का मोबाईल नंबर ...

खाते का विवरण

सर्वेक्षण संख्यांक/भू खंडांक ख.नं.	क्षेत्रफल रकबा	भू राजस्व
86/1	0.340 हे.	

जारी 04/11/2025

सील — **तहसीलदार मुंगेली**

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण सूचना

आदेश क्रमांक 5069/वलेस/2025 कवर्धा, दिनांक 04/11/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक- 177083 प्रथम निविदा सूचना क्रमांक 07/वलेस/2025-26/ कवर्धा, दिनांक 08/10/2025 कबीरधाम जिले के विकासखंड- बोड़ला की सकरी नदी पर ग्राम रेंगाखार पंचायत के आश्रित ग्राम कोडार में तटबंध निर्माण कार्य हेतु प्रथम आमंत्रित निविदा में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या एकल होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

जी.नं.- 252604046/4

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

जी-252604641/5

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सरगुजा (छ.ग.)

फोन एवं फैक्स नं. 07774-224332, ई मेल mining.surguja@gmail.com

क्रमांक/2001/खनिज/खलि.2/रेत/2025 अम्बिकापुर, दिनांक 31/10/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन पट्टा खदान आबंटन हेतु इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स आक्शन)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला सरगुजा द्वारा छ.ग. गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के नियम-7 के तहत इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स आक्शन) के माध्यम से रेत खदान हर्रामार, ग्राम पंचायत हर्रामार तहसील मैनपाट को आबंटन किया जाना है जिस हेतु आर्हता प्राप्त बोलीदार इलेक्ट्रानिक्स-नीलामी (रिवर्स आक्शन) में भाग ले सकता है।

इलेक्ट्रानिक-नीलामी (रिवर्स आक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 07 दिवस आरंभिक तिथि दिनांक 24.11.2025 (10:00 AM) से अंतिम तिथि 30.11.2025 (5:30 PM) तक आनलाईन MSTC के पोर्टल https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp के माध्यम से स्वीकार की जावेगी। निविदा के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी MSTC पोर्टल. खनिज साधन विभाग की वेबसाईट https://chhattisgarhmines.gov.in/ जिला कार्यालय की वेबसाईट तथा कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला सरगुजा (छ.ग.) एवं संबंधित ग्राम पंचायत/ जनपद पंचायत/ जिला पंचायत भवन के सूचना पटल पर अवलोकन कर प्राप्त कर सकता है।

कलेक्टर जिला सरगुजा (छ.ग.)

जी-25260463८/3

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 2567/Zone-5/2025 **RAIPUR DATED: 10.11.2025**

Online bids are invited for the following works up to **02.12.2025 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/ Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	179097	जोन क्र 05 अंतर्गत उद्यान विभाग हेतु 10 अकुशल श्रमिक प्लेसमेंट के माध्यम से उपलब्ध कराने बाबत।	Rs. 19.97 lacs

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **11.11.2025 10.30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.

2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk** at **Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER ZONE-5 MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

ग्राम भीरावाही तहसील कांकेर

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका भारती सिन्हा पति राकेश सिन्हा जाति कलार निवासी शिवनगर वार्ड कांकेर, तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) द्वारा ग्राम भीरावाही तहसील कांकेर स्थित उनके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 107/18 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु आवेदन पेश किया गया है, जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/11/2025 को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

Email ID-cshospital.ambikapur@gmail.com

क्रमांक / स्टोर/2025-26/5522 अम्बिकापुर दिनांक - 10/11/2025

//निविदा सूचना//

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर सरगुजा छत्तीसगढ़ की ओर से **1. औषधि 2. चिकित्सा सामग्री** के निर्माताओं तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से औषधि एवं चिकित्सा सामग्री को प्रदाय करने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय के वेबसाईट http//www.gmcambikapur.co.in में अवलोकन कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि- **दिनांक 12.12.2025** समय दोपहर 03.00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथि- **दिनांक 12.12.2025** शाम 04.00 बजे ।

स्थान - कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सबद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.

जी-252604659/3

पुश्तैनी जमीन के लिए ठंड में भूख हड़ताल पर बैठा परिवार

■ कलेक्टर ने 10 सदस्यीय टीम बनाकर जांच शुरू कराई

रायपुर/गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले से एक भावनात्मक मामला सामने आया है। अमलीपदर तहसील के खरीपथरा गांव निवासी मुरहा नागेश अपनी पुश्तैनी जमीन का हक पाने के लिए कड़कती ठंड में परिवार सहित गांधी मैदान में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं।

मुरहा नागेश के नाम से खसरा क्रमांक 1/83 में दर्ज 2.680 हेक्टेयर भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जे की कोशिश की थी। अगस्त माह में भी उन्होंने इसी जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए भूख हड़ताल की थी। तब तहसीलदार ने उनके पक्ष में आदेश देकर कब्जा दिलाया था। लेकिन बाद में अपील में एसडीएम ने तहसीलदार के आदेश को खारिज कर दिया।

फसल उगाने के बाद फिर छिना हक

एसडीएम का आदेश आने के बावजूद प्रशासन ने मुरहा को दोबारा कब्जा दिलाया, जिसके बाद उन्होंने खेत में फसल भी उगाई। लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ। कुछ लोगों ने फिर से उनकी फसल चौपट कर दी। इसी से आहत होकर मुरहा अब एक बार फिर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं और स्थाई कब्जा दिलाने की मांग कर रहे हैं।

कलेक्टर ने गठित की जांच टीम

स्थिति को देखते हुए कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने 10 सदस्यीय टीम बनाई है, जिसमें एसडीएम तुलसी दास मरकाम, अमलीपदर तहसीलदार सुशील कुमार भोई, भू-अभिलेख सहायक अधीक्षक विजय सिंह और चैतन राम कोड़प्पा सहित आरआई-पटवारी शामिल हैं। यह टीम पिछले तीन दिनों से गांव में बंदोबस्त सुधार का कार्य कर रही है। तहसीलदार भोई के अनुसार, ÷1954 के रिकॉर्ड की मैपिंग कर पुराना और नया रकबा मिलाया जा रहा है। भौतिक निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आंकलन करने के बाद बटांकन और काश्त-कब्जे के आधार पर अंतिम सुधार किया जाएगा।

बंदोबस्त त्रुटि बनी विवाद की जड़

इस विवाद की जड़ बंदोबस्त त्रुटि है। रिकॉर्ड के अनुसार, 1954 से लेकर 1986 तक खसरा क्रमांक 1/83 में मुरहा नागेश का नाम दर्ज था। लेकिन 1990 में हुए बंदोबस्त सुधार के दौरान यह रिकॉर्ड बदलकर दो नए खसरा क्रमांक 778 और 682 में बांट दिया गया। इन नए रिकॉर्ड में मोतीराम सहित चार अन्य किसानों के नाम दर्ज हो गए, जिससे राजस्व विभाग की मुश्किलें बढ़ गईं।

प्रशासन के लिए चुनौती बना विवाद

गांव के करीब 360 किसानों के रकबे में भी गड़बड़ी सामने आई है। ऐसे में प्रशासन अब पूरे गांव का नया सर्वेक्षण कर रहा है। यह कार्य पूरा होने के बाद ही मुरहा नागेश सहित अन्य किसानों को स्थाई रूप से उनकी जमीन का अधिकार मिल सकेगा।

मंत्रालयीन कर्मचारी 21 को आईडी कार्ड करेंगे वापस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ, मंत्रालय प्रवेश के लिए बनाए गए आईडी कार्ड में संशोधन नहीं होने से नाराज है। अधिकारी-कर्मचारियों की मांग है कि उनके आईडी कार्ड में मंत्रालय, महानदी भवन अंकित किया जाए, लेकिन इस मांग के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संघ के अध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि गत 16 अक्टूबर को संघ की आमसभा की बैठक में आईडी कार्ड वापस करने का निर्णय लिया गया है, इसलिए 7 नवंबर तक सभी अधिकारी-कर्मचारियों का आईडी कार्ड जमा करने का निर्णय लिया गया है। इस दिशा में आईडी कार्ड सरेंडर अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने अभी तक आईडी कार्ड सरेंडर नहीं किया है, उनसे आग्रह है कि आगामी 21 नवंबर को आईडी कार्ड वापस करने के अभियान को सफल बनाए।

सीमांत किसानों को 2 और बड़े किसानों को 3 टोकन देने की अनुमति

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के पंजीकृत किसानों के लिए धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए एक नया कदम उठाया है। अब किसान ऽटोकन तुंहर हाथऽनामक मोबाइल ऐप के माध्यम से धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त कर सकेंगे। यह एप किसानों को धान विक्रय की तारीख, उनकी भूमि, बैंक खाता और धान खरीदी से जुड़ी सारी जानकारी प्रदान करेगा। टोकन सुबह 8 बजे से विशेष रूप से ऽतुंहर टोकनऽ एप के माध्यम से जारी किए जाएंगे। सोसाइटी संचालक द्वारा 9.30 बजे से टोकन जारी किए जा सकेंगे। टोकन अगले 7 खरीदी दिनों के लिए उपलब्ध होंगे। लघु और सीमांत किसानों को अधिकतम 2 टोकन और बड़े किसानों को 3 टोकन की अनुमति दी जाएगी। टोकन जारी करने में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है, जिससे किसानों की पहचान सत्यापित की जाएगी और उनकी बिना सहमति के कोई टोकन जारी नहीं होगा। किसानों को इस नए प्रणाली के तहत अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 पर संपर्क करने का विकल्प भी दिया गया है। यह नई व्यवस्था किसानों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी और धान विक्रय की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएगी।

अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव, विजेता राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे

भिलाई/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव 2025-26 के आयोजन की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों के लिए यह युवा उत्सव सोमवार से शुरू हो गया, जो 12 नवंबर तक चलेगा। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह युवा उत्सव राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 39वें अंतर विश्वविद्यालयीन युवा उत्सव नई दिल्ली में होगा। इस आयोजन के अंतर्गत चयनित प्रतिभागियों को एआईयू के नियमों के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व के अवसर मिलेंगे। प्रत्येक महाविद्यालय से प्रति विषय अधिकतम एक प्रतिभागी ही शामिल हो सकेगा। समूह लोकनृत्य, जनजातीय नृत्य और स्किट (नाट्य प्रस्तुति) जैसे समूह विधाओं में एक ही टीम भाग ले सकेगी।
युवा उत्सव में कुल 13 विधाओं को शामिल किया गया है। इनमें वाद-विवाद (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम), तात्कालिक भाषण (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम), निबंध, स्किट, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कोलाज, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग, रंगोली और समूह लोक/जनजातीय नृत्य प्रमुख हैं। विश्वविद्यालय ने बताया कि इस अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव के विजेता 29वीं सेंट्रल जोनल महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। आयोजन 25 से 29 नवंबर 2025 के बीच किया जाएगा। इस दौरान चयनित प्रतिभागी विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी कला, वक्तत्व, सृजनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। युवा उत्सव न केवल छात्रों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देगा, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का भी अवसर देगा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के इस पहल से प्रदेश के युवाओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

विधायक रिकेश के प्रस्ताव पर विकास कार्यों के लिए 24.29 करोड़ स्वीकृत

भिलाई/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में अनेक विकास कार्यों के लिए 24 करोड़ 29 लाख 72 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। विधायक रिकेश सेन ने लगभग 24 स्थानों के लिए होने वाले इन आवश्यक कार्यों के लिए स्वीकृति दिए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव का आभार व्यक्त किया है। वैशाली नगर विधानसभा के प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला, नेहरू नगर, जुवानी, खम्हरिया, कैलाश नगर, घासीदास नगर, कुरूद, बैकुंठ धाम, जवाहर नगर सहित लगभग दो दर्जन क्षेत्रों के लिए अनेक विकास कार्यों का प्रस्ताव विधायक रिकेश सेन ने राज्य सरकार को भेजा था जिसे प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। विधायक सेन ने बताया कि प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक एवं प्राकृतिक फुटबॉल मैदान निर्माण कार्य के लिए 4 करोड़ 45 लाख 60 हजार रूपए, नेहरू नगर अंतर्गत 66 एमएलडी डब्ल्यूटीपी के वेस्ट वाटर से तालाब भरने के लिए खम्हरिया माइनर नहर का आरसीसी कव्हर सहित लाईनिंग कार्य के लिए 1 करोड़ 84 लाख 62 हजार की स्वीकृति मिली है। रानी अवंति बाई सरोवर सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड़ 79 लाख 52 हजार मंजूर हुआ है। , नेहरू नगर अंतर्गत कोसा। नगर रेल्वे स्टेशन शहरी गौठान के पश्चिम में नाला चैनेलाईजेशन कार्य के लिए 1 करोड़ 38 लाख 5 हजार, वार्ड-18 कान्ट्रेक्टर कॉलोनी लाल बहादुर शास्त्री हॉस्पिटल तक साक्षरता चौक तक सर्विस रोड का चौड़ीकरण एवं डामरीकरण कार्य 1 करोड़ 15 लाख, 84 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। इसके अलावा सड़क नाली निर्माण समेत अन्य कार्यों के लिए भी राशि स्वीकृत हुई है।

मोहारा एनीकट के गेट बंद नहीं, लापरवाही भारी न पड़ जाएं!

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बारिश खत्म हुए महीना बीत चुका है, लेकिन शिवनाथ नदी में बने एनीकटों के गेट अब तक बंद नहीं किए गए हैं। जल संसाधन विभाग की इस लापरवाही ने नदी को समय से पहले सूखने की कगार पर ला दिया है। मोहड़-धामनसरा घाट पर बना एनीकट तो पूरी तरह खाली नजर आ रहा है। सामने जमा भारी सिल्ट की सफाई तक नहीं की गई, नतीजा- एनीकट का हाल गर्मी के मौसम जैसा हो गया है। शिवनाथ नदी में जल संरक्षण के लिए हर तीन किलोमीटर पर एनीकट बनाए गए हैं, ताकि सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त जलभराव बना रहे, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते अब ये एनीकट शोपीस बनकर रह गए हैं। बारिश के दिनों में जहां गेट खोलने में देर की जाती है, वहीं अब समय रहते बंद न करने की लापरवाही से पानी का स्तर बुरी तरह गिर गया है।

जल संरक्षण को लेकर ढिलाई

एक तरफ जल संरक्षण को लेकर जिले में हुए कार्यों को लेकर केंद्र सरकार की ओर सराहना और पुरस्कार मिल चुका है, लेकिन यहां शिवनाथ नदी में में जल संरक्षण को लेकर विभाग के अफसरों की लापरवाही सामने आ री है। जनता सवाल पूछ रही है- जब बारिश खत्म होने के बाद भी एनीकट के गेट बंद नहीं होंगे, तो जल संरक्षण की योजनाओं का आखिर मतलब क्या रह जाता है? इस संबंध में जानकारी लेने जल संसाधन विभाग के ईई निलेश रामटेके को फोन किया गया, उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

लीकेज की दिक्कत : मोखला एनीकट की स्थिति और भी खराब है। वहां लीकेज की वजह से पानी रुक ही नहीं रहा। ऊपर से सिल्ट जमाव ने हालात बिगाड़ दिए हैं। बाढ़ में क्षतिग्रस्त एनीकटों की मरम्मत तक नहीं की गई। विभाग के अफसरों की अनदेखी से जलस्रोत सूखते जा रहे हैं और किसान चिंतित हैं।

गर्मी में होगी समस्या

मोहड़-धामनसरा एनीकट के पास बने इंटकवेल तक अब पानी पहुंच ही नहीं रहा। किसानों को सिंचाई के लिए बनाई गई पाइपलाइन बेकार पड़ी है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले गर्मी के दिनों में पानी के लिए हाहाकार मचना तय है।

अमित बघेल की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है। आरोपी के खिलाफदेवेन्द्रनगर एवं कोतवाली थाने में हेट स्पीच का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही गिरफ्तारी में मदद करने वालों को 5 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद पुलिस आरोपी की फरारी में मदद करने वालों के खिलाफभी कानूनी कार्रवाई कर सकेगी।

एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने संगठन प्रमुख के साथ अन्य नेताओं के खिलाफभी जुर्म दर्ज होने की जानकारी देते हुए उनकी गिरफ्तारी का प्रयास जारी होने की बात कही है। एसएसपी ने लोगों से किसी भी धर्म या समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी नहीं करने की अपील भी की है। पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। पुलिस आरोपी अमित बघेल के रोहणीपुरम स्थित निवास में जाकर जांच कर चुकी है। इसी तरह संगठन के अन्य नेताओं अजय यादव एवं शिवेन्द्र वर्मा के भी निवास में पुलिस दल पहुंचा। हालांकि पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी की जानकारी अभी नहीं दी है।

मप्र, महाराष्ट्र, उप्र में भी केस दर्ज पुलिस सूत्रों के मुताबिक भगवान अग्रसेन एवं सिंधी समाज के ईष्टदेव पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में छग के चार शहरों के अलावा मप्र, महाराष्ट्र, उप्र और दिल्ली में भी अपराध दर्ज करने की जानकारी पहुंची है। कई राज्यों की पुलिस आरोपी के बारे में जानकारी मांग रही है।

मंत्रालय संवर्ग के 13 अफसर-कर्मी पदोन्नत, अहिरे बने संयुक्त सचिव

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ सचिवालय सेवा के 13 अधिकारी-कर्मचारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। इनमें एक संयुक्त सचिव, दो उप सचिव, पांच-पांच कर्मचारियों को अनुभाग अधिकारी व सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। उन्हें फिलहाल वर्तमान पदों पर ही रखा गया है। बाद में इनकी नई पदस्थापना की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के मुताबिक आवास व पर्यावरण विभाग के उप सचिव राजीव अहिरे को संयुक्त सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनकी पदस्थापना अलग से की जाएगी। वे वर्तमान पदस्थापना में यथावत कार्य करते रहेंगे। सहायक अनुभाग अधिकारी अशीष कुमार अग्रवाल महिला व बाल विकास, शबीहा परवीन खान खाद्य, ज्योति पटेल वित्त, स्नेहा यादव पंचायत व ग्रामीण विकास तथा मुकेश शाकार सामान्य प्रशासन विभाग को अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है।

अब 200 यूनिट बिजली खपत तक हाफ बिल करने पर विचार

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन हाफ बिजली बिल योजना में फिर बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। सरकार 100 यूनिट को बढ़ाकर 200 यूनिट तक खपत पर हाफ बिल का लाभप्रदेश के उपभोक्ताओं को दे सकती है। इस संबंध में ऊर्जा विभाग और पावर कंपनी के अधिकारियों में विचार-विमर्श हो रहा है। यदि सरकार हाफ बिल छूट की सीमा 200 यूनिट तक करती है तो बड़ी संख्या में उपभोक्ता लाभान्वित हो जाएंगे।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए हाफ बिजली बिल योजना प्रारंभ की थी। इस योजना के तहत 400 यूनिट तक खपत पर बिल में 50 फीसदी रियायत दी जाती थी। वर्तमान सरकार ने हाफबिल योजना में बदलाव कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत अब केवल 100 यूनिट तक ही हाफबिल का लाभ दिया जा रहा है। 100 से एक यूनिट भी अधिक होने पर

उपभोक्ता हाफ बिल योजना से वंचित हो जाते हैं। पुनरीक्षित हाफ बिल योजना 1 अगस्त से लागू हुई है। इस नई व्यवस्था से भारी भरकम बिल आने लगा है। इससे उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी देखी जा रही है। दरअसल उपभोक्ताओं पर बिजली दर में बढ़ोत्तरी और हाफबिल में बदलाव की दोहरी मार एक साथ पड़ी है।

इधर, सूत्रों से जानकारी मिली है कि सरकार अब हाफबिल की सीमा 100 यूनिट को बढ़ाकर 200 यूनिट करने पर विचार कर रही है। इस पर वही नियम लागू होगा जो अभी 100 यूनिट की खपत तक है अर्थात 200 से एक यूनिट अधिक होने पर उपभोक्ता को हाफ बिल का लाभ नहीं मिलेगा। हाल ही में हाफ बिल में पुनः बदलाव को लेकर उच्च स्तर पर चर्चा हो चुकी है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भी हाफ बिल का लाभ 200 यूनिट तक प्रदान करने सहमत हैं। इसकी घोषणा कब होगी, इस पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। हालांकि सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने अथवा 26 जनवरी को इसकी घोषणा की संभावना उच्च पदस्थ सूत्रों ने जताई है।

15 लाख से अधिक उपभोक्ता आएंगे दायरे में

प्राप्त जानकारी के अनुसार 100 यूनिट तक खपत पर हाफ बिल का लाभवर्तमान में 15 से 20 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा है। 100 से बढ़ाकर 200 यूनिट करने पर लगभग 15 लाख और उपभोक्ताओं को लाभमिलेगा। पूर्व की भांति योजना के तहत बिल की 50 फीसदी राशि शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में पावर वितरण कंपनी को प्रदान की जाती है। बताते हैं कि 400 यूनिट तक हाफबिल के दौरान शासन से कंपनी को लगभग 1260 करोड़ सालाना मिलते थे। योजना में बदलाव के बाद 100 यूनिट के बाद की पूरी राशि कंपनी को अब सीधे उपभोक्ताओं से मिल रही है।

पीएम सूर्यघर योजना पर जोर : हाफबिल योजना में बदलाव के बाद पीएम सूर्य घर योजना पर जोर दिया जा रहा है। पावर वितरण कंपनी का अमला पीएम सूर्य घर योजना में आवेदनों की संख्या बढ़ाने में जुटा हुआ है। पीएम सूर्यघर पोर्टल पर 87 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 86037 आवेदन अनुमोदित किए जा चुके हैं। वहीं 38,484 हितग्राहियों द्वारा वेंडर का चयन भी कर लिया गया है।

एचआईवी की गोपनीयता भंग की तो कार्रवाई तय

रायपुर/नवप्रदेश। एचआईवी से ग्रसित व्यक्तियों की चिकित्सकीय, व्यक्तिगत एवं पहचान संबंधी सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। गोपनीयता का उल्लंघन करने पर संबंधित डॉक्टर अथवा अस्पताल स्टॉफके खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि एचआईवी मरीज के लिए बनाए जाने वाले रजिस्टर, फाइल और कम्प्यूटर रिकॉर्ड में भी किसी तरह का पहचान चिन्ह नहीं लगेगा। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एनएसीओ) की अधिसूचना 2018 को याद दिलाते हुए एचआईवी मरीजों की गोपनीयता को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के समस्त अस्पतालों को गाइड लाइन जारी की है। कुछ माह पहले एचआईवी मरीज की पहचान उजागर करने को लेकर कोर्ट ने भी नाराजगी जताई थी। स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी निर्देश के अनुसार एचआईपी पॉजिटिव मरीज गोपनीयता हेतु यूनिवर्सल प्रिकॉशन्स संबंधी रिपोर्ट या स्थिति की जानकारी केवल संबंधित चिकित्सक और निर्धारित संक्रमण नियंत्रण अधिकारी तक सीमित रहे। रजिस्टर, फाइल कम्प्यूटर रिकॉर्ड या लेबल पर एचआईपी पॉजिटिव या कोई पहचान चिन्ह नहीं लगाया जाएगा।

हाई कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में आरोपी को राहत नहीं

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिले बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस को लेकर बड़ा अपडेट है। बिलासपुर जिला स्थित छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में आरोपी दिनेश चंद्राकर की जमानत याचिका खारीज कर दी है। वहीं, पीड़ित पक्ष की ओर से एडवोकेट प्रीतम सिंह ने जोरदार विरोध पेश किया।

SIT ने पेश की 1200 पन्नों की चार्जशीट

पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में SIT ने 75 दिनों की जांच के बाद 1200 से ज्यादा पन्नों की चार्जशीट पेश की है। SIT ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी सुरेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, रितेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके के खिलाफ चार्जशीट पेश की है।

सेप्टिक टैंक में मिला था शव

बता दें कि बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी 2025 की शाम से लापता थे। दो दिन बाद यानी 3 जनवरी 2025 को बीजापुर के चट्टानपारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की प्रॉपर्टी में सेप्टिक टैंक के अंदर से मुकेश का शव मिला था। आरोपियों ने मुकेश को डिनर के बहाने बुलाकर वार किया। चार आरोपियों ने मिलकर लोहे की रॉड से पत्रकार मुकेश के सिर, छाती, पेट और पीठ पर हमला कर दिया। इस हमले में जब पत्रकार मुकेश की मौत हो गई तो शव को सेप्टिक टैंक में दफना दिया।

जान पर खेलकर बचाई थी जवान की जान

बता दें कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर नक्सलियों के गढ़ में साहसी पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। 'बस्तर जंक्शन' नाम से उनका एक यूट्यूब चैनल था। उन्होंने कई बार अपनी जान की परवाह किए बिना नक्सलियों के चंगुल से जवानों को भी छुड़ाया। इस बात को पूरे देश ने तब जाना जब साल 2021 में बड़ी नक्सली मुठभेड़ हुई। इस नक्सली मुठभेड़ में 23 जवान शहीद हो गए थे। मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने एक जवान को कैद कर लिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद जाबांज पत्रकार मुकेश चंद्राकर नक्सलियों के पास गए और आग्रह कर जवान को रिहा कराया था। जवान को बाइक पर बैठाकर जब मुकेश वापस आए तो पूरे देश ने उनके साहस को सलाम किया।

चार आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में चारों आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्रकार, उसका भाई रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके को गिरफ्तार किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com